ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • पौष शुक्ल पक्ष 08 • विक्रम संवत 2079 • शुक्रवार, 30 दिसम्बर 2022 • वर्ष-23 • अंक-324 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



आलिया भट्ट ने 2022 का यादगार पल किया शेयर पेज 12

## NEWS इन ब्रीफ

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी

**नयी दिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 2023 में होनेवाले 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। 15 फरवरी से शुरू होकर परीक्षा पांच अप्रैल तक चलेगी। इस बार करीब 34 लाख से अधिक छात्रों ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। बोर्ड की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार क्लास 10 और 12 की प्रैक्टिकल परीक्षा, इंटर्नल असेसमेंट और प्रोजेक्ट वर्क 1 जनवरी 2023 से शुरू जायेंगे। वहीं, सबसे महत्वपूर्ण बात है कि विषयवार शेड्यूल संबंधित स्कूल जारी करेंगे।

### लालपुर थाना परिसर में लगी आग

**रांची।** राजधानी के लालपुर थाना परिसर में जब्त किये गये वाहनों में गुरुवार को आग लग गयी। गाड़ी में लगी आग काफी तेजी के साथ थाना परिसर में फैल गयी। इस अगलगी में जब्त किये गये कई दोपहिये वाहन जलकर राख हो गये। वहीं, आग लगने की घटना से थानाकर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### जंगल में छुपाकर रखे गये हथियार और कारतूस बरामद

**गुमला।** गुमला पुलिस के द्वारा छापामारी कर कई हथियार व कारतूस बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक अभियान के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर सघन तलाशी एवं छापामारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में महुआटोली से औरया के बीच दुमुहाना नदी के किनारे घने जंगल की बीच छुपा कर रखे एक कंट्रीमेड स्टेनगन राइफल तथा मैगजीन और नाइन एमएम की चार जिंदा गोली, दो सिंगल शॉर्ट देशी राइफल, 12 बोर की जिंदा गोली लोडेड बरामद किया गया।

### राज्य में बढ़ सकती है कनकनी

**रांची।** झारखंड में भी देश के उत्तरी हिस्से में हो रही बर्फबारी और सर्द हवाओं का असर दिख रहा है। इस वजह से पिछले दिनों राज्य के उत्तरी और मध्य हिस्से के जिलों में न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूर्वानुमान के अनुसार अगले 48 घंटों में दो से तीन डिग्री तक पारा और नीचे आने की संभावना है। न्यूनतम तापमान घटने से राज्य में ठंड बढ़ने के आसार हैं।

# सौगातों की बारिश

## विभिन्न योजना के लाभुकों के बैंक खातों में 951 करोड़ हस्तांतरित

**सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर राज्यवासियों को मिली कई सौगातें**

**सीएम ने कहा- लोगों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कार्य कर रही सरकार**

**आज पूरी क्षमता और ताकत के साथ विकास की गति को दे रहे हैं धार**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय सभागार में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जिस सोच और उद्देश्य के साथ काम कर रही है, उससे यहां के लोग भी आगे बढ़ेंगे और राज्य भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के तीन वर्ष पूरे हो गये। इस दौरान हमने कई उतार-चढ़ाव देखे। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से हमारा सामना हुआ। इस दौरान देश-दुनिया की तमाम व्यवस्थाएं ठप सी हो गई। झारखंड भी इससे अछूता नहीं रहा। लेकिन, हमारी सरकार ने इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। हमने हार नहीं मानी और इस आपदा को अवसर के रूप में लिया। इसी का नतीजा रहा कि आप सभी के सहयोग से इस महामारी से निपटने में कामयाब हुए। इसके उपरांत विकास की गति को तेज करने की संकल्पना के साथ कई योजनाओं को शुरू किया, जिसका लाभ आज राज्य के कोने-कोने में रहनेवाले लोगों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में काफी क्षमताएं हैं। यहां खनिज समेत वैसे सभी संसाधन मौजूद हैं, जो राज्य को विकास के मार्ग पर आगे ले जा सकते हैं। लेकिन, पिछले 20 वर्षों में किन्ही न किन्ही वजहों से राज्य में विकास का माहौल नहीं बन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




### लाभुकों संग मुख्यमंत्री हेमंत ने किया संवाद

**मुख्यमंत्री** ने इस अवसर पर समारोह में कुछ लाभुकों को अपने हाथों से योजनाओं का लाभ प्रदान किया। वहीं, विभिन्न जिलों में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के साथ ऑनलाइन संवाद भी किया। लाभुकों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं से उन्हें काफी लाभ पहुंच रहा है और उनके गांव-पंचायत में विकास कार्य काफी बेहतर तरीके से संचालित हो रहे हैं।

### अपेक्षाओं पर खरा उतर रही सरकार : आलम

**इस** अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। सरकार ने जो कहा है, उसे पूरा कर रही है। लोगों को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण विकास की कई योजनाएं धरातल पर उतर रही है। सरकार के कार्यों से हर तरफ हर्ष का माहौल है।

### सरकार ने बेहतरीन कार्य किये : सत्यानंद

**श्रम** मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों में विभिन्न चुनौतियों के बीच बेहतरीन कार्य किए हैं। सरकार की योजनाओं और कार्यों का जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। हर तबके को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अगले 2 वर्षों में भी सरकार ऐसे कार्य करेगी, जो इस राज्य के लिए मिसाल साबित होगा।

### शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार समेत सभी क्षेत्रों में हो रहा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार समेत सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य हो रहे हैं। किसानों, मजदूरों, सरकारी कर्मियों, बुजुर्गों, महिलाओं, नौजवानों सहित हर वर्ग और तबके के लिए योजनाएं चला रहे हैं। हमारी सरकार ने लक्ष्य तय कर रखा है और उसी के अनुरूप कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे राज्य के लिए हर्ष, उल्लास और उत्साह का दिन है। सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कई योजनाओं और पोर्टल का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और प्री- मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लाभुकों के बीच डीबीटी के माध्यम से लगभग 951 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। हमारी सरकार इसी मकसद के साथ कार्य कर रही है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जा सके।

## हेमंत सरकार के 3 साल पर भाजपा ने बोला हमला

# सिर्फ झूठ, लूट और करप्शन

**प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया आरोप पत्र, सरकार को घेरने की कोशिश**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा ने हेमंत सरकार के तीन साल के कार्यकाल पर आरोप पत्र जारी कर सरकार को घेरा है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री झूठ, लूट और भ्रष्टाचार को छिपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है। झारखंड की कानून-व्यवस्था, आर्थिक स्थिति पूरी तरह से चरमरा गयी है। राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार केंद्र सरकार पर भेदभाव का जो आरोप लगाती है वह सरासर झूठ है। एक तरफ राज्य सरकार ज्यादा राशि खर्च करने का दावा करती है दूसरी ओर कोरोना का रोना भी रोती है। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सरकार ने जमीन पर कोई काम नहीं किया। केवल झूठ, लूट और भ्रष्टाचार में सरकार लिप्त है।

राज्य की सरकार कोरोना का बहाना बनाकर अपनी कमी को छुपाने का काम कर रही है, जबकि इस कोरोना काल मे केंद्र की मोदी सरकार ने दुनिया की आर्थिक जगत में अपने कार्यों से डंका बजाने का काम किया। दीपक प्रकाश ने कानून व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

34 महीनों के कार्यकाल में कुल 1,78,351 अपराध की घटनाएं हुईं। 5258 लोगों की हत्या, 5000 से अधिक बहन/बेटियों के साथ दुष्कर्म और अनाचार, 4485 अपहरण की घटनाएं हुईं। वहीं, बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में प्रवेश कर यहां की डेमोग्राफी को बदलने का काम कर रहे है और उनलोगों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में लूट मची हुई है। सीओ कार्यालय से सचिवालय और थाना तक लोग त्रस्त हैं। शराब के मामले में झारखंड को कितना नुकसान हुआ है, सरकार इसे बताये।

### नियोजन नीति पर सरकार करती रही राजनीति

दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य की सरकार 1932 के खतियान और नियोजन नीति पर यह सरकार राजनीति करती रही। राज्य के लोगों को 9वीं अनुसूची के नाम पर दिग्भ्रमित कर रही। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में 1932 खतियान आधारित नियोजन बनाने का काम की थी, लेकिन हाइकोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। अगर मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर इतने गंभीर होते तो झारखंड हाईकोर्ट के द्वारा की गयी आपत्तियों को दूर करते तथा अपने अधिकार का उपयोग करते हुए इस पर नीति बनाते और उसे लागू करवाते। लेकिन हेमंत सरकार राज्य के युवाओं को नौकरी देना ही नहीं चाहती है।

### युवाओं को न तो नौकरी मिली, न बेरोजगारी भत्ता

दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सोरेन ने घोषणा पत्र में हर साल पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन सरकार के इन तीन साल के कार्यकाल में मात्र 357 लोगों को नौकरी मिली। वहीं, हेमंत सोरेन राज्य के बेरोजगारों को अंडा-मुर्गी बेचने की सलाह दे रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में कोयला, बालू की लूट मची है। बालू तो कालाबाजारी से ही लोगों को मिल रहा। प्रकृति प्रदत्त पानी, पहाड़, पर्वत, खनिज संपदा को लूटने, लुटवाने का कार्य जारी है। वनों की कटाई, खनिज संपदा का अवैध खनन हो रहा। आर्थिक व्यवस्था चरमराई हुई है। गरीबों को आवास बनाने के लिए पैसे नहीं मिल रहा, पर सीएम के काफिले के लिए गाडियां, मंत्रियों के बंगले बनाने को पैसे हैं।

**रामगढ़ उपचुनाव में मिलेगा जवाब :** प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में जनता अपना जवाब देगी। इस सरकार के खिलाफ आक्रोश जतायेगी। गांवों में पंचायत चुनाव में यह दिख चुका है, अब शहरों में भी यह दिखेगा। हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी, सीबीआई जांच के सवाल पर कहा कि कानून अपना काम करेगा। अगर किसी ने गलत किया है तो केंद्रीय एजेंसियां अपने स्तर से अपना काम करेंगी।

# 5 लाख का इनामी चंद्रभान मारा गया दो सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

**भाकपा माओवादियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन में पुलिस को मिली सफलता**



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के किस्को प्रखंड क्षेत्र के बगडू थाना अंतर्गत कोरगो गांव में सुबह पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली चंद्रभान पाहन ढ़ेर हो गया। वहीं, पुलिस ने गोविंद बिरजिया समेत दो सब जोनल कमांडरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये नक्सली की निशानदेही पर पुलिस ने 200 पीस विस्फोटक आईईडी, कोडेक्स वायर सहित दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है। घटना के बाद रांची प्रक्षेत्र के डीआईजी अनीश गुप्ता और लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने बताया कि तीनों उग्रवादी रविंद्र गंझू के दस्ते से जुड़े थे। डीआईजी अनीश गुप्ता ने बताया कि रविन्द्र गंझू के दस्ते के सब जोनल कमांडरों के आने की सूचना पर एक टीम का गठन किया गया था। जिसमें एसपी लोहरदगा के नेतृत्व में पेशरार और केकरांग की सीआरपीएफ की लोकल बटालियन, सैट और जिला बल के जवान के द्वारा बुधवार रात में ऑपरेशन शुरू किया गया था। गुरुवार अहले ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## सुखोई-30 एमकेआई से किया गया सफलतापूर्वक परीक्षण

**400 किमी.** है मिसाइल की रेंज

### ब्रह्मोस के एक्सटेंडेड एयर वर्जन का सुखोई से सफलतापूर्वक परीक्षण

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने गुरुवार को ब्रह्मोस एक्सटेंडेड एयर वर्जन का सुखोई-30 एमकेआई से सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जिस मिसाइल का परीक्षण किया गया, वह एंटी-शिप वैरिएंट थी। सुखोई से इस मिसाइल को दाग कर दुश्मन के जंगी जहाजों को डुबोया जा सकता है। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने टारगेट शिप को ध्वस्त कर दिया। इस मिसाइल की रेंज 400 किलोमीटर है। इस टेस्टिंग के साथ ही भारतीय वायुसेना ने सुखोई फाइटर जेट से जमीन या समुद्र में लंबी दूरी के टारगेट्स पर निशाना लगाने की मारक क्षमता हासिल कर ली है। परीक्षण में भारतीय वायुसेना के साथ डीआरडीओ, भारतीय नौसेना, बीएपीएल और एचएएल शामिल थे। ब्रह्मोस के इस वर्जन से सुखोई की मारक क्षमता काफी बढ़ गई है। अब फाइटर जेट के जरिए समुद्र में 400 किलोमीटर दूर मौजूद दुश्मन के जंगी जहाज को नष्ट किया जा सकता है।

इलस्ट्रेशनः **रौशन कुमार**

## प्रतियोगिता | राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप-2022 का समापन

# सरकार प्रतिभाओं को तराश रही है : सीएम

**सीमित संसाधनों के बीच हमारे खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक**

**खिलाड़ियों को उम्दा खेल नीति के साथ-साथ जोहार खिलाड़ी पोर्टल का मिला सौगात**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार के गठन के बाद से ही गांव से लेकर शहर तक के कोने-कोने से यहां के नौजवानों के अंदर छिपी हुई हुनर को निरंतर तराशने का काम किया जा रहा है। राज्य सरकार खेल के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करने का काम कर रही है। झारखंड में उम्दा खेल नीति बनाया गया है। इसी क्रम में आज जोहार खिलाड़ी पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया है। इस पोर्टल का लाभ झारखंड के कोने-कोने में मेहनत कर रहे खिलाड़ियों को मिलेगा। सभी खिलाड़ियों को राज्य सरकार की नीति एवं योजनाओं की जानकारी इस पोर्टल के माध्यम से मिल सकेगी। पोर्टल के माध्यम से राज्य के खिलाड़ियों का डाटा संग्रहित किया जा सकेगा। जोहार पोर्टल का उपयोग कर झारखंड में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में सहजता पूर्वक निर्णय ले सकेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता-2022 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नौजवान खिलाड़ियों में अद्भुत प्रतिभा समाहित है। सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे राज्य के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में टीम की कप्तानी पद को सुशोभित किया है। सीमित संसाधनों के बीच हमारे राज्य के खिलाड़ी देश और दुनिया में चमक रहे हैं। मुख्यमंत्री ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्य सरकार का प्रयास झारखंड में भी हो वर्ल्ड कप का आयोजन



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हॉकी नेशनल टीम में झारखंड के 5-7 खिलाड़ी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन यह विडंबना है कि हॉकी वर्ल्ड कप का मैच हमारे राज्य में नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि आनेवाले दिनों में झारखंड में भी वर्ल्ड कप के मैच कराये जायें। हमारी सरकार राज्य में खेल का एक अलग लेवल तैयार करने में लगी है। राज्य के गांव-गांव और शहर-शहर में हम खेल का अलग ट्रैक बनाने में जुटे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फाइनल मुकाबले के पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता-2022 में विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा टीम मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को पुरस्कृत किया।

# खुलासा : एक्ट्रेस रिया को पति ने ही मारी थी गोली, गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एक्ट्रेस रिया कुमारी की हत्या मामले का खुलासा हो गया है। पुलिस ने बताया कि ईशा की हत्या उसके पति ने ही की है। मामले का पता तब चला, जब एक्ट्रेस के परिवारवालों ने पति और डायरेक्टर प्रकाश अलबेला के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने बताया कि जांच में रिया के पति प्रकाश ने पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी कहानी बनायी और कहा कि वह रिया और अपनी बेटी के साथ कार से कोलकाता रवाना हुए थे। बीच में लूटपाट की नीयत से कुछ बदमाशों ने गाड़ी रोकी। उनसे प्रकाश का विवाद हुआ। इसे देख ईशा भी अपराधियों से भिड़ गई और पति को बचाने की कोशिश करने लगी। अपराधियों ने इसी वक्त गोली चला दी। जानकारी के अनुसार गोली ईशा के कान में लगी और उसकी मौत हो गई। इसके बाद प्रकाश बॉडी लेकर कोलकाता थाने पहुंच गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रकाश ने पुलिस को बताया कि हमलावरों ने कार के पिछले दरवाजे के सामने करीब से रिया को गोली मारी, जबकि कार के अंदर से कोई गोली या खोखा नहीं मिला है। साथ ही कार का शीशा भी ऊपर था। कहा गया कि रिया की कार में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन कार के अंदर खून के कोई निशान भी नहीं मिले। वहीं, हावड़ा ग्रामीण एसपी स्वाति भंगालिया के अनुसार, दोनों झारखंड फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। प्रकाश डायरेक्टर हैं और ईशा ने कई झारखंडी और नागपुरी एलबम में काम किया है। दोनों एक-दूसरे को लंबे समय से जानते थे। बाद में दोनों ने लव मैरिज की। बताया जाता है कि दोनों के बीच मनमुटाव था। शुरूआत में प्रकाश ने ईशा को अपनाने से इनकार कर दिया था। मामला कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद दोनों ने शादी की थी। दोनों की एक बेटी भी है। ईशा के परिवार वालों ने प्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। परिवार ने इनके खिलाफ कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि वह पहले भी रिया की पिटाई करता था।

NEWS इन ब्रीफ

## तीन दिनों से कुहासा के बाद ठंड से ठिठुरन बढ़ी, अलाव का सहारा



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी एवं आसपास के इलाकों पिछले दिनों हुई कुहासा के बाद ठंढ से ठिठुरन काफी बढ़ गयी है। लोग इससे निजात पाने के लिये एक मात्र अलाव का सहारा ले रहे है। सिल्ली बुंडु रोड, महाबीर चौक, मेन रोड सिल्ली समेत कई सार्वजनिक स्थानों पर लोग शाम व सुबह अलाव जलाकर ठंढ से राहत पाने की कोशिश करते है ।लेकिन सरकार की तरफ से अब तक कोई अलाव की व्यवस्था नही की गयी है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## पुलिस ने तीन क्विंटल महुवा जावा, अवैध शराब और भट्ठी को किया नष्ट

**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने गुरुवार को देशी शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला कर भारी मात्रा महुआ जावा, अवैध शराब और भट्ठी को नष्ट कर दिया है। थाना प्रभारी आकाश दीप की अगुवाई में पुलिस दल ने थानान्तर्गत ,मूरहू, मूरहू टोला फुलटांड, गोड़हा टोला अमरूकोचा मे नदी किनारे अवैध शराब भट्ठी में छापामारी कर शराब बनाने के उपकरण, ड्राम में रखे करीब 10 क्विटल महुआ जावा और 50 लीटर से अधिक शराब को नष्ट कर दिया। पुलिस आने का सूचना मिलते ही शामिल लोग भाग निकले। अभियान में थाना प्रभारी सहित हवलदार सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

# बाबा श्याम का हुआ भव्य तिलक श्रृंगार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पौष अमावस्या को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान के बाद आज दोपहर के बाद केसर चंदन तिलक अनुष्ठान विधिवत संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि 7 दिनों तक खाटू नरेश ने भक्तों को अपने श्यामल रूप में दर्शन दिए। आज केसर चंदन तिलक करके खाटू नरेश को लाल गुलाबी रंग का बागा पहनाया गया। लाल गुलाब रजनीगंधा मुर्गुन सफेद स्टार लाल और पीला गेंदा तुलसीदल की 41 मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विराजमान श्री गणेश जी के साथ रिद्धि सिद्धि लड्डू गोपाल शालिग्राम श्री हनुमान जी श्री श्यामईश्वर महादेव प्राचीन तेल चित्रों व गुरुजनों का भव्य तथा पावन श्रृंगार भी किया गया। सभी का केसर चंदन वंदन किया गया। काजू किसमिस अखरोट बादाम अंजीर पंचमेवा का भोग लगाया गया। मंदिर के प्रथम आचार्य श्री रत्नाकर शर्मा सहयोगी आचार्य श्री अनूप दाधीच के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य रिंकू तिवारी व अन्य आचार्य वैदिक रीति से केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया। कोलकाता निवासी गोपाल जैन ने श्रृंगार की पहाड़ी टोला रांची निवासी गीता अग्रवाल ने खाटू नरेश के लिए बागा वस्त्र तथा 8 मित्रों यश रोशन मयंक निखिल दिनेश विशाल किशन सिद्धार्थ पोद्दार ने संयुक्त रूप से पंचमेवा भोग की सेवानिवेदित की । इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू उपमंत्री अनिल नारनौली अरविंद सोमानी संजय सराफ रौनक पौदार दिनेश अग्रवाल किशन शर्मा रोशन खेमका सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों ने श्री श्याम दरबार में मत्था टेका। **शनिवार को 43 वा श्री श्याम भंडारा :** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार 31 दिसंबर संध्या 5:00 से 43 वां श्री श्याम भंडारा होगा। बर्धमान कंपाउंड निवासी रामकिशोर रमालता अशोक शशि सीए संजय प्रियंका अग्रवाल परिवार के साथ श्री श्याम भंडारा की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व मंत्री श्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों से श्री श्याम भंडारे में शामिल होन का निवेदन किया है।

## साप्ताहिक रोजगार दिवस पर जगरनाथ मांझी को किया सम्मानित

**बेड़ो।** बेड़ो के नेहालू पंचायत में साप्ताहिक रोजगार दिवस के दिन मजदूर जगरनाथ मांझी को पुरस्कृत किया गया। बेड़ो प्रखंड के पंचायत सचिवालय नेहालू में सप्ताहिक रोजगार दिवस पर नेहालू के जेजे टोली निवासी दैनिक मजदूर जगन्नाथ मांझी ईमानदारी का इनाम देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि 25 दिसम्बर को मजदूरी काम करके रात में घर लौटते के क्रम में नेहालू रोड, तालाब के पास रास्ते में एक मोबाइल और नगद पंद्रह सौ रुपया पाया। अपनी इमानदारी का परिचय देते हुए इसकी सुचना तुरन्त नेहालू मुखिया विरेन्द्र भगत को देकर रुपया व मोबाइल सौंपा दिया। मिली मोबाइल का डिस्प्ले टुटा होने से पहचान करना कठिन था। मुखिया ने तुरन्त इसे सोशल मिडिया में शेयर किया। इसके बाद मोबाइल मालिक ने मुखिया से सम्पर्क साधा और उचित प्रमाण देकर सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी सामान सकुशल प्राप्त किया।

## गोली चलाने वाला एक अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रातू।** थाना क्षेत्र के आमटांड में 19 दिसंबर को महिला समूह के एक महिला पर गोली चलाने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। उसके पास से कांड में प्रयुक्त यामहा एफजेड बाईक व एक मोबाइल बरामद किया है। आरोपी 21 वर्षीय सुभम कुमार उर्फ छोटू रामगढ़ जिला के बासल बलकुदरा का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गुरुवार को जेल भेज दिया। रातू आमटांड में 19 दिसंबर को महिला सहायता समूह कें सदस्यो से एक महिला मनिता देवी ने 25 हजार रुपया लोन लिया था।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**ROAD DIVISION, GUMLA-835207,**
**E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in**

**Corrigendum**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, गुमला अंतर्गत **Improvement of Riding Quality Work of CHAINPUR TO DUMRI ROAD (MDR -36) Length- 11.850 km. under Road Division, Gumla for the Year 2022-23** कार्य की निविदा Tender Ref. No. RCD/GUMLA/1229/2022-23 dt. 15.12.2022 के Date of Publication of Tender on Website 28.12.2022 के स्थान पर 10.01.2023, Last date/Time for receipt of bids - 18.01.2023 के स्थान पर 30.01.2023 एवं Date of Opening Of Technical Bid- 19.01.2023 के स्थान पर 31.01.2023 पढ़ा जाय। शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा। Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

PR 285203 Road (22-23)_D

Executive Engineer
R.C.D. Road Division Gumla
Gumla.

PR 286231 Road(22-23)#D

# पंचायत सचिवालय सभागार में छोटानागपुर नाई मिलन समारोह का किया गया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** मांडर के कंजिया पंचायत सचिवालय सभागार में छोटानागपुर नाई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बिभिन्न प्रखंड से आए वक्ताओं ने नाई समाज को संगठित होकर अपने समाज को विकाश के पथ पर कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही। अटल समाज सेवा से सम्मानित बेड़ो प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मन प्रसाद ठाकुर नेविभिन्न क्षेत्रों के उपस्थित नाई समाज के लोगों को कहा कि आप सिर्फ किसी का भाषण व राशन के लिए नहीं एकजुटता दिखाए आप खुद के लिए और अपने समाज के लिए निश्वार्थ भाव से अपने लोगों के लिए कार्य करें।रांची के संत कुमार हजाम ने भी नाई समाज की एकता पर ही विकास की बात बताई।मांडर प्रखंड अध्यक्ष अजय ठाकुर ने मांडर में नाई समाज के हर प्रखंड से आए प्रतिनिधि का माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया और उन्हें अगली जो भी सामाजिक बैठक हो उसमें महिलाओं की भी सत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।उन्होंने कहा कि नाई समाज अब जाग चुका है उसे जगाने की नहीं बस सही मार्गदर्शक की आवश्यकता है जो उन्हें जरुरत पड़ने पर निश्वार्थ भाव से सही राह दिखा सके।मौके पर मनोहर ठाकुर, अनिल ठाकुर, आदित्य ठाकुर, कमल ठाकुर, रामबालक ठाकुर, धीरज ठाकुर अमृत ठाकुर, संदीप ठाकुर, मनोहर ठाकुर, विक्की ठाकुर सहित चान्हो, मांडर, बेड़ो,लापुंग, इटकी, रातू, बुढ़मू, राँची सहित अन्य प्रखंडों के नाई समाज के अगुवा मौजूद थे।

## अपराधियों ने हथियार के बल पर 25 हजार लूटे

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र में कैम्बो चौरा के निकट बुधवार की देर शाम को चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर कुरकुरा निवासी शशी शाही से 25 हजार रुपये लूट लिये। घटना शाम करीब सात बजे की है। बताया जा रहा है कि कुरकुरा के वार्ड सदस्य शशि शाही बुधवार को दिन में मांडर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से पैसे निकाले थे। और शाम को मांडर में अपना काम निबटाकर बाइक से बीजुपाड़ा से बरहे होते हुए अकेले ही अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में कैम्बो चौरा के निकट चार अपराधियों ने उन्हें रोका और हथियार का भय दिखाकर उनसे 25 हजार नगद लूट लिये। भुक्त भोगी शशि शाही के अनुसार बाइक पर सवार दो अपराधी बीजुपाड़ा से ही उनके पीछे लगे हुए थे। तथा दो अपराधी कैम्बो पुल के पास घात लगाये खड़े थे।

# सिल्ली कॉलेज ने किया रॉक क्लाइंबिंग एवं एडवेंचर कैंप का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली के भूगोल विभाग के प्रो भवानंद चौधरी के नेतृत्व में चार दिवसीय रॉक क्लाइंबिंग एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। सिल्ली कॉलेज से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 से 31दिसंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम 21 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है। कार्यक्रम के दौरान सभी पश्चिम बंगाल के झालदा के बांसा पहाड़ पर रॉक क्लाइंबिंग का अभ्यास कर रहे हैं। सिल्ली कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो, सचिव सह कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो, त्रिभुवन महतो, श्यामल दे सुमंत महतो एवं कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए शुभकामना दी है ।

**समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–2, टाटीसिलवे, राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झा0स0पु0–2, टाटीसिलवे, राँची वाहिनी अस्पताल में पदाधिकारी / कर्मियों का समुचित उपचार तथा ईलाज के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा दिये गये दवाओं के सूची के अनुसार क्रय करने हेतु वितीय वर्ष–2022–23 के लिए दवाओं का निविदा आमंत्रण की जाती है। इस संबंध में राँची जिला अन्तर्गत मिडिकल स्टोर / फर्म दिनांक 30.12.2022 से 06.01.2023 तक इस कार्यालय से निविदा का हार्ड कॉपी प्राप्त कर, दिनांक 09.01.2023 तक निविदा को मोहर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे। दिनांक 10.01.2023 को कार्यालय कक्ष में समय–12.30 बजे अप0 में समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि को निविदा दाता उपस्थित रहेंगे।

नियम / शर्ते :– 1. दवाई आपूर्ति कर्ता का निबंधन रॉची जिला अन्तर्गत होना चाहिए।
2. दवाओं की अच्छी गुणवता एवं बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए।
3. मेसर्स / आपूर्ति कर्ता का दवाई सप्लाई करने का प्रमाण–पत्र होना चाहिए।
4. मेसर्स के निविदा में TIN/PAN/MOBILE No. अंकित होना चाहिए।
5. दवाओं की वैद्यता का समय 03 (तीन) वर्ष से अधिकतम का होना चाहिए।

समादेष्टा
झा0स0पु0–2, टाटीसिलवे, राँची।

PR.NO.286285 Police(22-23):D

# कोविड से घबराने की बजाय बरतें सतर्कता : डॉ. वर्मा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के भीड़भाड़ वाले इलाके अपर बाजार में बीते दिनों कोरोना पॉजिटिव केस मिलने के बाद लोगों में भय का वातावरण फैल गया। इस बीच बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमाशंकर वर्मा ने लोगों को परामर्श देते हुए कहा कि ऐसे समय में घबराने की बजाय सतर्कता बरतनी चाहिए। कोविड से हमें डरना नहीं है उससे लड़ना है। उन्होंने कहा कि अपर बाजार के एक 45 वर्षीय व्यवसायी बंधु को पिछले 20 दिनों से सर्दी-खांसी-जुकाम, बुखार, सांस लेने में दिक्कत सहित अन्य समस्याएं थीं। उन्होंने दवा ली और फायदा नहीं होने पर पास के चिकित्सक से भी सलाह ली। फिर भी कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमाशंकर वर्मा के निजी क्लीनिक में आकर परामर्श ली। डॉ. वर्मा ने तुरंत कोविड-19 का टेस्ट कराने की बात कही। साथ ही डॉक्टर वर्मा ने स्वनिर्मित यूवी-66 संजीवनी गोल्ड ड्रॉप दी। इसके कुछ देर बाद ही मरीज की सर्दी-खांसी, सांस लेने की दिक्कत, थकावट और कमजोरी में आशातीत कमी आ गयी। वहीं, कोरोना रिपोर्ट भी नेगेटिव आ गयी। बता दें कि डॉक्टर वर्मा ने यूवी-66 संजीवनी गोल्ड ड्रॉप का निर्माण ऐसे समय में किया जब लोगों में भय और अनिश्चितता का वातावरण था।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**
**अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – प0नि0वि0 / सिमडेगा / 14 / 2022–23, दिनांक 28.12.2022 (चुतर्थ आमंत्रण)**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 09.01.2023 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 10.01.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.01.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क)मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास, गोल चक्कर, धुर्वा, राँची। ख)अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। ग)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्रं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (लाख में) | अग्रधन की राषि (रूपया में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपया में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत विभिन्न पथों में पोट पैच मरम्मति एवं अन्य मरम्मति कार्य। (गैर–योजना मद) | 29.99284 | 60,000.00 | 5000.00 | 2 माह |

1. निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है, जिसका अनुपालन अनिवार्य होगा।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।
3. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
4. झारखंड पथ निर्माण विभाग, रांची का संकल्प सं0 2146(एस0) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में झारखंड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका – 163(ए0) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। साथ ही JPWD Code के 163(ए0) को डिलीट किया जाता है। 10(दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (क) 10 से 20 प्रतिशत below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ख) 20 प्रतिशत से अधिक below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखंड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172(ए) के रुप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता / नियम / परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे। वैध एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निष्पादन के प्राधिकार द्वारा पारदर्शी तरीके से लॉटरी (Lottery) की पद्धति अपनायी जायेगी। यह प्रावधान झारखंड लोक निर्माण विभाग संहिता के कंडिका – 163(ई0) के रुप में समाहित होगा तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता / नियम / परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,सिमडेगा।

PR 286201 Road(22-23)D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची**

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

**T. Reference No. :- Different Tolas SVS - 28/2022-23 Date 28.12.2022**

| Si.No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility under J.J.M | | | | |
| 1.1 | KUTACHAULI SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 6,23,900 | 12500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.2 | GUMTI SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 8,90,700 | 17900.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.3 | TALADIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 41,29,400 | 82600.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.4 | PARAMDIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 12,95,200 | 25900.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 1.5 | MANIKADIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 6,47,600 | 13000.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.6 | PARASI SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 8,67,000 | 17500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.7 | JOPNO SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 46,10,400 | 92300.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.8 | BAGHAI SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 39,48,200 | 79000.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.9 | LUNGTU SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 6,47,600 | 13000.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.10 | CHATAMSAL SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 6,47,600 | 13000.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.11 | DIURI SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 8,67,000 | 17500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.12 | ARHANGA SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 30,76,600 | 61600.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.13 | GUMANDIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 25,90,400 | 51900.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.14 | KARKADIH SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 6,47,600 | 13000.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.15 | PANGURA SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 65,69,200 | 131400.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.16 | KRAMBU SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 62,03,700 | 125000.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.17 | BAREDIH SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 60,41,600 | 121000.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.18 | AANEDIH SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 17,81,400 | 36000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 1.19 | AMJORA SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 48,88,700 | 97800.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.20 | TUNJU SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 99,62,400 | 199300.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.21 | KUTE SVS GROUP OF SCHEME (ORMNAJHI BLOCK) | 12,28,200 | 24600.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 1.22 | BURUHATU SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 26,01,000 | 52100.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.23 | GANGO SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 12,47,800 | 25000.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 1.24 | ROLLABERA SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 6,23,900 | 12500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.25 | LANKEYA SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 21,38,500 | 42800.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 1.26 | ROLLADIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 12,76,000 | 25600.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 1.27 | CHIPIBANDDIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 83,09,000 | 166200.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.28 | JARGO SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 18,52,100 | 37100.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 1.29 | DULMI SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 91,34,300 | 182700.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.30 | MARDHAN SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 8,90,700 | 17900.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.31 | KUBASAL SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 18,71,700 | 34500.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 1.32 | PIYAKULI SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 63,96,400 | 128000.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.33 | KHEDWADIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 45,71,200 | 91500.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.34 | MAKRAMDIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 69,68,300 | 139400.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.35 | KUNDALA SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 12,47,800 | 25000.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 1.36 | BERNIYA SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 8,67,000 | 17400.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.37 | SARJAMDIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 23,57,900 | 47200.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 1.38 | BURUDIH SVS GROUP OF SCHEME (TAMAR BLOCK) | 12,47,800 | 25000.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 1.39 | MARDU SVS GROUP OF SCHEME (SILLI BLOCK) | 40,98,500 | 82000.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.40 | HARWADIH SVS GROUP OF SCHEME (SILLI BLOCK) | 8,66,500 | 17400.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.41 | KITA SVS GROUP OF SCHEME (SILLI BLOCK) | 17,95,200 | 36000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 1.42 | KULSUD SVS GROUP OF SCHEME (SILLI BLOCK) | 8,66,500 | 17500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.43 | LOTEHATU SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 17,34,000 | 35000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 1.44 | MADHUKAMA SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 8,67,000 | 17500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.45 | BARKOLMA SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 72,74,400 | 145500.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.46 | LEPADIH SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 8,67,000 | 17500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 1.47 | NEWARI SVS GROUP OF SCHEME (BUNDU BLOCK) | 12,28,202 | 24600.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 1.48 | HUMTA SVS GROUP OF S CHEME (BUNDU BLOCK) | 99,22,400 | 198500.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.49 | PAWODIRI SVS GROUP OF SCHEME (SONAHATU BLOCK) | 54,85,200 | 109800.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 1.50 | JAHIRDIH SVS GROUP OF SCHEME (SONAHATU BLOCK) | 47,78,800 | 96000.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 1.51 | KUBADIH SVS GROUP OF SCHEME (RAHE BLOCK) | 8,67,000 | 17500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 2. | Date of Tender Uploading on Website | 06.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 3. | Document Download / Sale Start Date | 06.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 4. | Bid Submission Start Date | 06.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 5. | Document Download / Sale End Date | 12.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 6. | Bid Submission End Date | 12.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 7. | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 16.01.2023/01.00 PM. | | | |
| 8. | Date of Opening of Tender | 16.01.2023/05.00 PM. | | | |
| 9. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 10. | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 11. | Contact No. Of Procurement Office | 0651-2480155 | | | |
| 12. | Helpline No. Of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

नोटः–1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची

PR 286256 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

**NEWS इन ब्रीफ**

### आदिवासियों ने कोकर चौक को किया जाम

**रांची।** आदिवासियों ने अपने सरना जमीन को लेकर काफी उग्र देखे गये। अवैध हस्तांतरण का आरोप लगाते हुए आदिवासियों ने गुरुवार को कोकर चौक के पास दो घंटे एनएच को जाम किया। रोड जाम के कारण बूटी मोड़ से कांटा टोली चौक तक सैकड़ों वाहन फंसे रहे। लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कोकर तिरिल ढेला टोली के स्थानीय लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। इनका मांग था कि जो लोग वहां काम कर रहे हैं, उन्हें फौरन वहां से हटाया जाए। बाद में पुलिस ने निमार्णाधीन स्थल पर जाकर काम कर रहे लोगों और मजदूरों को वहां से हटाया।

### चोरी की बाइक खरीदकर करता था बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रातू थाने की पुलिस ने एक बड़े वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की टीम ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। वहीं मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मुस्तफा अंसारी है और वह इटकी का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की तीन हाई स्पीड बाइक बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि आठरोपी तरूण कुमार महतो उर्फ रंजीत कुमार रांची शहरी और ग्रामीण इलाकों से बाइक की चोरी करता है।

### इंजन व चेसिस नंबर बदलकर चोरी के ट्रक की करते थे बिक्री, दो गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने ट्रक चोरी कर बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। इस गिरोह के सदस्य ट्रक को चोरी करते हैं। इसके बाद उसका फर्जी इंजन व चेसिस नंबर लगाकर उसे बाजार में बेच देते हैं। हालांकि पुलिस की टीम ने इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम बालसकरा निवासी शमीम खान और चान्हो के रहने वाले अख्तर अंसारी शामिल है। इन आरोपियों के पास से नंबर बदलने वाला मशीन भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह में एक दर्जन से अधिक लोग शामिल है।

### गुमटी में घुसी बाइक नशे में धुत दोनों सवार घायल

**रांची।** आज कल नौजवानों में भी नशा का काफी परिचालन हो गया है। तमाड़ बस स्टैंड पर सड़क के किनारे स्थित एक पान की गुमटी में बाइक घुस गई। घटना गुरुवार की रात आठ बजे की है। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक नशे में धुत थे। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। दोनों युवक अड़की थाना क्षेत्र के निवासी हैं। घायलों में एक युवक अपना नाम कार्तिक स्वांसी बता रहा था।

# सीएम ने राज्यवासियों को दी कई योजनाओं की सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड राज्य में सामान्य से कम तथा विशेषकर मॉनसून के प्रारंभ में औसत से कम वषार्पात होने के कारण झारखण्ड राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंडों के किसान परिवारों को तत्काल सूखा राहत देने हेतु मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना (टरफ) लागू किया गया। योजना के अंतर्गत सूखा प्रभावित किसान परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने हेतु 3500 रुपये की अनुग्राहिक राहत राशि अग्रिम दिए जाने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री, झारखण्ड द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर 2022 को योजना का शुभारंभ किया गया एवं योजना के वेब पोर्टल पर किसानों के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। योजना के तहत सूखा प्रभावित किसानों द्वारा तीन श्रेणियों में, (क) इस वर्ष बुआई नहीं कर पाने




वाले किसान, (ख) 33% से ज्यादा फसल क्षति वाले किसान, एवं (ग) भूमिहीन कृषक मजदूरों द्वारा आवेदन किया जा रहा है, जिनका सत्यापन किया जा रहा है। दिनांक 27 दिसंबर 2022 तक कुल 25,84,863 किसानों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। कुल आवेदकों में से (क) श्रेणी के आवेदको की संख्या 12,43,607 (ख) 33% से ज्यादा फसल क्षति वाले किसानों की संख्या 9,24,930 एवं (ग) भूमिहीन कृषक मजदूरों की संख्या 4,16,326 है। सरकार गठन के तृतीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत प्रथम चरण में राज्य के 6,63,910 लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से तात्कालिक सूखा राहत हेतु कुल 2,32,36,85,000 रुपए अनुग्राहिक राशि का अंतरण किया गया।

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा झारखण्ड राज्य में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने एवं ड्रॉपआउट की संख्या को कम करने के उद्देश्य से प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के रूप में कक्षा-1 से उच्च स्तर तक अध्ययन के लिए छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अनूसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए पूर्व में कक्षा कसे श के लिए 500 रुपये को बढ़ाकर 1500 रुपये किया गया। राशि का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से डीबीटी द्वारा सीधे छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में किया जाता है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए पूर्व के अधिकतम 50,000 रुपये छात्रवृत्ति राशि की सीमा को बढ़ाते हुए अधिकतम 1,00,000 रुपये कर दी गयी है। वहीं शैक्षणिक संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति हेतु निबंधन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है एवं प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन को सरल किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा कर्यक्रम में वर्त्तमान में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु कुल पंजीकृत 29 लाख छात्र-छात्राओं के बीच से 25 लाख छात्र-छात्राओं को लगभग 500 करोड़ रुपये भुगतान की प्रक्रिया को भी आज प्रारंभ कर दी गई है। झारखण्ड सरकार, राज्य के विभिन्न जिलों, निदेशालयों एवं एजेंसियों की परियोजनाओं का त्वरित गति से क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण करने हेतु दृढ़ संकल्पित राज्य सरकार द्वारा 'जोहार परियोजना पोर्टल' विकसित की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृत एवं शिलान्यास किये गए परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण करते हुए समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाना है।

### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से बालिकाओं को मिला लाभ

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण है। इस योजना के तहत बालिका शिक्षा पर बल दिया गया है। बाल विवाह प्रथा का अन्त, उच्चतर कक्षाओं की बालिकाओं के शैक्षणिक व्यय में सहयोग कर उनके विद्यालय परित्याग की प्रवृत्ति को कम करने का प्रयास है। किशोरियों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता हेतु सहायता एवं किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना इस योजना का उद्देश्य है। इस हेतु सरकार द्वारा लाभुक वर्ग कक्षा 8 एवं 9 में नामांकित बालिका को 2,500 रुपये की राशि, कक्षा 10, 11 एवं 12 में नामांकित बालिका को 5,000 रुपयेकी राशि के आर्थिक लाभ दिए जा रहें हैं , वहीं 18-19 वर्ष आयु की बालिका को एकमुश्त अनुदान 20,000 रुपये से लाभान्वित कराया जा रहा है।

### नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन यात्रा जमशेदपुर पहुंची

**रांची।** पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 28 नवंबर से ऋषिकेश से जारी 'नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन' यात्रा गुरुवार को जमशेदपुर पहुंची। पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत द फेडरेशन ऑफ ऑब्स्ट्रेटिक्स एवं गायनकोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी 'नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन' यात्रा विभिन्न पड़ावों से होकर गुजर रही है। यह यात्रा जमशेदपुर पहुंची जहां इस उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम हुए । जमशेदपुर इकाई अध्यक्ष रंजना जोशी ने बताया कि पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत यह यात्रा 28 नवंबर से ऋषिकेश से शुरू हुई है । उन्होंने बताया कि पूरे झारखंड में 60% महिलाओं में एनीमिया की शिकायत है जिसके निदान के लिए विभिन्न स्तर पर पहल हो रहे हैं । इस मौके पर सचिव डॉ श्वेता कुमारी और डॉक्टर सुभद्रा मलिक ने एनीमिया मुक्त भारत पर बल देते महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने का सुझाव दिया।

## कंपनी ने बोकारो के युवक को नौकरी से निकाला तो आक्रोशित होकर रोक दी ट्रेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो में एक युवक को कंपनी द्वारा नौकरी से हटाए जाने पर युवक आक्रोशित होकर विरोध करने लगा और ट्रेन को रोक दी। वह खुद को वापस नौकरी में रखने की मांग कर रहा था। उसने ट्रैक पर लाल झंडा लगाकर जिस ट्रेन को रोका, वह मालगाड़ी थी। बाद में पुलिस ने झंडा हटाया तो मालगाड़ी गंतव्य के लिए रवाना हुई। यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला बोकारो जिले के ललपनिया स्थित टीटीपीएस (तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन) से संबंधित है। बताया गया कि इसी जिले के तुलबुल गांव का रहने वाला रंजीत कुमार टीटीपीएस में आउटसोर्सिंग के आधार पर काम करने वाली कोडेक कंपनी में काम करता था। कंपनी ने दो माह पहले उसे नौकरी से हटा दिया। रंजीत इससे निराश था। रंजीत कुमार ने वापस अपने आपको




नौकरी पर रखने की मांग कंपनी के अधिकारियों से की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही थी। इस पर उसने कंपनी को बीते 13 दिसंबर को लिखित तौर पर सूचना दी थी कि वह अपनी मांग को लेकर आमरण अनशन करेगा। विगत बुधवार को उसने अपने गांव के पास बोकारो नदी पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर लाल झंडा लगा दिया। इसकी वजह से टीटीपीएस में कोयला अनलोड कर डुमरी बिहार स्टेशन लौट रही मालगाड़ी लगभग 45 मिनट तक ट्रैक पर रुकी रही। इसकी जानकारी मिलने पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने टीटीपीएस प्रबंधन से बात करने के बाद ट्रैक से झंडा हटाया, तब इसपर ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ। इस रेलवे ट्रैक का उपयोग मुख्य रूप से कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए होता है। मीडिया में छपी खबरों के मुताबिक थाना प्रभारी ने युवक को समझाते हुए जाम हटाने की बात कही, जिसके बाद वह मान गया। थाना प्रभारी ने टीटीपीएस प्रबंधन से बात कर उक्त युवक से मिलने का आग्रह किया जिसके बाद युवक प्रबंधन से मिलने चला गया।

### हेहल अंचल कार्यालय में चोरी के बाद पहुंचे संजय सेठ

**रांची।** हेहल अंचल कार्यालय में 2 दिनों तक लगातार हुई चोरी के बाद गुरुवार को रांची के सांसद संजय सेठ उक्त परिसर पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सांसद ने वहां के कर्मचारियों से भी बात की और चोरी हुए स्थल का अवलोकन किया। इसके बाद श्री सेठ ने पूरी घटना पर सवाल उठाए। सांसद ने कहा कि 1 साल में यहां चार बार चोरी हुई, 2 चोरियां तो लगातार हुई बावजूद इसके प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज रहते हैं। इतना सबकुछ होने के बाद भी प्रशासन के द्वारा सतर्कता नहीं बरता जाना, चोरी के मामले का खुलासा नहीं किया जाना, स्पष्ट रूप से इनकी लापरवाही को दशार्ता है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि हेहल अंचल कार्यालय में बाउंड्री तक नहीं है, जिससे यह और भी असुरक्षित है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने 250 कंबल का किया वितरण

## मानव की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : सुरेश चंद्र अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी ठंड को लेकर परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। गरीबों के लिए इस कड़कड़ाती ठंड में काफी मुश्किल दिखाई दे रहा है। शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबकने को विवश हो जाते हैं। अभी शहर में पूरी तरह से अलाव की व्यवस्था दिखने को नहीं मिल रही है जिससे लोगों को राहत मिल सके। इसी तरह ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र चुन्द गांव में निर्धन जरूरतमंदों असहाय वृद्धजनों, निराश्रितों ग्रामीणों के बीच 120 कंबल वितरण किया गया। साथ ही काटमकुली धुरधुरा महादेव नामक गांव में 130 गरीब तथा असहाय ग्रामीणों को कंबल प्रदान किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी



सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी सच्चे नारायण हैं और नर की सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि जिला मारवाड़ी सम्मेलन ग्रामीण क्षेत्र के प्रभु जनों की सेवा एवं सहायता के कृतसंकल्प है। आपके चेहरे पर मुस्कान देखकर यज्ञों के फल से भी ज्यादा सुकून मिलता है` भविष्य में भी इसी प्रकार के शिविर लगाने का उन्होंने आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पियुष रामगढ़िया, वनवासी कल्याण केन्द्र के तुलसी , लाला उरांव, शनिचरवा उरांव, पंचम महतो, अनिल महतो आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## लिटिल एंजेल्स हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के पुन्दाग स्थित लिटिल एंजेल्स हाई स्कूल में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनुअल स्पोर्ट्स इवेंट का शुभारंभ कहकशां मसूद ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियां भी आवश्यक है। शिक्षा के साथ समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना भी जरूरी है। इससे बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। ऐसे आयोजन बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में काफी सहायक होते हैं। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों और विजेता छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। खेल प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों और उनकी टीम को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी गई प्रस्तुति ने सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया । स्कूल के छात्रों ने कबड्डी, खो-खो, पासिंग द बॉल गेम, टग ऑफ वार, ऊंची कूद, शॉर्ट जंप, शॉट पुट, कराटे सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। ओवर ऑल चैंपियन में तिलक ग्रुप प्रथम और नेहरू ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सब जूनियर वॉलीबॉल टीम के चयनित खिलाड़ियों को दिल्ली पहुंचने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विगत 27 नवंबर 2022 को दुमका के पुलिस केंद्र वॉलीबॉल ग्राउंड में आयोजित झारखंड राज्य सब जूनियर वॉलीबॉल टीम के गठन के लिए ट्रायल किया गया था, जिसमें प्रतिभा के हिसाब से उनका चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों यह सूचित किया जाता है कि वह अपने आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं उनके खेल कौशल के आधार पर निम्नलिखित बालिकाओं एवं बालकों का चयन दो जनवरी से दिल्ली में आयोजित सब-जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है।

बालिका वर्ग के चयनित



खिलाड़ियों की सूची में अनामिका गुप्ता एवं खुशी कुमारी- पूर्वी सिंहभूम, मौसम कुमारी- धनबाद, लक्ष्मी कुमारी एवं वैष्णवी कुमारी -रांची, जिया तबस्सुम एवं आरती गुरदीप मिंज,पश्चिमी सिंहभूम, सपना कुमारी- धनबाद, पूनम बिरवा- पूर्वी सिंहभूम, दिव्यंका कुमारी- देवघर, अंजलि हांसदा- जामताड़ा, एलिसेरोन सुंडी- रांची से तथा बालक वर्ग में अभिजीत राय- धनबाद,समर प्रताप सिंह- हजारीबाग, सत्यम बाग-पू. सिंहभूम, आर्यन कुमार-गिरीडीह, अनूप कुमार मिस्त्री, रांची, मोहम्मद सोहेल-गोड्डा, साजन करमाली-रामगढ़, सौरभ कुमार सिंह, सरायकेला, नितिन विजय- सिमडेगा, आर्यन कुमार गुप्ता, दुमका, कुमार शिवम-देवघर एवं कन्हैया -धनबाद से चयनित किए गए हैं। प्रशिक्षक बालक वर्ग- श्री अंकित कुमार, प्रशिक्षक बालिका वर्ग -जे. मूर्ति मैनेजर- अमित कुमार हैं। उपरोक्त सभी खिलाड़ियों को निर्देश दिया जाता है कि अपने सभी प्रमाणपत्र की ओरिजनल प्रतिः-यथा आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाणपत्र की मूल प्रति, 6 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं स्वयं के दैनिक उपयोग में आने वाली तथा ठंढ से बचाव के लिए गर्म कपड़ों के साथ 31 दिसंबर को अपराह्न 02:00 बजे तक हटिया रेलवे स्टेशन पर संजय ठाकुर, सह-सचिव, झारखंड वॉलीबॉल संघ को 9431176453 पर रिपोर्ट करेंगे।

**ग्रामीणों का हंगामा** | **स्कूली बच्चों को पहाड़ पर जाने से रोकने पर बवाल**

## ग्रामीण पीछे हटने को तैयार नहीं, बढ़ा दबाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर ।** झारखंड के जमशेदपुर स्थित जैन धर्म के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल मधुबन यानि सम्मेद शिखर का स्टेटस चेंज कर पर्यटन स्थल बनाने के विरोध में हंगामा जारी है। ताजा मामला यह है कि पारसनाथ पर्वत जा रहे कुछ स्कूली बच्चों को दो तीर्थयात्रियों द्वारा रोकने व दुर्व्यवहार करने की घटना के बाद स्थानीय लोग सड़क पर उतर आये। बाजार को बंद करा दिया गया। इस घटना के बाद नाराज लोगों ने देर शाम थाने पहुंचे और जमकर नारेबाजी की।मामले की गंभीरता को देखते हुए डुमरी एसडीएम प्रेमलता मुर्मू, एसडीपीओ मनोज कुमार, डीएसपी संजय राणा के साथ जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस में मौके पर पहुंच गई। सदर विधायक सुदिव्य कुमार



भी सूचना मिलने पर वहां पहुंच गए। अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों संग बातचीत की। घंटों तक चली वार्ता के बाद विधायक के आश्वासन व बच्चों संग दुर्व्यवहार करने वाले दूसरे जैन तीर्थयात्रियों द्वारा माफी मांगे जाने के बाद माहौल शांत हो गया। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए विधायक सुदिव्य ने कहा कि स्थानीय लोगों व जैन समुदाय के लोगों के बीच गतिरोध उत्पन्न हुआ था जिसे लेकर वार्ता हुई है। उन्होंने कहा कि पहाड़ सभी का है और इस पर जाने से रोका जाना उचित नहीं है। इससे पहले विधानसभा सत्र के दरमियान रांची में जैन समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई थी। उन लोगों ने जनवरी में यहां के मुद्दों को लेकर मधुबन में बैठक करने की बात कही थी। 9 जनवरी तक जैन समाज के ट्रस्टी मधुबन आकर बात नहीं करते हैं तो 10 जनवरी को मधुबन संक्रान्ति मैदान में यहां के लोग जुटेंगे और जो इनकी मर्जी होगी उसके अनुसार आगे का रास्ता तय किया जाएगा। दूसरी तरफ एसडीएम प्रेमलता मुर्मू ने कहा कि मधुबन में बच्चों संग दुर्व्यवहार करने वाले दोनों यात्रियों से पूछताछ की गई है। बाकी ग्रामीणों व जैन संस्था के लोगों संग बैठक हुई है। यहां पूरी तरह से शांति है। लोग अफवाह में नहीं पडें। दरअसल, यह मामला सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने से जुड़ा है। लोगों का कहना है कि सम्मेद शिखरजी एक धार्मिक स्थल है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में तब्दील नहीं किया जा सकता। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने भी जैन धर्म के पवित्र स्थल सम्मेद शिखर जी को तीर्थ स्थल ही रहने देने के संबंध में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा है।

### एसआई अमित कुमार तीन दिन से गायब, सुराग नहीं

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर के हैदरअली रोड में रहने वाले एसआई अमित कुमार तीन दिन से गायब है। पत्नी से झगड़ा होने के बाद उनका कुछ पता नहीं चल रहा है। अमित वर्तमान में पतरातू थाने में एसआई के पद पर पदस्थापित हैं। इस संबंध में एसआई की पत्नी ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस के अनुसार एसआई अमित और उनकी पत्नी के बीच 26 दिसंबर को किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। गुस्से में आकर एसआई घर से निकल गए। देर रात तक जब वह नहीं लौटे तो परिवार वाले परेशान हो गए। उन्हें फोन पर संपर्क किया, लेकिन उनका मोबाइल भी स्वीच ऑफ था। परिवार के सदस्यों ने पतरातू थाने में भी उसकी खोजबीन की। वहां के पुलिसकर्मियों ने उन्हें बताया कि वह अब तक थाना नहीं पहुंचे हैं। इसके बाद पत्नी सीधे सदर थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया।

### डॉ. छैल बिहारी व सभी सहयोगियों को किया गया सम्मानित

## प्राकृतिक चिकित्सा मरीजों लिए बेहतर : डॉ. शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति रांची द्वारा मारवाड़ी भवन में आयोजित समारोह मे कंचन सेवा संस्थान के विख्यात प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. छैल बिहारी शर्मा एवं उनके सात सहयोगियों को पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने कहा कि रांची में प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर सार्थक एवं लाभप्रद रहा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कमर घुटने रीढ़ दर्द डायबिटीज थायराइड प्रोस्टेट, गैस, ब्लड प्रेशर, अल्सर कब्ज हृदय रोग तथा अन्य जटिल बीमारियों के कई मरीज हैं। सभी बीमारियों का उपचार प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से बिना किसी ऑपरेशन एवं किसी साइड इफेक्ट से संभव हो सकता है। प्राकृतिक चिकित्सा से हजारों मरीजों को बिल्कुल ठीक किया गया है। रांची




में भी कई लोगों को इस इलाज से लाभ मिला है। समारोह की अध्यक्षता मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष- अशोक नारसरिया ने की संचालन- सचिव कौशल राजगढ़िया तथा धन्यवाद- ज्ञापन भरत बगड़िया ने की। कौशल राजगढ़िया ने बताया मारवाड़ी सहायक समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में 3 दिनों तक चली प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के अलावे रोजाना 1 घंटे का परिचर्चा एवं व्याख्यान के कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया एवं सभी असाध्य बीमारियों के निवारण तथा उपचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की। समारोह में कंचन सेवा संस्थान के डॉ. शर्मा ने अशोक कुमार नारसरिया, कौशल राजगढ़िया, मनोज चौधरी, आकाश अग्रवाल को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुण बुधिया, राजेश भरतीया, कमल खेतावत, अनूप सर्राफ के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## NEWS इन ब्रीफ

### बीडीओ ने रोजगार सेवकों को किया स्थानांतरित

**खरौंधी(गढ़वा)।** बीडीओ गणेश महतो ने बुधवार को प्रखंड में मनरेगा योजना का सफल कार्यान्वन हेतु प्रसाशनिक दृष्टिकोण से प्रखंड के सभी रोजगार सेवकों को एक दूसरे पंचायतों में स्थानांतरण करते हुए एक सप्ताह में एक दूसरे को प्रभार आदान प्रदान करने का निर्देश दिया है, जिसमें राजेश कुमार को मझिगावां पँचायत से राजी एवं करिवडीह पंचायत, सुनील कुमार को सिसरी पंचायत गुलाब पासवान को करिवडीह,अरंगी से अरंगी एवं कूपा पंचायत धर्मेंद्र कुमार को खरौंधी से मझिगावां सुजीत रावत को सुंडी पंचायत आंनद कुमार गुप्ता को कूपा से खरौंधी पंचायत का प्रभार दिया गया है।

### अनियंत्रित होकर बाइक पलटी, एक घायल

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मुसकैनी पहाड़ी के समीप बाईक अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक युवक घायल हो गया। युवक नशे में धुत था, जिसकी पहचान कोनमंडरा के विमलेश उरांव पिता बहादुर उरांव के रूप में हुई है। वहीं बाईक चालक युवक का साथी मौके से भाग निकला। गंभीरावस्था में स्थानीय थाने के गश्ती दल सहायक अवर निरीक्षक सतेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने उठाकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाकर भर्ती कराया,जहां पर तैनात आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### ग्रामीणों के बीच बीडीओ ने किया कंबल का वितरण

**भवनाथपुर।** बीडीओ जयपाल महतो ने भवनाथपुर पंचायत के बुका गांव के तितही टोला में गरीब असहाय परिवार के कम्बल का वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान ग्रामीणों ने बीडीओ जयपाल महतो को आवेदन देकर सड़क बनवाने की मांग की। बीडीओ ने ग्रामीणों ने उनकी समस्या की जानकारी मांगी जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि हमलोग को वर्ष 1986 में सरकार द्वारा कलौनी बना कर बसाया गया था। सड़क नही होने से बरसात के दिन में आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास के सूची में जोड़ने के लिए कैम्प लगाने की बात कही एवं बीपीओ को मिटी मोरम रोड बनवाने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ दयानंद प्रजापती, कौशल सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**गढ़वा।** गढवा-मझिआव मार्ग पर मझिआव पुरानी हॉस्पिटल के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में मझिआंव थाना क्षेत्र के गहेरी गांव निवासी गणेश प्रजापति एवं उसकी पत्नी रीना देवी के नाम शामिल है। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से गढ़वा इलाज कराने के लिए आ रही थी इसी दौरान पुरानी हॉस्पिटल के पास गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**गढ़वा।** नगर उंटारी-बिशुनपुरा मार्ग पर गुरुवार को बाइक दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों में नगर उंटारी थाना क्षेत्र के भैंस बेरवा गांव निवासी रामचंद्र भूईया उसके पुत्र अजय कुमार भुइयां के नाम शामिल हैं। इसमें गंभीर स्थिति में रामचंद्र भुईया को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों एक बाइक पर सवार होकर अपने घर से नगर आ रहा था। इसी दौरान कुत्ते के बचाने के क्रम में उसकी बाइक भोजपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया ।

### विधायक ने दर्जनों ट्रैक्टर व कृषि यंत्रों का किया वितरण

# योजनाओं का लाभ उठाएं किसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला कृषि कार्यालय में गुरुवार को विधायक भूषण बाड़ा ने किसानों के बीच ट्रैक्टर व कृषि यंत्रों का वितरण किया। मौके पर विधायक ने चार महिला समूहों सहित अन्य किसानों के बीच अनुदान पर दर्जनों ट्रैक्टर का वितरण किया। वहीं अन्य कई किसानों को पम्प सेट भी दिया। वितरण के बाद विधायक भूषण बाड़ा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा भारत एक कृषि प्रधान देश और सिमडेगा जिला कृषि पर आधारित जिला है। यहां की लगभग शत प्रतिशत आबादी कृषि पर ही निर्भर है। ऐसे में किसानों को ना सिर्फ अपने खेतों और फसल पर खर्च करना पड़ता है। बल्कि खेती के उपकरणों पर भी खर्च करना होता है। अगर किसान के पास ट्रैक्टर है तो खेती काफी आसान हो जाती है। वहीं, ट्रैक्टर खरीद लेना इतना भी आसान नहीं होता। ऐसे में छोटे किसानों को भी ट्रैक्टर मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार ने कई योजना की शुरूआत की है। इसके तहत राज्य सरकार जरूरतमंद किसानों को ट्रैक्टर खरीदने के लिए सब्सिडी दे है। किसान आगे बढ़े और इस योजना का लाभ लें। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी। साथ ही किसानों को लाभ लेने की अपील की। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी हिमांशु महाराणा, भूमि संरक्षण पदाधिकारी परमानंद दास, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रवक्ता रणधीर रंजन, शिशिर मिंज, प्रदीप केशरी, शोषण खेस, नीलेश लकड़ा, भूषण राम, रोहित कुमार सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

#### उन्नत तकनीक से करें कृषि कार्यः जिप सदस्य जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ट्रैक्टर किसानों के लिए आजीविका का एक अच्छा साधन साबित होगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जो ट्रैक्टर दिया जा रहा है, इसका सही देखभाल करें और समुचित लाभ लें।विभाग में चल रही योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीक से कृषि कार्य करें। इससे उपज अच्छी होगी।

### 40 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गढ़वा।** पुलिस ने गुरुवार को गढ़वा शहर के टंडवा मोहल्ला स्थित डांडू नदी पुल के पास से 40 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति गढ़वा थाना क्षेत्र के दुलदुलबा गांव निवासी कृष्णा चंद्रवंशी का पुत्र विजय चंद्रवंशी बताया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि विजय चंद्रवंशी एक मोटरसाइकिल पर 40 लीटर महुआ का शराब लेकर एक सहयोगी के साथ जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस क्रम में गांव के ही विजय चंद्रवंशी का सहयोगी मनोज गुप्ता का पुत्र सुबोध गुप्ता वहां से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध गढ़वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## कैरो में बीडीओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजना के कार्य मे प्रगति को लेकर प्रखण्ड कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए।मनरेगा योजना के तहत बिरसा हरित बागवानी , ट्रेंच कटिंग,घेरान ,हो पोटो खेल मैदान, दीदी बाड़ी, पशुधन सेड निर्माण पेंशन योजना पर विशेष चर्चा करते हुए कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश दिये वंही पूर्ण हो चुके कार्यो का अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया। पवन कुमार महतो ने कहा 2016 से 2022 तक 4199 प्रधानमंत्री आवास सभी 6 पंचायत में निर्गत किया गया था जिसमे गजनी 688, गुड़ी 505,हनहट 961,कैरो 512,नरौली 893 एवं सढ़ाबे 640 जिसमे निर्माण कार्य 3525 लाभुक पूर्ण कर चुके हैं। वंही प्रधानमंत्री आवास निर्माण में स्थिलता बरतने वाले लाभुकों पर 1 जनवरी 2023 से प्राथमिकी दर्ज कराया जाएगा ।मौके पर बीपीओ मृणाल प्रकाश,दिनेश कुमार, अमन शिखर, गुहा उरांव, सुहेल अहमद, श्यामदयाल उरांव, पंचम उरांव, रोशन कुमार, अजय कच्छप, परवेज अख्तर, राजमनी मिंज सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### डाक बंगला में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

# समुदाय का विकास करें युवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा सिमडेगा के जिला परिषद के डाक बंगला के सभागार में युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रतियोगिता का उद्घाटन रोस प्रतिमा सोरेंग जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। रोस प्रतिमा सोरेंग ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा नेतृत्व कर अपने स्वयं के विकास के साथ अपने समुदाय का भी विकास कर सकते है। उन्होंने युवाओं से आवाह्न किया कि इस शिविर में मिली शिक्षा को युवा अवसर में परिवर्तित कर अपने अपने समुदाय को विकास पथ पर आगे ले चलें। तत्पश्चात प्रशिक्षक डोमन राम मोची ने प्रतिभागियों को युवा मंडल अभियान के माध्यम से स्वयंसेवा और नेतृत्व विषय पर प्रशिक्षण दिया। सत्यव्रत ठाकुर ने युवाओं को स्वयंसेवकों के माध्यम से सामुदायिक विकास - जिले में अवसर विषय पर प्रशिक्षण दिया। महात्मा गांधी रिसर्च फेलो के अनीश लावेलकर ने युवाओं को टीम वर्क एवं युवाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संध्या समय में सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मंच संचालन डोमन राम मोची ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यासागर, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रेश्मा, संजय, नितेश, चंद्रकांता, अनुराधा और सरिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### टीबी मरीजों के सहयोग के लिए आगे आएं लोगः सीएस

**गढ़वा।** गढ़वा के कल्याणपुर स्थित हेरिटेज फामेर्सी कालेज के अध्यक्ष रोस्तम अली कादरी एवं सचिव समसुद्दीन द्वारा 20 टीबी मरीजों को गोद लेकर अपने खर्च से अतिरिक्त पोषाहार के रुप में उन्हें फूड बास्केट प्रदान किया गया। साथ ही उन मरीजों के दवा चलने तक प्रतिमाह फूड बास्केट देते रहने की भी प्रतिबद्धता जताई। इसे लेकर कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा.कमलेश कुमार, डीपीसी डा.पुरुषेश्वर मिश्र, पीपीएम नुरुल्लाह अंसारी भी उपस्थित थे। मौके पर सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने कहा कि इस अभियान से जुड़कर टीबी मरीजों के सहयोगी बन रहे लोग सकारात्मक सोच वाले हैं।

### प्रखंड स्तरीय विराट रौतिया सम्मेलन का समापन

# तिलैजारा ने पीडियापोछ को 1-0 से हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** 25 वां बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति प्रखंड स्तरीय विराट रौतिया सम्मेलन का आयोजन बोलबा प्रखंड के कादोपानी क्षेत्र में तीन दिवसीय खेल का आयोजन किया गया था जिसका समापन किया गया। यह सम्मेलन 27 से 29 दिसम्बर तक आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन की शुरूआत सर्वप्रथम भूमि पूजन करते हुवे किया गया। इस सम्मेलन में हॉकी बालक, बालिका एवं फुटबॉल खेल में बालक शामिल थे।

#### परिचर्चा का आयोजन

खेल के साथ साथ इस सम्मेलन में प्रभात फेरी, कीर्त्तन भजन, मन्त्रणा गोष्ठी, लाठी, तलवार, तीरंदाजी, एथलेटिक्स खेल का प्रदर्शन किया गया साथ ही सामाजिक परिचर्चा, बीच-बीच में क्षेत्रवार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन, सामूहिक स्त्री-पुरुष कार्यक्रम का प्रदर्शन, एकल गान आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रथन, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कार अतिथियों द्वारा दिया गया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में फाइनल मैच में बालिका वर्ग हॉकी में तिलैजारा एवं पीडियापोछ के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में तिलैजारा 1-0 से विजय हुवे। वंही बालक फुटबॉल फाइनल मैच बोलबा और छात्र संघ सिमडेगा के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में बोलबा 3-2 से विजय हुवे सम्मेलन में अतिथियों के रूप में अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष लालदेव सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, केंद्रीय महासचिव सुरेंद्र सिंह, संरक्षक बिरसु सिंह, सिमडेगा जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, चेरो न्याय संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सचिव सुदर्शन सिंह, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## हीरापुर में एक्सिस बैंक के नये शाखा का किया गया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** निजी क्षेत्र में देश का तीसरा सबसे बडा बैंक एक्सिस बैंका का धनबाद स्थित हीरापुर में नये शाखा का शुभारंभ में मुख्य अतिथि समीरन दत्ता, मुख्य प्रबंध निदेशक, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड एक्सिस बैंक के प्रतिनिधि, आकाश कुमार, सर्कल हेड-(झारखंड सर्कल) और अमित रिटोलिया, क्लस्टर हेड-धनबाद की उपस्थिति में हुआ। शाखा पर संपत्ति उत्पादों और बैंकिंग सेवाओं जैसे खाते (बचत और चालू खाते), जमा लाभ मिलेगा। वही ग्राहकों को सभी प्रकार के ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा। शाखा के शुभारंभ के दौरान ग्रुप कार्यकारी और प्रमुख - शाखा बैंकिंग, खुदरा देनदारियां और उत्पाद के रवि नारायणन, ने कहा कि कहा हमने बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की मांग में वृद्धि देखी है। क्षेत्र में खुदरा और संस्थागत ग्राहकों के बीच मांग की खाई को पूरा करने व क्षेत्र में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने मौजूदा नेटवर्क का विस्तार किया है।

### आजसू ने सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल को बताया विफल

# जनहित के तो कार्य हुए ही नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आजसू पार्टी सिमडेगा द्वारा झारखंड सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर आजसू जिलाध्यक्ष धुपेंद्र पांडे ने कहा कि झारखंड सरकार के 3 वर्षों का कार्य पूरी तरह से विफल रहा इस पर जनहित के कोई भी कार्य नहीं हुए। हेमंत सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा झारखंड के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है।

#### युवाओं को ठगा

नियोजन नीति, रोजगार, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवा ठगे गए। मुख्यमंत्री ने एक साल में 5 लाख नौकरियां देने के वादे किए थे, लेकिन 3 साल में महज साढ़े पांच सौ नियुक्तियां हुई हैं। संसाधनों की लूट मची है और सरकार झूठ पर झूठ बोले जा रही है। युवाओं को नौकरी मिलने की बजाय, उनके हाथ से नियुक्तियां निकली जा रही हैं।अखबारों में वेकैंसी, परीक्षाओं की सूचनाएं आती हैं, लेकिन इनकी लचर नीतियों की वजह से सब धरी रह जाती हैं। सरकार ने तीन साल में जनादेश और जनभावना का अपमान किया है। स्थानीय नीति को नियोजन का आधार क्यों नहीं बनाया गया। आजसू पार्टी ने शुरू से इस विषय पर अपनी आवाज मुखर की। स्थानीय नीति, आरक्षण नियोजन को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट मंशा नहीं है इसलिए वह चीजों को और उलझाने का रास्ता प्रशस्त करती रही है। अपराध चरम पर है। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। किसानों के हितों को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं हुई। राज्य हित में 12 जनवरी से आजसू पार्टी पूरे राज्य में जन आंदोलन करेगी मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष अनिल मेहर, सचिव विकास बड़ाइक ,उपाध्यक्ष विशाल डेनिश बाड़ा, जिला मीडिया प्रभारी राजन महतो उपस्थित रहे।

## शूटर शोभा ने बीडीओ से की राइफल उपलब्ध कराने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पांडेबागी बरटा गांव निवासी शोभा रानी राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय व राजकीय स्तर पर जौहर दिखा चुकी है। यहां तक की राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर कई प्रतियोगिता भी जीत चुकी है। परंतु शोभा को सहयोग की आवश्यकता है। शोभा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह को गुरुवार को आवेदन देकर 10 मीटर एयर राइफल मुहैया कराने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि मैं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाज में कई गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत चुकी हूं। परंतु आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण एयर राइफल नहीं खरीद पा रही हूं। जिससे प्रैक्टिस बाधित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर एवं इंडिया टीम में चयन को लेकर भोपाल में ट्रायल एक व दो को है। जहां मुझे जाना भी है। परंतु एक स्पोर्ट्स 10 मीटर एयर राइफल की आवश्यकता है। शोभा रानी पांडेबागी के राधेश्याम रविदास की पुत्री है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी शोभा की प्रतिभा को देखते हुए जल्द राइफल मुहैया कराने का आश्वासन दिया है। शोभा रानी ने जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवी से भी आर्थिक रूप से सहयोग करने की अपील की है।

**नकेल** अवैध पोस्ते की खेती के खिलाफ पुलिस कार्रवाई जारी

# 25 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** पुलिस पोस्ता विनिस्टीकरन को लेकर कुंदा थाना क्षेत्र में एक्शन मूड में कार्य कर रही है। गुरुवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत अति सुदूरवर्ती दारी के जंगली क्षेत्रों में 25 एकड़ वन भूमि में लगाये गये अवैध पोस्ता खेती को सात ट्रैक्टर की सहायता से नष्ट किया गया। ज्ञात हो की कुन्दा थाना क्षेत्र मे अफीम उन्मूलन को लेकर थाना प्रभारी परमानंद मेहरा के नेतृत्व में लगातार अभियान जारी है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की पूर्व में पोस्ता फसल ना लगाने को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया था। इसके बावजूद तस्करों द्वारा वन क्षेत्र में पोस्ता लगाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसे वन विभाग के सहयोग से विनिस्टीकरन अभियान चलाकर नष्ट किया गया है। वही खेती में संलिप्त तस्करों की पड़ताल की जा रही है, चिन्हित होने के उपरांत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की

## नशा मुक्ति को लेकर इंस्पेक्टर की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की हुई बैठक



**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा थाना क्षेत्र के गाड़ीलोंग पंचायत अंतर्गत कामता में नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह समेत मुखिया सबीदा खातून एवं पंचायत समिति सदस्य रुकेदा खातून मौजूद थे। ग्रामीणों को बताया गया कि शराब के सेवन से शरीर व समाज दोनों पर इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। कई सड़क दुर्घटनाओं के अधिकांश मामलों में चालकों के शराब सेवन करने की पुष्टि हुई है। वहीं युवा वर्ग इसके चपेट में आकर आपराधिक घटनाओं में संलिप्त होने लगे हैं। बैठक में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लेते हुए स्वस्थ्य शरीर व समाज की परिकल्पना को साकार करने हेतु ग्रामीणों से नशा मुक्त करने का संकल्प दोहराया गया। मौके पर सदर मोहम्मद फारुख, सेक्रेटरी मोहम्मद साजिद, मोहम्मद सदीक, जसमुद्दीन अंसारी, रोशन अंसारी, रफीक अंसारी, मोहिब अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सरकार के प्रति जताया विरोध

**लोहरदगा ।** झारखंड सरकार के 03 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने सरकार के कुशासन और असफलता के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। मौके पर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि महागठबंधन की सरकार 3 वर्षों में एक बंधन के रूप में काम की है। पूर्ववर्ती सरकार के सभी विकास कार्य को केवल अवरुद्ध कर जनता को छलने का काम किया है। राज्य में घटनाओं की ग्राफ 4 गुना बढ़ी है। मुख्यमंत्री अपने आप को आदिवासियों का हितैषी बताते हैं परंतु इनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा आदिवासी महिलाओं एवं बेटियों के साथ में दुष्कर्म एवं हत्या जैसी घटनाएं हुई है। सरकार झूठी विकास को लेकर अपनी पीठ स्वयं थपथपा रही है। युवा लगातार आदोंलन कर रहे हैं। सरकार अवैध खनन में लगी है। मौके पर उपस्थित,अजय पंकज, सजल कुमार, विजय महतो,तन्मय कुमार, रेखा साहू,रोहन गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

## नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन यात्रा जमशेदपुर पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** पीएम ॽसुरक्षित मातृत्व अभियानॽ के तहत 28 नवंबर से ऋषिकेश से जारी 'नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन' यात्रा गुरुवार को जमशेदपुर पहुंची। पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत द फेडरेशन ऑफ ऑब्स्ट्रेटिक्स एवं गायनकोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी 'नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन' यात्रा विभिन्न पड़ावों से होकर गुजर रही है । यह यात्रा जमशेदपुर पहुंची जहां इस उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम हुए ।

#### यात्रा 28 नवंबर से ऋषिकेश से शुरू हुई

जमशेदपुर इकाई अध्यक्ष रंजना जोशी ने बताया कि पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत यह यात्रा 28 नवंबर से ऋषिकेश से शुरू हुई है । उन्होंने बताया कि पूरे झारखंड में 60% महिलाओं में एनीमिया की शिकायत है जिसके निदान के लिए विभिन्न स्तर पर पहल हो रहे हैं । इस मौके पर सचिव डॉ श्वेता कुमारी और डॉक्टर सुभद्रा मलिक ने एनीमिया मुक्त भारत पर बल देते महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने का सुझाव दिया साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस दिशा में उठाए जा रहे कदमों की प्रशंसा की। इस दौरान डॉ आशा गुप्ता और डॉ बनीता सहाय ने एनीमिया के लिए कुछ हद तक महिलों को भी जिम्मेदार बताया जो अपना उचित तरीके से ख्याल नहीं रखतीं हैं । लौहनगरी जमशेदपुर की महिलाओं ने 'नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन' यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि एनीमिया से जारी यह जंग सामूहिक प्रयास से जीती जा सकेगी । एनीमिया नेशनल राइड के नाम से जारी 'नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन' यात्रा गंगा किनारे होते हुए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश ,बिहार और झारखंड होते हुए बंगाल के रास्ते गंगासागर तक जाएगी ।

NEWS इन ब्रीफ

## पिछले एक महीनो से ऑनलाइन नही हो रहा है बिजली बिल का भुगतान

**बरही।** पिछले एक महीनो से भी ज्यादा समय से बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान नहीं हो रहा है। जिससे कई उपभोक्ताओं को बिल भुगतान करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल डिजिटल पेमेंट की सुविधा के करना अब बहुत से उपभोक्ता पंक्ति में लगने से कतराते है। ऐसे में इन लोगो को बिल भुगतान करने में परेशानी हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एक ओर जहां सरकार कैशलस और डिजिटल पेमेंट पर फोकस कर रही है वही विभाग तकनीकी संशोधन के नाम पर महीनो से खानापूर्ति कर रही है। इसे यथाशीघ्र अपग्रेड कर पोर्टल को आम लोगों के लिए चालू करना चाहिए।

## कार दुर्घटना में 4 लोग घायल, रेफर




**बरही।** गुरुवार की अहले सुबह धनबाद की ओर से आ रही एक निजी कार बीआर 01 एफटी 3255 जीटी रोड स्थित राम नारायण यादव महाविद्यालय के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार दुर्घटना में कार पर सवार चार व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती किया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना सुबह करीब 4:00 बजे की है। धुंध के कारण किसी अज्ञात गाड़ी से कार में टक्कर होने से घटना घटी।

## पूर्व विधायक ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बरकट्ठा।** शिलाडीह पंचायत के लगनवां में 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने लोंगो से कहा, जीता या हारा सदा आपका ही रहकर कार्य करूँगा। विदित हो कि स्थानीय लोग लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे। वहीं एक सौ केवी का ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में उत्साह दिखा तथा लोगों ने पूर्व विधायक के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जानकी यादव हमेशा हमारी समस्याओं का निराकरण करते हैं। इस दौरान पूर्व विधायक जनसमस्याओं से अवगत हुए तथा संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात कर समाधान करने को कहा। मौके पर उपमुखिया सहदेव पासवान, पसस प्रतिनिधि समीम अंसारी पूर्व पंसस लोकनाथ राणा, जोधन मोदी,जागेश्वर पांडेय, प्रकाश मोदी, अर्जुन पासवान, बलराम राणा, कार्तिक करण, मिशरू राणा, सुखदेव पासवान, रोशन राणा, सहदेव पांडेय, सुनील मोदी, बलराम पासवान, रामेश्वर सिंह, कमल करण समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

# फ्लाईओवर निर्माण कार्य कछुए की गति से भी धीमी, बढ़ी परेशानी

### रोड निर्माण कार्य में जहां-तहां गड्ढे और नुकीले छड़ निकलने से दुर्घटना की बनी रहती है संभावना

### पिलरों के समीप बन गये हैं पार्किंग स्थल और कूड़ेदान







नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड में पिछले 2 वर्षों से फ्लाईओवर निर्माण कार्य कछुए की गति से भी धीमी चाल से चल रही है। बिना सेफ्टी के निर्माण कार्य किए जाने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। वहीं सड़क में नुकीले छड़ निकले हुए हैं जिससे गाड़ियों के टायर ब्लास्ट करते हैं और एक्सीडेंट की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय निवासी बिंदु सोनी का कहना है कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य बहुत ही धीमा है, इससे हम लोगों को समस्याएं हो रही है। कहा कि निर्माण कार्य बंद रहने के कारण बरकट्ठा की सूरत बिगड़ गई है। वहीं फ्लाईओवर के लिए बनाए गए पिलर के समीप का स्थान कूड़ेदान की तरह उपयोग में आ रहा है । विदित हो कि बरकट्ठा में लगभग डेढ़ किलोमीटर तक बन रहे फ्लाईओवर में अब तक आधा अधूरा निर्माण कार्य हुआ हैं। हालांकि बरकट्ठा में जहां पार्किंग सुविधा नहीं है वहीं फ्लाईओवर निर्माण कार्य शिथिल होने के कारण वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बन गया है। भारत सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना चतुभुर्जी सड़क को सिक्स लेन में अपग्रेड करने को लेकर फ्लाईओवर का निर्माण किया जाना है, लेकिन निर्माण कार्य एजेंसी की लापरवाही और उदासीन रवैया के कारण निर्माण कार्य लगभग बंद है। इधर फ्लाईओवर निर्माण कार्य बंद रहने से बाजार की रौनक गायब हो गई है।

वहीं सड़क चौड़ीकरण के दौरान कई घरों और दुकानों को निर्माण एजेंसी के द्वारा आनन-फानन में तोड़ा गया जिसका रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। स्थानीय लोगों का एनएचआई और प्रशासनिक दबाव में बगैर मुआवजा भुगतान के दुकान और घरों की तोड़फोड़ की गई। वहीं दूसरी तरफ लोग फ्लाईओवर के निर्माण के आस में अपने दुकान और घर को भी नहीं बना पा रहे हैं। मामले को लेकर लोगों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई लेकिन अधिकांश लोगों को मुआवजा नहीं मिला। लोग फ्लाईओवर के पहले सर्विस रोड बनाने की मांग करते रहे ताकि कुछ राहत मिल सके। वही मकान और दुकान वाले स्थानीय लोगों के कारोबार प्रभावित हो गये हैं। निराश प्रभावित रैयत मुआवजा की आस में वर्षों से इंतजार कर रहे। स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी से नुकीले छड़ को निकालने तथा सड़क के किनारे फैली गंदगी की सफाई करने की मांग की है।

संस्कृत भारती ने किया प्रेसवार्ता

# संस्कृत भारत की आत्मा है : डॉ. दीपचंद राम कश्यप




नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रानी सती मंदिर रांची के प्रांगण में गुरुवार को संस्कृत भारती द्वारा प्रेस वार्ता किया गया। प्रेसवार्ता में संस्कृत भारती के प्रदेश मंत्री डॉ दीपचंद राम कश्यप, प्रांत शिक्षण प्रमुख डॉ चंद्रमाधव सिंह, धनबाद विभाग के विभाग संयोजक विनय कुमार पांडेय, रामगढ़ जिला संयोजक डॉ सुनील कुमार कश्यप मौजूद थे। प्रेसवार्ता में संस्कृत भारती द्वारा संचालित संस्कृत प्रबोधन वर्ग के संबंध में जानकारी दी गई। वर्ग का शुभारंभ 24 दिसंबर को हुआ था। बताया गया कि प्रबोधन वर्ग में झारखंड के 10 जिलों से 110 प्रशिक्षु शामिल हुए। बताया कि वर्ग का उद्देश्य है संस्कृत भाषा सिखाना और अपने क्षेत्र में जाकर समाज के लोगों को संस्कृत सिखाना है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षु श्लोक उच्चारण केंद्र, सरला केंद्र तथा बाल केंद्र चलाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्कृत भारती के प्रांतीय मंत्री डॉ दीपचंद राम कश्यप ने बताया कि संस्कृत भारत की आत्मा है। जिस प्रकार बिजली के बल्ब में कमल फूल नहीं खिल सकता है ठीक उसी प्रकार विदेशी भाषा से भारत की आत्मा चैतन्या अवस्था को प्राप्त नहीं कर सकती है। कहा कि जैसे कमल के पुष्प के लिए सूर्य का प्रकाश आवश्यक है ठीक उसी प्रकार भारत की संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए संस्कृत विद्या का विकास होना आवश्यक है। संस्कृत भारती के प्रशिक्षण प्रमुख डॉ चंद्रमाधव सिंह ने कहा की समाज की वर्तमान समाज के सभी समस्याओं का समाधान संस्कृत भाषा में निहित है । संस्कृत विद्या को पुनर्जीवित भारत पुनः जगत गुरु बन सकता है। धनबाद विभाग के संयोजक एवं प्रबुद्ध वर्ग के प्रशिक्षक डॉ विनय कुमार पांडेय ने कहा कि इस वर्ग की प्रमुख विशेषता है कि हम लोग खेल खेल में अभिनय द्वारा तथा संगीत के माध्यम से शिक्षार्थियों को प्रशिक्षित करने का कार्य करते हैं। यहां का वातावरण पूर्णतः संस्कृत मय है।

# पटेल छात्रावास में आयोजित ऑडिशन में 35 प्रतिभागियों का ग्रैंड फिनाले के लिए चयन

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** नववर्ष आगमन के शुभ अवसर पर कैथा फुटबॉल मैदान में 31 दिसंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम को लेकर पटेल छात्रावास कांकेबार में प्रतिभागियों के लिए गुरूवार को ऑडिशन का आयोजन हुआ। ऑडिशन में राज्य के विभिन्न जिलों के 65 प्रतिभागियों ने सोलो,ड्यूट और ग्रुप श्रेणी में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऑडिशन में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला सचिव लालचंद महतो व विशिष्ट अतिथि आजसू छात्र संघ के प्रदेश सचिव अरविंद महतो, छावनी परिषद महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर ऑडिशन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि लालचंद महतो ने कहा कि आजसू पार्टी की ओर से स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को मुकाम देने की मुहिम है राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता। स्थानीय कलाकारों में झारखंडी लोक नृत्य, संस्कृति के अलावे एरोबिक,फ्रि स्टाइल, हिप-हॉप, शास्त्रीय नृत्य की कला कूट -कूट कर भरी है। राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर उन्होंने आयोजन समिति व रामगढ़ नगर परिषद कमेटी अध्यक्ष राजेश महतो को धन्यवाद दिया। वहीं, आयोजन समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा नववर्ष के शुभ अवसर प्रतिवर्ष कैथा फुटबॉल मैदान में 31 दिसबंर को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के निर्देश पर राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाता है। आयोजन को लेकर इस वर्ष प्रतिभागियों व क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि ऑडिशन में राज्य भर के विभिन्न जिलों रांची, धनबाद, बोकारो, जैसे जिलों के प्रतिभागियों ने ऑनलाइन ऑडिशन के माध्यम से अपनी दावेदारी प्रस्तुत किया। पटेल छात्रावास में आयोजित ऑडिशन में 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 35 प्रतिभागियों का चयन 31 दिसंबर को होने वाले ग्रैंड फिनाले के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर को कैथा फुटबॉल मैदान में राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के बाद सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन होना है। सांस्कृतिक संध्या में झारखंड राज्य के मशहूर लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## बकाया बिजली बिल जमा करें, कटेगा कनेक्शन

**लातेहार।** कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने बकाया बिजली बिल जमा करने की अपील उपभोक्ताओं से की है। उन्होंने कहा कि वैसे उपभोक्ता जीन का बिजली बिल 2000 से अधिक बकाया है वह अभिलंब बिजली बिल जमा करें। उन्होंने कहा कि बकायेदारों के द्वारा बिजली बिल जमा नहीं करने पर उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। अवैध बिजली जलाते पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्री कुमार ने आगे बताया कि अगर किसी उपभोक्ता को बिजली बिल नहीं मिल रहा है तो वैसे उपभोक्ता निकटतम बिजली विभाग के कार्यालय में इसकी शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा एक सौ यूनिट की छूट दी जा रही है और इस छूट का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता के घर में वैद्य या चालू हालत में मीटर होना चाहिए, छूट का लाभ लेने के लिए उन्होंने खराब मीटरो को अभिलंब बदलवाने की अपील की।

# मिनी कोल्ड स्टोरेज निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ दिया आवेदन



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** कोल्हुआकला के करगईओ स्थित पैक्स परिसर में मिनी कोल्ड स्टोरेज निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने वाले के खिलाफ पैक्स अध्यक्ष प्रवीण यादव ने थाना में आवेदन देकर उचित करवाई की मांग की गई है। आरोप लगाया गया है कि गांव के मनोज कुमार यादव पिता जागेश्वर यादव, जागेश्वर यादव पिता सोना यादव, राधेश्याम यादव पिता परमेश्वर यादव और केदार यादव पिता स्व गणेश यादव के द्वारा पैक्स प्रबंधन समिति द्वारा उपलब्ध जमीन पर बन रहे कोल्ड स्टोरेज कार्य को बाधित किया जा रहा है। जिससे सरकारी काम बाधित हों रहे है। उन्होंने बताया कि बीते 12 जुलाई को राज्य सहकारिता विभाग के द्वारा जिला के चार विभिन्न स्थानों पर 5 एमटी वाले सौर चालित मिनी कोल्ड स्टोरेज निर्माण किया जाना है। जिसमे कोल्हुआकला पैक्स का भी चयन किया गया है। इसके लिए 7 नवंबर को उपायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई अनुश्रवण समिति की बैठक पैक्स परिसर के जमीन का चयन किया गया है। परंतु उक्त लोगों के द्वारा निजी स्वार्थ में उक्त स्थल का अतिक्रमण करने के उद्देश्य से निर्माण स्थल का विरोध किया जा रहा है। आवेदन के माध्यम से निर्माण कार्य चालू करवाने में की मांग की गई है। पूछे जाने पर उनलोगों ने बताया कि उक्त स्थल पर ग्राम देवता का स्थान है। इसलिए उक्त स्थल से थोड़ी दूर पर पैक्स परिसर में ही कोल्ड स्टोरेज बनाने की बात कही जा रही है। निर्माण कार्य को कोई विरोध नहीं है। अध्यक्ष के द्वारा मनमानी की जा रही है।

# विभिन्न योजनाओं का लाभुकों को मिला लाभ



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** वर्तमान राज्य सरकार के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन धुर्वा रांची में आयोजित कार्यक्रम में समाहरणालय रामगढ़ स्थित झारनेट कक्ष से उपायुक्त माधवी मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुईं। साथ ही राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष रामगढ़ में किया गया। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मियों सहित अन्य उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत रामगढ़ जिले के कुल 56771 विद्यार्थियों को 12 करोड़ 77 लाख 78 हजार 500 रुपये, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 13427 बच्चियों को 5 करोड़ 38 लाख 57 हजार 500 रुपये, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 13858 लाभुकों के बीच 4 करोड़ 85 लाख 3 हजार रुपए एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कुल 439 लाभुकों के बीच 1 करोड़ 74 लाख 78 हजार 741 रुपये की लाभ राशि का डीबीटी किया गया।

# कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रभारी ने विधायक संग किया प्रेसवार्ता



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला यादव की उपस्थिति में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सह ओबीसी मोर्चा सह पार्टी के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ रूपम यादव कांग्रेस जिला ओबीसी अध्यक्ष सुरजीत नागवाल के साथ एनएचएआई आईबी में प्रेस वार्ता किया। वार्ता का उद्देश्य बताते हुए प्रभारी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के निकाले गए भारत यात्रा में लगातार पार्टी से नए लोग जुड़ रहे है। इस दौरान राज्य ने ओबीसी मोर्चा को मजबूत करना और पार्टी सशक्त करना उनका मूल उद्देश्य है। किसी कारणवश जो भी कार्यकर्ता पार्टी से दूर हुए है उन्हे ससम्मान लाने का काम किया जायेगा। वार्ता के दौरान देश में बढ़ रहे मंहगाई, बेरोजगारी आदि के लिए केंद्र सरकार की खिंचाई भी किया। वार्ता में बोलते हुए विधायक ने कहा कि भारत यात्रा से पार्टी को लाभ हुआ है। हजारों की संख्या में लोग नित्य जुट रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी मोर्चा को एक सशक्त प्रभारी मिल चुका है, इनके नेतृत्व में अधिकाधिक संख्या में ओबीसी समुदाय के लोग पार्टी से जुडेंगे। उन्होंने भी बढ़ती महंगाई, जीएसटी इत्यादि मुद्दों पर केंद्र सरकार की जमकर खिंचाई किया। पत्रकार वार्ता में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, विस विधायक प्रतिनिधि छठ्ठू गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहु, ओबीसी जिला महासचिव दीपक गुप्ता, प्रमोद सिंह आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो पदयात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** कांग्रेस का भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत प्रखंड के जीटी रोड पर कांग्रेसियों ने पैदल मार्च किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद और मंच संचालन रुपेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपम कुमारी यादव, जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि-डॉ प्रकाश कुमार, सुरजीत नाग वाला जिला अध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ गुड्डु सिंह, रवि सिंह, निसार खान, दिगम्बर मेहता, आरसी प्रसाद मेहता, जमुना प्रसाद, नारायण प्रसाद, इसराफिल आलम, सुमन कुमार, मोइन अंसारी, मणिलाल चौधरी, मो सरफराज, बेबी कुमारी शामिल थे। मौके पर झारखंड ओबीसी प्रदेश प्रभारी रूपम यादव ने कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना होगा। शैलेन्द्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने अडानी अम्बानी के हाथों में देश को गिरवी रख दिया। इसलिए राहुल गांधी जनता को जगा रहें हैं। और भारत जोड़ो पदयात्रा कर रहें हैं। डॉ प्रकाश कुमार ने कहा कि बीजेपी देश में नफरत फैला कर देश को तोड़ने का काम कर रही है और कांग्रेस प्यार से देश को जोड़ने का काम कर रही है।

कार्यक्रम | प्रकाश उत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब में भक्ति की बयार बहती रही

# 356वें प्रकाश उत्सव पर विशेष दीवान सजा





नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार को सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 356 वें प्रकाश उत्सव पर विशेष दीवान सजाया गया। मौके पर दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई जगजीत सिंह बबीहा ने मधुर स्वर में शब्द कीर्तन पेश कर संगत को निहाल किया। साथ ही गुरु गोविंद सिंह जी के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। बड़े उत्साह से संगत ने गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म दिवस मनाया। मालूम हो कि गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर पिछले 5 दिनों से गुरुद्वारा साहिब से अहले सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। जिसमें कड़ाके की ठंड के बावजूद भी बड़ी संख्या में संगत शामिल हुए। गुरुवार को प्रकाश उत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब में भक्ति की बयार बहती रही। हेड ग्रन्थी बाबा गुरजीत सिंह जी ने गुरु गोविंद सिंह जी के इतिहास के बारे में संगत को जानकारी दी। इस मौके पर रामगढ़ गुरद्वारा साहिब के प्रधान प्रदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत को गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म उत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम में रामगढ़ उपायुक्त माधुवी मिश्रा के माता पिता और रामगढ़ थाना प्रभारी विद्या शंकर सिंह उपस्थित हुए।

प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, कुलजीत सिंह कालरा, कुलवंत सिंह, गुरदीप सिंह सैनी, तेजिंदर सिंह सोनी, नरेंद्र सिंह ,नरेंद्र पाल सिंह, पप्पू जस्सल, जसकीरत सिंह भाटिया, काशीस छाबड़ा, हर्षित भसीन, ऋषभ सलूजा, हरभजन सिंह जस्सल, अमरजीत सिंह छाबड़ा, मनमोहन सिंह आनंद, रविंद्र सिंह छाबड़ा, विक्की छाबड़ा, रौनक छाबड़ा, सतपाल सिंह होरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, पृथपाल सिंह छाबड़ा, कुलजीत सिंह होरा, जसप्रीत सिंह जग्गी, इकबाल सिंह छाबड़ा, कमल जस्सल, सुमित जॉनी, बलविंदर कौर छाबड़ा, जसमीत कौर सोनी, नरेश सैनी, अंजू अरोड़ा, चरणजीत कौर जौली, परमजीत सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# ई-पॉस मशीन में 4 जी नेट नहीं होने से डिलर व कार्ड धारी परेशान, नेट की रहती है समस्या



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ई-पॉस मशीन का नेट ठीक से काम नहीं करने के कारण डीलरों के साथ-साथ कार्ड धारकों को काफी समस्या हो रही है। पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी द्वारा विगत कुछ दिनों से शिलाडीह पंचायत अंतर्गत विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें उन्होंने पाया कि नेट स्लो होने की वजह से मशीन से पर्ची निकालने में काफी समस्याएं होती है। जिसके कारण कार्ड धारकों के साथ-साथ दुकान परेशान हैं। उन्होंने सरकार से पॉस मशीन में 2जी के स्थान पर 4 जीलगाने कि मांग की है। कहा कि मोदी सरकार देश को आधुनिकीकरण की ओर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है लेकिन जन वितरण प्रणाली की दुकानों में लगे ई-पॉस मशीन 2 जी वाली नेटवर्क से जूझ रही है जो हमें बीसवीं सदी की याद दिलाती है। वही राशन लेने आए कार्ड धारी रामतीर्थ पांडेय ने बताया कि जन वितरण प्रणाली दुकान की मशीन में 2 जीनेटवर्क होने से कई बार हम लोगों को बैरंग लौटना पड़ता है। एक ही काम के लिए हम लोगों को बार बार आना पड़ता है और तब राशन मिलता है। वहीं राशन डीलर मशीन में नेटवर्क लाने के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं और कार्ड धारियों को भी भटकाते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

### प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की हुई बैठक



**कुडू-लोहरदगा।** प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक गुरुवार 29 दिसंबर को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें एलडीएम रविंदर प्रसाद, नाबार्ड के संजय त्रिवेदी, ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक समीर त्रिवेदी, बैंक ऑफ इंडिया के अपूर्व मुंडू, पीएनबी के शाखा प्रबंधक रामय बोदरा सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान बैंकों के सीडी रेशियो, मुद्रा लोन, जीवन ज्योति, जीवन सुरक्षा, अटल पेंशन, केसीसी व लाभुक के योजनाओं के लिए प्राप्त पैसों से लोन की वसूली ना होने आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ श्री कुमार ने सिक्कों की स्वीकार्यता के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने सहित कई निर्देश दिया।

### कुंवा में मिले शव की अब तक नहीं हुई पहचान



**सिमडेगा।** कुरडेग में मंगलवार को मिले शव की अब तक पहचान नहीं हुई है। शव को कुरडेग पुलिस द्वारा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शीतगृह में रखा गया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुन्ना रामानी ने बताया है कि वह व्यक्ति कुरडेग में इधर उधर भटक रहा था जिसका शव बैघमा पकरीचौरा गांव के संदीप किंडो नामक व्यक्ति के घर के पीछे वाले कुएं में अचानक देखा गया था। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई भी व्यक्ति उक्त व्यक्ति की पहचान करते हैं तो कुरडेग थाना में इसकी निम्न नम्बर पर सूचना दें। 7079684704, 9155070795।

### बिजली विभाग की कड़ी कारवाई, 8 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**कुरडेग।** विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता सिमडेगा, कनीय विद्युत अभियंता सिमडेगा, कनीय सारणी पुरूष कुरडेग ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर बकाया राशि होने पर काटे गये विधुतिय सम्बंध को जोड़ कर जलाते हुए 6 उपभोक्ताओं एवं अवैध रूप से हुकींग कर विद्युत उर्जा का उपयोग करने पर 2 लोगों पर कार्यवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गई। मौके पर मौजूद सहायक विद्युत अभियंता ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा बिजली मीटर नही लगाया गया है ऐसे लोग जल्द से जल्द मीटर लगा लें साथ ही जिनका बिजली मीटर खराब हो गया है वैसे लोग कार्यालय से सम्पर्क कर नया मीटर लगा लें।

सरकार के तृतीय वर्षगांठ पर रांची में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

# मंत्री डॉ. रामेश्वर ने जताया सीएम का आभार, लाभुकों को दिया स्वीकृति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची, झारखंड में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण झारनेट, वीसी रूम, लोहरदगा और नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। झारनेट वीसी रूम में डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक, वितरण एवं उपभोक्ता, मामले विभाग, झारखंड, रांची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत







सोरेन ने मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से वीसी के माध्यम से बातचीत की जिसमें मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री महोदय को सरकार के तीन वर्ष पूरे होने की बधाई दी और राज्य में सरना कोड पारित करने के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उपविकास आयुक्त समीरा एस, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि 72-लोहरदगा नीशीथ जायसवाल समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नया नगर भवन में भी एलईडी के माध्यम से किया गया जिसमें हजारों लोगों ने कार्यक्रम को देखा।

कार्यक्रम में सावित्रबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना और प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। सावित्री बाई फुले का लाभ जिला में 1149 किशोरियों को दिया गया। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ 43, 426 छात्र-छात्राओं को दिया गया। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत जिला के 5111 किसानों को प्रति किसान 3500 रुपये की राशि उनके बैंक खाते में भेजी गई।

# मदरसे का वार्षिक परीक्षाफल व पुरष्कार वितरण समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के चंडू स्थित मदरसा कासमिया उलूम के प्रांगन में वार्षिकोत्सव सह परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत मदरसे की छात्राओं द्वारा तेलावाते कुरआन से की गई जिसमें छोटी - छोटी बच्चियों ने अपनी नन्ही जुबान से कुरआन शरीफ की तेलावत कर समस्त अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान मदरसे की बच्चियों ने एक से बढ़ कर एक नातिया कलाम, तकरीर और नज्म पेश कर उपस्थित अतिथियों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मौलाना इकरामुल हक ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि 1964 बुनियाद रखी गयी थी। 1992 से आज तक लगातार संचालित होता रहा है। लाख परेशानियों के बीच भी कुछ दीवाने होते हैं जिनके जज्बे को सलाम जो मदरसा की कामयाबी के लिए लगातार प्रयासरत रहे। उनमें से



आज सेक्रेटरी प्रवेज आलम का अहम योगदान है। अतिथियों द्वारा छात्राओं के बीच परीक्षाफल और पुरुष्कार वितरण किया गया। मौके पर मदरसे के सेक्रेटरी प्रवेज आलम द्वारा सदर जहूर अंसारी को उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की गई। मौके पर प्रिंसिपल मौलाना फैसल अहमद, इरफान खान, खुर्शीद आलम, सदर जहूर अली, मौलाना इकरामुल, तबरेज, अबु जाफर, रईस खान, कमरुद्दीन खान, खालिद, अनवर अंसारी, हाजी यूसुफ अंसारी, खुर्शीद आलम, मो जैद, मौलाना अतिकर रहमान और मदरसे के बच्चों सहित अभिभावक मौजूद थे।

# एसपी ने किया एससी/एसटी थाना, गुमला का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक, गुमला द्वारा एस0सी0/एस0टी0 थाना गुमला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक, गुमला अंचल, थाना प्रभारी, गुमला, थाना प्रभारी एस0सी0/एस0टी0 थाना तथा महिला थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में सभी पंजियों का अवलोकन किया गया तथा लंबित कांडों की समीक्षा की गई। लंबित कांडों का निष्पादन करने एवं लंबित मुआवजा का वितरण तथा अद्यतन करने के के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही मुवाअजा का वितरण संबंधी कार्यालय से संपर्क स्थापित कर अद्यतन करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही गवाहों को उनकी सुरक्षा तथा सुविधा देने हेतु प्रोत्साहन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। अहतु थाना प्रभारी को सप्ताह में 03 (तीन) दिन थाना स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। गुमला थाना परिसर में महिला थाना, अहतु थाना एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय हेतु निमार्णाधीन भवनों का भी निरीक्षण किया गया।

## दो दिवसीय रेसलिंग कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**कुडू - लोहरदगा।** लोहरदगा उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशानुसार गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर कुडू में दो दिवसीय रेसलिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ। लोहरदगा जिला रेसलिंग कोच महादेव उरांव की देख रेख में आयोजित इस कार्यशाला में रेसलिंग के महत्व से बच्चों को अवगत कराया गया। बच्चे रेसलिंग के गुर सिख काफी रोमांचित दिखे और अपने जीवन में इस पर अमल करने की बात कही। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, युवा सद्भावना मंच के सदस्य सलीम अमीर, लोहरदगा जिला कराटे कोच अमित कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# गठबंधन सरकार के 3 सालों में बेहाल हुवा झारखंड : लक्ष्मण बड़ाईक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी ने गठबंधन सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला आक्रोश मार्च झूलन सिंह चौक से कचहरी होते हुए महावीर चौक पहुंचा जहां पर झारखंड सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार के 3 साल के कार्यकाल में झारखंड बेहाल हो चुका है, राज्य भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है राज में व्याप्त इस प्रचंड भ्रष्टाचार को जेएमएम कांग्रेस राजद की सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री मंत्री विधायक से लेकर अधिकारी तक संलिप्त हैं राज्य के मुख्यमंत्री पर ही सीधा भ्रष्टाचार का



आरोप है आजाद भारत के इतिहास में पहली घटना है जब किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री को एऊ वने अपने दफ्तर पर बुलाया, दुखद पहलू है कि विकास के पायदान के बजाय हत्या लूट बलात्कार अपहरण चोरी डकैती डंका में प्रदेश अव्वल है, सरकारी आंकड़ों के अनुसार 3 साल के कार्यकाल में 5258 लोगों की हत्या हो चुकी है वही 4813 बहन बेटियों के साथ बलात्कार की घटनाएं घट चुकी है जबकि 4485 अपहरण की घटनाएं राज में ध्वस्त लॉयन आर्डर का प्रमाण है। मौके पर अनूप प्रसाद, दीपिका कुमारी, पिंकी प्रसाद, नंदनी दास, कंचन सिंह, बसंत मांझी, दीप नारायण दास, महेश साहू अमित अग्रवाल, संजय शर्मा, देवकी नंदन साय, गजानन बेसरा, अशोक रजक, सतनारायण प्रसाद, घनश्याम केसरी, रामबिलाश बड़ाईक, महावीर बड़ाईक, कामेश्वर प्रधान आदि उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति का हुआ पुनर्गठन

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के आरिया गांव में जय श्रीराम समिति की बैठक हरिओम प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, दयाशंकर सिंह, जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू, अनुज कुमार उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई एवं सर्वसम्मति से पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का विस्तार किया गया। संरक्षक - हरिओम प्रजापति, तपेश्वर प्रजापति, संतोष साहू, सुबोध प्रजापति, अध्यक्ष - जीवन प्रजापति, महामंत्री- सुरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष- सिकंदर साहू, वीरेंद्र प्रजापति, सोनू प्रजापति, संगम प्रजापति, कोषाध्यक्ष - ज्योतिष प्रजापति, संगठन मंत्री - रवि साहू, राजेश प्रजापति, मनोज साहू, विकास प्रजापति, राकेश कुमार, सुनील प्रजापति, नीरज महतो, पवन प्रजापति,अमन साहू,बादल महतो, मीडिया प्रभारी- निरंजन महतो को बनाया गया।

एसपी ने मुफस्सिल थाना का किया निरीक्षण कर जनप्रतिनिधियों से की बैठक

# सामाजिक बुराईयों को लेकर किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार ने गुरुवार को मुफस्सिल थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुए उन्होंने थाना में दर्ज मामले लंबित मामले सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली । इसके अलावा उन्होंने सभी कागजातों की जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए मौके पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार एवं थाना के एएसआई एवं पुलिस बल उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत मुफस्सिल थाना अंतर्गत तामड़ा कुलुकेरा टैसेरा एवं कोचेडेगा पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक करते हुए उनके क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुना। जिसके बाद एसपी ने कहा कि क्षेत्र में शराब के कारोबार को



रोकने के लिए पुलिस कार्य कर रही है लेकिन जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगी ताकि नशा मुक्त गांव बन सके।

इसके अलावा उन्होंने मानव तस्करी पर जागरूकता करते हुए कहा कि भोले-भाले ग्रामीण लोगों को बहला-फुसलाकर उनकी बच्चियों को बाहर ले कर बेचा जाता है शोषण किया जाता है इसके लिए आप जनप्रतिनिधि जागरूक हों । इसके अलावा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार आजकल किसानों को अधिकारी बनकर उनके खाते से पैसे लूटे जा रहे हैं। बैंक अधिकारी का हवाला देकर फोन करते हुए उनके खाते से पैसे की निकासी की जाती है। इन सभी चीजों को लेकर आप जागरूक बने। सड़क सुरक्षा को लेकर जनप्रतिनिधियों से कहा कि आपने अपने वार्ड में मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने के लिए अपील करें।

क्योंकि आजकल सड़क दुर्घटनाएं लगातार हो रही है और अधिकांश बिना हेलमेट के कारण लोगों की मौत होती है। मौके पर अंचल निरीक्षक रवि प्रकाश राम, सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मी एवं अन्य उपस्थित रहे।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

# डीटीओ को नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में परिवहन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि नववर्ष को देखते हुए चौक-चौराहों पर हेल्मेट चेकिंग का अभियान चलाने, ओवर स्पीडिंग जांच, ट्रिपल राईडिंग और जांच में ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, आइ-रैड मैनेजर को निदेश दिया गया कि सड़क दुर्घटनाओ का आई-रैड एप पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इंट्री कराना सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित




रूप से हेल्मेट चेकिंग अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। एनएचएआई को कुडू चौक से फोर लेन सड़क के बीच सड़क किनारे घनी झाड़ियों को कटवाने का निदेश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को स्कूलों में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, पथ प्रमंडल कार्यपालक अभियंता, आरईओ कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

**जुबली समारोह** फादर ऑस्कर बेक का पुरोहिताभिषेक के 25 वर्ष पूरे होने पर धूमधाम से मना

# पुरोहित कलीसिया के चरवाहा होते हैं : बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के सोगड़ा में फादर ऑस्कर बेक का पुरोहित अभिषेक के 25 वर्ष पूरे होने पर जुबली समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर फादर ऑस्कर की अगुवाई में धन्यवादी मिस्सा पूजा का भी आयोजन किया गया। जिसमे उनका सहयोग फादर आसित लकड़ा, फादर अब्राहम मिंज, फादर अगुस्टिन बाड़ा सहित पटना डायसिस के दर्जनों पुरोहितों ने किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने फादर ऑस्कर को बुके देकर बधाई दी। साथ ही विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि पुरोहित कलीसिया के चरवाहा होते हैं। उनका जीवन समाज के लिए समर्पित होता है। आज हमारे पुरोहित फादर ऑस्कर बेक ने पूरी ईमानदारी



के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। प्रभु के संदेशों को सभी लोगों के बीच पहुंचाने का काम कर रहे हैं। कहा कि पुरोहित के रूप में 25 वर्ष सेवा पूर्ण करना ईश्वरीय कृपा है। कहा कि एक पुरोहित समाज व परिवार के लिए वरदान है। पुरोहितों का जीवन समाज के लिए समर्पित होता है।

कार्यक्रम में उपस्थित जीप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी फादर ऑस्कर को बुके देकर सम्मानित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज फादर ऑस्कर के लिए बहुमूल्य दिन है। उन्होंने अपनी पुरोहिताई के 25 वर्ष पूरे कर लिए। फादर ऑस्कर ने अपने कार्यकाल निष्ठापूर्वक काम किया है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उम्मीद करते हैं आगे भी इमानदारी और अनुशासन से काम करते हुए समाज को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि ऑस्कर ने सदा ईश्वर के बताए मार्ग पर चलते हुए काम किया है। वही फादर ऑस्कर ने कहा कि ईश्वर के पुकारने पर मैं पुरोहित बना। सदा ईश्वर के बताए मार्ग पर चला। मेरा जीवन का मकसद कलीसिया के लिए काम करना है। समाज की जरूरतों के अनुसार काम करते हुए आगे बढ़ाना है। मौके पर 25 दिए भी जलाए गए। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, सिस्टर रोजलिया तिग्गा, सिस्टर पतरिसिया बाड़ा, सिस्टर कंचन बाड़ा, सिस्टर मंजू, सिस्टर रोशनी, सिस्टर मोनिका, सिस्टर मक्सिमा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केसरी, प्रवक्ता रणधीर रंजन, मुखिया मुंश खेस, पूर्व मुखिया शिशिर मिंज, शोषण, समीर, नीलिमा, प्रतिमा, विनोद सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## फादर डॉ जॉन डुंगडुंग का रजत जयंती में शामिल हुए कोलेबिरा विधायक

**ठेठइटांगर।** प्रखंड अंतर्गत सलगापोस में फादर डॉ जॉन डुंगडुंग का रजत जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मिस्सा अनुष्ठान किया गया उसके बाद अतिथियों का स्वागत जिनमें कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज उपस्थित थे। विधायक ने भेंट स्वरूप केक प्रदान किए। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि पुरोहित जीवन त्याग और तपस्या का जीवन है जिसमें कि लोग संसारिक जीवन से दूर हट कर अपने परिवार से दूर हट कर मोह माया से दूर हटकर समाज एवं धर्म की सेवा में लग जाते हैं इसलिए मैं डॉक्टर फादर जॉन डुंगडुंग को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई देता हूं कि इन्होंने अपना 25 साल ईश्वर की सेवा में समर्पित पूरा किया साथ ही साथ जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार ,बीस सुत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, सलगापोस पारिस प्रीस्ट, फादर सिस्टर ब्रदर एवं माता-पिता उपस्थित थे।

जिला मारवाड़ी सम्मेलन की एक अहम बैठक संपन्न

# अध्यक्ष बने दीपक सर्राफ महामंत्री बने जयप्रकाश शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन की एक अहम बैठक निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार पर सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष शिवप्रसाद राजगढ़िया के अध्यक्षता में संपन्न हुई। नए सत्र 2022- 24 के लिए सर्वसम्मति से दीपक सर्राफ 'ढब्बू' अध्यक्ष बने, एवं उपाध्यक्ष राकेश शर्मा 'गोपू', महामंत्री जय प्रकाश शर्मा, संयुक्त मंत्री निशांत सर्राफ, कोषाध्यक्ष निखिल सर्राफ को बनाया गया। अध्यक्ष दीपक सर्राफ को राणी सती मंडल के अध्यक्ष शिवप्रसाद राजगढ़िया ने साफा एवं दुपट्टा पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर दीपक सर्राफ ने कहा कि हमें यह लगातार दूसरी बार यह जिम्मेवारी सौंपी गई है और हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि





लोहरदगा के अपने समाज का नाम सामाजिक कार्य में सबसे अव्वल रहे और समाज को एक सूत्र में बांधकर चलने का हमारा यथा प्रयास रहेगा। शिवप्रसाद राजगढ़िया ने कहा कि दीपक सर्राफ हरेक सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहा करते हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है, और कहा की अपना समाज सशक्त है और सभी कार्य क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। बैठक में शिवप्रसाद राजगढ़िया, पवन पोद्दार, किशोर बंका, पवन सर्राफ आदि थे।

# सरकार के तीन साल पूरा होने पर पलामू के किसानों को दी गयी बड़ी सौगात




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर रांची के प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिले के उपायुक्त अपने-अपने जिले के पदाधिकारियों संग भाग लिया। इसी क्रम में समाहरणालय के झारनेट सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त, पलामू आंजनेयुलू दोड्डे ने इस संबंध में कहा कि सरकार ने पूर्व में ही सूखा प्रभावित प्रत्येक किसान को 3500 रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की थी। सरकार के तीन साल पूरे दिन होने के उपलक्ष्य पर 'मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना' के तहत पलामू जिले के 53947 किसानों के बैंक खाते में कुल 18 करोड़ 88 लाख 14 हजार 500 सौ रुपए अंतरित किये गये। शेष अन्य किसानों का आवेदन सत्यापन होने के बाद उनके खातों में राशि ट्रांसफर कर दी जायेगी। इसी प्रकार 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना' के अंतर्गत पलामू जिले के कुल 34726 बच्चियों के बीच 14 करोड़ 16 लाख 97 हजार 500 सौ रुपए की राशि ट्रांसफर की गयी। जिसमें 8वीं कक्षा के 8671 छात्राओं को 2500 रुपये, 9वीं कक्षा के 7570 छात्राओं को 2500 रुपये, दसवीं के 7636 छात्राओं को 5000 रुपये, वहीं 11वीं कक्षा के 5686 छात्राओं को 5000 रुपये, 12वीं कक्षा के 4585 छात्राओं के बीच 5000 रुपये शामिल हैं। इसके अलावे जिले में 18 से 19 वर्ष की आयु पूरी कर लेनी वाली 578 लाभार्थी बालिकाओं के बीच 20,000 रुपये का अनुदान राशि दिया गया। इसी तरह कल्याण विभाग अंतर्गत 'प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति 'के तहत पलामू जिले के विभिन्न वर्गों के 106728 छात्रों के बीच 22 करोड़ 15 लाख 27 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी। जिसमें अनुसूचित जाति के कक्षा 1 से 8वीं तक के 35397 छात्रों के बीच 66250500 रुपये और कक्षा 9वीं से 10वीं के अनुसूचित जाति के ही 2864 छात्रों के बीच 12888000 रुपये, वहीं अनुसूचित जनजाति के कक्षा 1 से 8वीं तक के 12093 छात्रों के बीच 22653500 रुपये, कक्षा 9वीं से 10वीं तक के 488 छात्रों के बीच 2196000 रुपये, वहीं अनुसूचित जनजाति केन्द्रांश के कक्षा 9वीं से 10वीं तक के 819 छात्रों के बीच 3685500 रुपये शामिल है। इसी तरह पिछडी जाति के कक्षा 1 से 8वीं तक के 49684 छात्रों के बीच 89630000 रुपये और कक्षा 9वीं से 10वीं तक के 5383 छात्रों के बीच 24223500 रुपये की राशि शामिल है। इसके अलावे पशुपालन विभाग अंतर्गत जिले में 'पशुधन विकास योजना' के तहत 609 लाभुकों के बीच 2 करोड़ 17 लाख 63 हजार 665 रुपये की राशि अंतरित की जा रही है। यह राशि बकरी पालन, सुकर पालन, बत्तख पालन व मुगीर्पालन करने वाले लाभुकों के खाते में भेजी जायेगी। वहीं गव्य विकास योजना में 100 लाभुकों के बीच 61 लाख 84 हजार 636 रुपये की राशि हस्तांतरित की जा रही है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ को मिला मंत्री का साथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जल्द ही राज्य स्तरीय कमेटी के साथ शिक्षक प्रतिनिधिमंडल की बैठक हो सकती है। इसका आश्वासन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दी। उन्होंने इस संदर्भ में मुख्मंत्री को पत्र लिखा है। मंत्री ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि शिक्षकों की मांगें काफी पुरानी है। जिसका निराकरण बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि प्राथमिक शिक्षक संघ ने 26 दिसंबर को अपनी मांगों के समर्थन में मांग पत्र सौंपा है। इन मांगों के संदर्भ में उच्च स्तरीय बैठक की आवश्यकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने आग्रह किया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विभागीय उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में संघ के प्रतिनिधिमंडल की बैठक आयोजित की जाये। स्वास्थ्य मंत्री ने इसे लेकर समय और तारीख तय करने की मांग की है।

**क्या है संघ की मांगे :** शिक्षक संघ की 4 सूत्री मांगों में शिक्षकों के लिए अन्य कर्मियों की भांति एमएसीपी को लागू करना, छठे वेतनमान की विसंगति को दूर करना, अंतर जिला स्थानांतरण की कठिनाइयों को समाप्त करना एवं अत्यधिक लिपिकीय एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करना शामिल है।

### महिला से बदसलूकी करने वाले पर नहीं हुई कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर अल्ट्रासाउंड में बालाजी कंपनी के द्वारा कार्यरत सुजीत सिंह नामक व्यक्ति कुछ दिनों पहले अल्ट्रासाउंड करने के दौरान एक महिला से बदसलूकी किया था। इसके बाद भी उस व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। वह व्यक्ति आज भी मनमाने ढंग से लोगों का अल्ट्रासाउंड करते नजर आ रहा है। बताते चलें कि अल्ट्रासाउंड कर्मी इस करतूत से इन दिनों सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने में गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से गर्भवती महिलाएं सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंच तो जरूर रही हैं लेकिन अल्ट्रासाउंड नहीं होने पर उन्हें निराश होकर घर वापस लौटना पड़ रहा है। कुछ स्वास्थ्य सहिया ऐसे भी हैं जो प्रतिदिन सदर अस्पताल पहुंचते हैं उनका मरीज रहे या ना रहे। फिर भी मैं दलाली करने सदर अस्पताल पहुंचते हैं। वहीं कई मरीजों ने यह भी कहा है कि यदि अल्ट्रासाउंड कर्मी पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो यह मामला पलामू उपायुक्त तक पहुंचाया जाएगा।

### डॉक्टर ने चैरिटेबल ट्रस्ट को करोना किट प्रदान की

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट'निरंतर जनसेवा में अग्रसर है ! और इस ट्रस्ट के कार्यों को देखकर शहर के प्रबुद्ध लोग सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं । इसी क्रम में आज दंत चिकित्सक डॉक्टर राज पांडे ने ' वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट' को एंटिबायोटिक दवाएं, मास्क, सेनेटाइजर, बिब, हैंडवाश, डायरी, पेन आदि डोनेट किया। जो कि बढ़ते हुए कोरोना के मामलों को देखते हुए काफी उपयोगी साबित होगा । जरूरतमंदों के बीच इन उपयोगी सामानों का वितरण समय समय पर किया जाएगा । इस संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बताया कि इस तरह का जनसहयोग ही हमारी ताकत है जिस वजह से वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट' निरंतर लोगों की सेवा में तत्पर रहता है । इन बहुउपयोगी चीजों से जरूरतमंदों को काफी लाभ मिलेगा । और आगे भी इस तरह की सेवा इस ट्रस्ट के माध्यम से जारी रहेगी । आज इस अवसर पर मन्नत सिंह बग्गा, राखी सोनी, और संध्या अग्रवाल उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### एसपी से मिली मृतक नीरज विश्वकर्मा की पत्नी

**मेदिनीनगर।** नावाजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरैया कला निवासी स्वर्गीय नीरज विश्वकर्मा की पत्नी काजल कुमारी वार को पलामू एसपी से मुलाकात कर एक आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से काजल कुमारी ने पलामू एसपी को कहा कि मेरे पति नीरज विश्वकर्मा को अपराधियों ने 14/10/ को पहले से घात लगाकर अपहरण कर सर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इनका किसी के साथ कोई विवाद नहीं था। अभी अपराधियों के द्वारा खुलेतौर पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिनमें कई लोगों के नाम शामिल हैं।

### सरकार तीन साल में युवाओं के साथ की है विश्वासघातः उदय राम

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हेमंत सरकार ने अपने तीन साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा झारखण्ड के युवाओं के साथ विश्वासघात की है। नियोजन नीति, रोजगार, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवा ठगे गये हैं। मुख्यमंत्री ने एक साल में पाँच लाख नौकरीयाँ देने के वादे किये थे। लेकिन तीन साल में महज 550 नियुक्तियाँ हुई हैं।

### छात्रों पर चौतरफा हमला बंद हो : आइसा

**मेदिनीनगर।** जिले के सतबरवा प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में महा सदस्यता अभियान के तहत आइसा की बैठक हुई। कई छात्र - छात्राएं आइसा की सदस्यता भी ग्रहण किए। बैठक में आगामी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति को लेकर भी चर्चा की गई। आइसा जिला सचिव गौतम कुमार दांगी ने कहा कि आज पलामू के छात्रों पर चौतरफा हमला हो रहा है। अभी तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पोर्टल कल्याण विभाग द्वारा नही खोला गया। सरकार लगातार शिक्षा पर हमला कर रही है। आज जरूरत है कि छात्र एकजुट होकर अपनी हक अधिकार के लिए आगे आयें। वहीं दुलसुलमा गांव से आरती, बबिता, अमृता, आशीष, विकास, अनुपमा, पूजा, सिंधू, चंपा, रानी, शोभा, ललिता, रिंकी, रूपा समेत पूरे क्षेत्र से सैकड़ों लोगों ने आइसा की सदस्यता ली। अभियान के नेतृत्व आइसा राज्य कमिटी सदस्य सह जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय सिंह कर रहे थे।

### वरदान ट्रस्ट को दवा डोनेट किया

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट निरंतर जनसेवा में अग्रसर है। ट्रस्ट के कार्यों को देखकर शहर के प्रबुद्ध लोग सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को दंत चिकित्सक डा. राज पांडे ने वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट' को एंटिबायोटिक दवाएं, मास्क, सेनेटाइजर, बिब, हैंडवाश, डायरी, पेन आदि डोनेट किया। जो कि बढ़ते हुए कोरोना के मामलों को देखते हुए काफी उपयोगी साबित होगा। जरूरतमंदों के बीच इन उपयोगी सामानों का वितरण समय समय पर किया जाएगा। इस संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बताया कि इस तरह का जनसहयोग ही हमारी ताकत है। जिस वजह से ट्रस्ट निरंतर लोगों की सेवा में तत्पर रहता है। इन बहुउपयोगी चीजों से जरूरतमंदों को काफी लाभ मिलेगा।

### अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**बरवाडीह।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह व छिपादोहर प्रभारी अभिषेक कुमार ने दूसरे दिन भी ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध देशी शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। छेंचा पंचायत के पुतुआगढ़ गांव में दारु व भट्टी को नष्ट कर दिया। वहीं लगभग 800 से 1000 किग्रा जावा महुआ को तहस-नहस कर दिया। अर्द्धनिर्मित 60 से 70 लीटर शराब को भी नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि नए साल के आगमन को देखते हुए यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगा।

## आजसू का प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को ज्ञापन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी का प्रतिनिधि मंडल पलामू के आरक्षी अधीक्षक चन्दन सिंहा से गुरूवार को मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि कई दिनों से शहर में बालू की कालाबाजारी चरम सीमा पर है। लगातार ये खबर आ रही है कि बालु का अवैध खनन किसी कीमत पर नहीं होगा। और एसपी द्वारा लगातार इस दिशा में कार्य भी किया जा रहा था। उन्होंने बालू के अवैध खनन पर रोक लगाने और इससे जुड़े लोगो को चिन्हित कर उचित कार्यवाई करने की मांग किया है। प्रतिनिधि मंडल में सतीश कुमार, बिजय मेहता, इम्तियाज अहमद नजमी, बिकेश शुक्ला सहित संतन मेहता मौजूद रहे।

## संदेहास्पद स्थिति में सेल्स मैनेजर का शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के विष्णु मंदिर स्थित पूजा पैलेस होटल में गुरुवार की सुबह पुलिस ने पवन नामक एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति औरंगाबाद के दाउदनगर का निवासी है। इस घटना के बारे में होटल के मैनेजर नागेंद्र तिवारी ने बताया कि बुधवार की रात औरंगाबाद जिले के दाउदनगर निवासी दो व्यक्ति पवन कुमार और अभिषेक कुमार पूजा होटल के रूम नंबर 108 में ठहरे हुए थे। और रात में आराम से खा पीकर सो गये थे। गुरुवार की सुबह पवन कुमार के साथ ठहरे व्यक्ति अभिषेक कुमार ने होटल मैनेजर को सूचना दी कि पवन की तबीयत काफी खराब है। वह बिस्तर से उठ नहीं रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर मैनेजर नागेंद्र तिवारी होटल के कमरा नंबर 108 में पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा । जहां उनकी मौत हो गई। वहीं इस घटना की खबर सुनकर मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। इसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी शहर थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस होटल पहुंचकर मौत से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं लोगों का कहना है कि हार्ट अटैक आने की वजह से पवन की मौत हुई है। घटना के बाद से पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है।



## अनियंत्रित होकर पलटी टेंपो, एक की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के भवनाथपुर-कांडी मुख्य सड़क स्थित ढबरिया मोड़ कब्रिस्तान के पास गुरुवार को 11 बजे एक टेंपो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें एक लड़की की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन आदमी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान घटहुआँ कला गांव निवासी संतोष चौबे के 11 वर्षीय पुत्री रागिनी कुमारी उर्फ रौशनी कुमारी के रूप में की गई। जबकि घायलों में मृतक के मामा शिवपुर गांव निवासी डब्लू पान्डेय, बुआ सत्या देवी, माता चंचला देवी का नाम शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सभी लोग टेंपू पर सवार होकर अपने घर घटहुआँ गांव से केतार मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। उसी दौरान ढबरिया कब्रिस्तान के पास टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद सभी को उपचार हेतु कांडी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर उपचार के दौरान डॉ. मनीष कुमार सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया ।घटना की सूचना मिलते ही कांडी थाना के एएसआई प्रबल महतो दल बल के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए पंचनामा कर मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया।



### 40 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गढ़वा।** पुलिस ने गुरुवार को गढ़वा शहर के टंडवा मोहल्ला स्थित डांडू नदी पुल के पास से 40 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति गढ़वा थाना क्षेत्र के दुलदुलबा गांव निवासी कृष्णा चंद्रवंशी का पुत्र विजय चंद्रवंशी बताया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि विजय चंद्रवंशी एक मोटरसाइकिल पर 40 लीटर महुआ का शराब लेकर एक सहयोगी के साथ जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस क्रम में गांव के ही विजय चंद्रवंशी का सहयोगी मनोज गुप्ता का पुत्र सुबोध गुप्ता वहां से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध गढ़वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## भाकपा जिला कमिटी की बैठक संगठन समिति का हुआ गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमिटी की बैठक चेचरिया स्थित खलील खां के आवास पर खलील खां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जल, जंगल-जमीन, समाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आहर, पोखर व नदियों की बिगड़ती स्थिति पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व से प्रस्तावित आगामी 5 जनवरी से चलो गांव की ओर कार्यक्रम प्रारम्भ करने तथा आगामी 11 जनवरी को जिला मुख्यालय में आयोजित जन प्रदर्शन कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रमना अंचल कमिटी को भंग करते हुये संगठन समिति का गठन किया गया। राजकुमार भुइयां को संगठन समिति का संयोजक, राजेन्द्र उरॉव, जब्बार बैठा, अयोध्या प्रसाद यादव व राजकुमार राम को कमिटी का सदस्य बनाया गया। बैठक में रामेश्वर प्रसाद अकेला को कार्यकारी जिला सचिव बनाया गया। बैठक में देवीदयाल मेहता, गणेश सिंह, रामनाथ उरांव, जिला सचिव राजकुमार राम, विद्या पासवान, लल्लू राम, विजय राम, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, मूर्ति कुंवर, इसहाक अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।



### ठाकुर से मुलाकात कर भवनाथपुर की ज्वलंत समस्याओं के बारे में बताया

**खरौंधी(गढ़वा)।** बुधवार को कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष राहुल दुबे ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात कर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। सेवादल जिला अध्यक्ष राहुल दुबे ने बताया बुधवार को प्रदेश कार्यालय रांची में पार्टी की ओर से आयोजित बैठक में भाग लिया था। वही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मेरा मुलाकात हुआ। इस दौरान मैंने गढ़वा तथा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। इन समस्याओं को जल्द निष्पादन करने का मांग किया। साथ ही सेवादल जिला अध्यक्ष राहुल दुबे ने बताया प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मेरे नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की सराहना किया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा सेवादल जिला अध्यक्ष राहुल दुबे निश्चित रूप से समर्पित होकर ईमानदारी पूर्वक पार्टी का कार्य किया है।

### राधिका महिला स्वयं सहायता समूह के पीडीएस दुकान की बीडीओ ने की जांच

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अंतर्गत झगड़ाखांड में राधिका महिला. स्वयं सहायता समूह के पीडीएस दुकानदार के मिली भगत से मुर्दा भी उठा रहे अनाज उठा रहे है। इस मामले को लेकर गांव के ही संतोष कुमार यादव के द्वारा बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो को आवेदन देकर जांचों उपरांत करवाई की मांग किया गया था। जिसके आलोक में बुधवार को बीडीओ जयपाल महतो ने जांच किया। जांचों उपरांत संतोष यादव का शिकायत सही पाते हुए पंचायत सचिव अजित सिंह को 24 घण्टे के अंदर मृतक व अमान्य कार्ड धारी की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। दिए आवेदन में संतोष कुमार यादव ने कहा है था कि राधा महिला स्वयं सहायता समूह बनसानी टोला मनसाही खाड़ी में वर्ष 11 से ही अवैध राशन का उठाव समूह के द्वारा किया जा रहा है।

**भ्रष्टाचार** | **अवैध देशी महुआ शराब के विरूद्ध उत्पाद विभाग ने की कार्रवाई**

# एकतरफा कार्रवाई कर रहा है विभाग: ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** रमना पंचायत और भागोडीह पंचायत में उत्पाद विभाग द्वारा अवैध देशी महुआ शराब विक्रेताओं के विरुद्ध छापमारी किया गया। जिसमे कुछ शराब विक्रेताओं के घर से शराब बरामद किया गया। जिन विक्रेताओं के घर से शराब पायी गयी उनपर भारी जुर्माना लगाया गया।

### ग्रामीणों ने उत्पाद विभाग पर लगाये कई आरोप

ग्रामीणों नें उत्पाद विभाग के इस कारवाई को एक तरफा कारवाई बताया है,'ग्रामीणों का कहना है कि प्रखंड अंतर्गत दर्जनों अवैध देशी महुआ शराब भट्ठी संचालित किये जा रहे हैं। इस अवैध कार्य में लगे लोग मालामाल हो रहे हैं। अवैध देशी महुआ शराब बनाने के लिए यूरिया खाद और रानू गोलिया का भी बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता हैं। इतना ही नहीं अधिक नशा के लिए कीटनाशक दवा के गैस का उपयोग किया जाता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत ही खतरनाक है लेकिन कम लागत और अधिक मुनाफा के लिए इस कार्य में संलिप्त लोग इसके दुषपरिणाम को भली-भांति जानते हुए भी मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दवाओं का उपयोग कर अवैध देशी शराब का निर्माण कर रहे हैं ।

### हरादाग व बुलका सुरक्षित पनाहगाह

हरादाग पंचायत और बुलका पंचायत के जंगल अवैध देशी शराब भट्ठी संचालकों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। इन्ही क्षेत्रो में बड़े पैमाने पर शारब बनाने का धंधा चलता है, इन जंगलो में लकड़ी पानी और मलबे को ठिकाने लगाने में कोई दिक्कत नहीं होती है। नदी किनारे जल स्त्रोत के पास भट्ठी का संचालन किया जा रहा है। भट्ठी से निकले अवशिष्ट पदार्थ को इन्ही जल स्त्रोतो में बहा दिया जाता है और जंगलो कि कटाई भी हो रहे है। इस प्रकार बनाये गये गये शारब में अल्कोहल का कोई मात्रा निर्धारित नहीं होता। जिससे पिने वालो के स्वास्थ्य पर बुरा असर करता है।

### दो लोगों की हो चुकी है मौत

उत्पाद विभाग के इस कारवाई के बारे में ग्रामीणों का कहना है कि बड़े पैमाने पर अवैध देशी महुआ शराब भट्ठी संचालित किये जा रहे है, और भट्ठी के शराब सेवन से ही गत दिनों दो लोगो कि मौत हो गयी है और दो परिवार का खुशियाँ छीन चुकी है। इस प्रकार के अवैध भट्ठी संचालको पर कोई कारवाई नहीं किया जा रहा है या जो भट्ठी संचालको के शराब का विक्रय करते है उनपर भी विभाग द्वारा कोई कारवाई नहीं किया जाता है। लेकिन जो अवैध भट्ठी के शराब का विक्रय नहीं करते है उनपर कारवाई कि जाती है जो सही नहीं है।

### अवैध शराब के चारो और धड़ेल्ले से बिक्री के कारण राजस्व कि हानि हो रही हैं

अवैध देशी शराब के चारो और धड़ेल्ले से बिक्री के कारण सरकार द्वारा संचालित देशी शराब का बिक्री नहीं हो रहा हैं और राजस्व कि हानि हो रही हैं। वही अवैध भट्ठी कारोबारी मालामाल हो रहे हैं। इन कारोबारियों के साशन व्यवस्था का कोई डर भय नहीं है। यें लोग खुलेआम कभी भी मुख्य मार्ग से अवैध देशी शराब का सप्लाई करने के लिए निकल जाते हैं। ग्रामीणों में यह चर्चा है कि जो लोग महिनवारी दे रहे हैं, उनके विरुद्ध कोई कारवाई नहीं किया जा रहा वे लोग बेखौफ बिना रोक-टोक के अवैध देशी शराब का काम कर रहे हैं। दवी जुबान में चर्चा हैं कि बिना मिलीभगत के बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार कैसे संभव है?

## वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के डोरामी ग्राम में नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी के तत्वाधान में बेतला क्षेत्र के वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करते हुए नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, बेतला रेंजर शंकर पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला राष्ट्रीय उद्यान परिसर सभी क्षेत्रों में वन एवं वन्य प्राणियों को सुरक्षा प्रदान करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में डोरामी ग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जंगल बचाने हेतु ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सोसाइटी के कलाकारों द्वारा जंगलों में लगी आग को बुझाने, जंगलों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन को लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बेतला फॉरेस्टर उमेश कुमार दुबे, फॉरेस्टर संतोष सिंह, सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी व अन्य सदस्य सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

**अगर आप क्रोध करते हैं तो मान कर चलें कि शारीरिक और मानसिक तौर पर बेहद कमजोर हैं। क्रोध मजबूत इंसान को भी कमजोर कर देता है। जब सीता जी का हरण हो गया तब प्रभु श्रीराम को क्रोध नहीं आया बल्कि उन्हें दुख हुआ कि उनके रहते उनकी भार्या का हरण हो गया। उन्होंने युक्ति से सागर को बांधा और मर्यादित व्यवहार का परिचय देते हुए रावण से युद्ध कर ससम्मान सीता को वापस लेकर आये। अगर वह क्रोध करते तो इतिहास कुछ और होता। इसलिए क्रोध न करें। - *अज्ञात***

ज्ञान की बात

# इच्छा शक्ति से हल

**हर** कल्याणकारी राज्य की जिम्मेदारी होती है कि उसका कोई भी नागरिक भूखा न सोये। अव्वल तो हर नागरिक के पास कोई न कोई ऐसा काम होना चाहिए, जिससे वह खुद अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। मगर यह आदर्श स्थिति शायद किसी भी देश में नहीं है। इसलिए जो लोग खुद अपने भोजन का प्रबंध कर पाने में अक्षम हैं, उन्हें भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकारों पर आ जाती है। इसी दायित्व का निर्वाह करने के मकसद से भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लागू किया गया था। अब सरकार की सांविधानिक बाध्यता है कि वह किसी को भूखे पेट न सोने दे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हर गरीब व्यक्ति को हर महीने पांच किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता रहा है। अत्यंत गरीब परिवारों को अंत्योदय योजना के तहत प्रति परिवार पैंतीस किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता है। खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत चावल, गेहूं और मोटे अनाज के लिए क्रमशः तीन, दो और एक रुपए प्रति किलो पर भुगतान करना होता है, जबकि अंत्योदय योजना में अनाज मुफ्त दिया जाता है। कोरोना काल में केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत इन दोनों योजनाओं के अतिरिक्त पांच किलो अनाज मुफ्त उपलब्ध कराना शुरू किया था, जो सात चरणों में बढ़ते हुए इस महीने खत्म हो रही है। अब केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को आगे न बढ़ा कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय योजना के तहत मिलने वाले अनाज के वितरण की अवधि एक साल और बढ़ा दी है।उनके सामने दो वक्त के भोजन का संकट पैदा हो गया। उन्हें भोजन पहुंचाना सरकार का सांविधानिक कर्तव्य है। मगर यह सवाल फिर भी बना हुआ है कि इस तरह इतनी बड़ी आबादी को सरकार कब तक मुफ्त राशन उपलब्ध कराती रह सकती है। जिस देश की आधे से अधिक आबादी मुफ्त के राशन पर निर्भर हो और दो तिहाई आबादी को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने की चुनौती हो, उसे लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। पिछले कई सालों से लगातार भारत विश्व भुखमरी सूचकांक में पायदान-दर-पायदान नीचे खिसक रहा है। अगले साल आबादी के पैमाने पर हम दुनिया का सबसे बड़ा देश बनने जा

**अब सरकार की संवैधानिक बाध्यता है कि वह किसी को भूखे पेट न सोने दे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हर गरीब व्यक्ति को हर महीने पांच किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता रहा है...**

रहे हैं। इस तरह भोजन और पोषण संबंधी चुनौतियां उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही हैं। उत्पादन के मामले में भी पिछड़ रहे हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। विशेषज्ञ लगातार सुझाव देते रहे हैं कि इस समस्या से पार पाने का यही तरीका है कि हर हाथ को काम मिले। मगर इस पहलू पर सफलता कठिन बनी हुई है। गरीबी और भुखमरी हर चुनाव में मुद्दा बनती है, राजनीतिक दल इनके जरिये गरीबों का भावनात्मक दोहन करने का भी प्रयास करते हैं, मगर हकीकत यही है कि हर साल ये समस्याएं बढ़ रही हैं। इनके समाधान के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है।

# इकॉनमी को कितना ग्रोथ देगी बढ़ी सब्सिडी



**दो** महीने में बजट आने वाला है जिसके बारे में अभी से चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा यह कि अगले साल के बजट में सब्सिडी कितनी होगी, बढ़ेगी या फिर घटेगी? इसी बीच एक खबर यह भी आई कि जो रिवाइज्ड बजट होता है, उससे पता लग रहा है कि वित्त मंत्रालय से सरकार ने अधिक मात्रा में सब्सिडी के लिए फंड मांगा है। इसके मुताबिक सब्सिडी पांच लाख करोड़ से ऊपर जायेगी। जो सब्सिडी ऊपर जा रही है उसके पीछे दो बातें हैं। एक तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना है, और दूसरे तेल के दाम बढ़ने पर सब्सिडी भी बढ़ी है।

**ग्रोथ बनाम गरीब** : इस साल दिसंबर तक के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक्सटेंड किया गया है। जब बजट बना था तो इसके लिए अलोकेशन नहीं था। फिर भी इसे दो बार एक्सटेंड किया गया। तीन महीने पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि इस साल के अंत तक फ्री में जो अनाज बंटता है पांच किलो, वह दिया जायेगा। (ताजा खबरों के मुताबिक इसे और एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।) इसके चलते फूड सब्सिडी भी बढ़ गई है। दूसरी ओर तेल के दाम बढ़ने से पेट्रोल और फर्टिलाइजर की सब्सिडी बढ़ गई है। ऐसे में बहुत से लोग यह चर्चा कर रहे हैं कि क्या सब्सिडी का इस तरह से बढ़ना ठीक है? इसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा और इसको हम कैसे समझें? गरीबों की नजर से देखें तो यह बहुत बड़ा सवाल हो जाता है। क्योंकि एक तरफ हम लोग देख रहे हैं कि हमारी इकॉनमिक ग्रोथ तो पिछले साल की तुलना में बढ़ रही है, लेकिन असंगठित क्षेत्र में जो लोग हैं, उनकी आय उस हिसाब से नहीं बढ़ी है। अगर सब्सिडी कम करना है तो खर्च कम करना होगा। फिर इसका पीडीएस, नरेगा जैसी योजनाओं और गरीबों पर क्या असर होगा, यह भी एक सवाल है। इस पर हमें कुछ चीजों को समझने की जरूरत है- सब्सिडी से चिंता क्यों होती है? यह हम ऐसे समझ सकते हैं कि बजट में फिस्कल डेफिसिट का मतलब होता है कि सरकार टैक्स से जो कमा रही है, उससे ज्यादा खर्च कर रही है। इस डेफिसिट से दिक्कत होती है, क्योंकि अगर ज्यादा खर्च हो रहा होता है तो या तो सरकार ब्याज पर लोन लेती है या उसे नये नोट छापने पड़ते हैं। इन दोनों में एक चिंता यह रहती है कि अगर सरकार इस मात्रा में खर्च करे और इकॉनमी में पैसे आएं तो इससे महंगाई बढ़ जायेगी। फिर अगर अवेलेबल लोन सरकार उठा ले तो वह प्राइवेट के लिए बचता नहीं है। उससे इन्वेस्टमेंट कम हो जाता है। ये दोनों जो चिंतायें हैं वे हर हाल में लागू होती हों ऐसा नहीं है। खर्च बढ़ने से मुद्रास्फीति बढ़ने की बात उस स्थिति में लागू होती है, जब पूरी इकॉनमी में जितनी मात्रा में प्रॉडक्शन हो सकता है, उतना हो गया है। ऐसे में जब ज्यादा पैसा होता है तो दाम भी बढ़ता है। अगर इकॉनमी में डिमांड उतनी नहीं है, और पैसा बांटने से मांग बढ़ेगी, और मांग ऐसी चीजों की बढ़ेगी जो इसी देश में बनती हैं, तो दाम नहीं बढ़ेंगे, उत्पादन बढ़ेगा। ऐसे में सरकार खर्च करके पूरी इकोनॉमी में ग्रोथ ला सकती है। जो इन्वेस्टमेंट की बात है, उसमें भी यही लॉजिक है। अगर इकॉनमी में इन्वेस्टमेंट कम हो रहा है और सरकार खर्च करती है तो उससे मांग बढ़ती है। फिर उस मांग को पूरा करने के लिए पूंजीपति भी इन्वेस्ट करने लगते हैं। और यह सौ साल पुराना अर्थशास्त्र है, जो कीन्स ने भी हमें समझाया था कि किसी अर्थव्यवस्था में मांग की कमी हो, और सरकार इस तरह से खर्च करे कि पैसे उन जरूरतमंदों के हाथ में जाएं, जो उन पैसों को डोमेस्टिक प्रॉडक्शन पर खर्च करेंगे तो इससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज हो सकती है। इसलिए हर समय सब्सिडी और फिस्कल डेफिसिट बुरा नहीं होता है। कभी-कभी यह उपयोगी और जरूरी होता है।

**खर्च का बेहतर तरीका** : दूसरी ओर हमें यह समझना है कि किन चीजों पर सरकार खर्च कर सकती है। आमतौर पर यह डिबेट दो चीजों के बीच में चलती है कि सरकार बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट पर खर्च करे या पीडीएस, नरेगा जैसी योजनाओं पर। आजकल पीडीएस, नरेगा और बाकी कल्याणकारी सरकारी योजनाओं को रेवड़ी कहने का चलन है। लेकिन यह खर्च अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा, बजाय बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट पर खर्च करने के। इसकी कुछेक बड़ी साफ वजहें हैं। जब इन चीजों पर खर्च किया जाता है तो पैसे गरीब लोगों के हाथ में जाते हैं। गरीब लोग कमाते हैं तो वे छोटी-छोटी चीजों पर खर्च करते हैं। ये चीजें इसी देश में बनती हैं और इससे पूरी इकॉनमी में मांग बढ़ती है। वहीं बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट में मशीनों का इस्तेमाल ज्यादा हो रहा है। उसमें आयात ज्यादा होता है और मुनाफा ज्यादा बनता है।

**तीन महीने पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि इस साल के अंत तक फ्री में जो अनाज बंटता है पांच किलो, वह दिया जायेगा। (ताजा खबरों के मुताबिक इसे और एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।) इसके चलते फूड सब्सिडी भी बढ़ गई है। दूसरी ओर तेल के दाम बढ़ने से पेट्रोल और फर्टिलाइजर की सब्सिडी बढ़ गई है। ऐसे में बहुत से लोग यह चर्चा कर रहे हैं कि क्या सब्सिडी का इस तरह से बढ़ना ठीक है?**

इन दिनों



दीपा सिन्हा

## बोधि वृक्ष

## हनुमान जी की मां से हुई भूल

***एक*** बार स्वर्ग में देवराज इंद्र की सभा चल रही थी। इसमें दुर्वासा ऋषि भी भाग ले रहे थे। जिस समय सभा में विचार-विमर्श चल रहा था, उसी समय सभा के मध्य ही पुंजिकस्थली नामक इंद्रलोक की अप्सरा बार-बार इधर से उधर आ-जा रही थी। सभा के मध्य पुंजिकस्थली का यह आचरण ऋषि दुवार्सा को अच्छा न लगा। दुर्वासा ऋषि अपने महान क्रोध के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने पुंजिकस्थली को कई बार टोक कर ऐसा करने से मना किया लेकिन वह अनसुना कर वैसा ही करती रही। इस पर दुर्वासा ऋषि ने कहाः तुझे देव-सभा की मर्यादा का ज्ञान नहीं। तू कैसी देव-अप्सरा है जो वानरियों की तरह बार-बार आ-जाकर सभा में व्यवधान डाल रही है। जा, अपनी इस आदत के कारण तू वानरी हो जा। दुर्वासा ऋषि का शाप सुन कर पुंजिकस्थली सन्न रह गई। अपने आचरण का यह परिणाम वह सोच भी नहीं सकती थी, पर अब क्या हो सकता था? भूल हो चुकी थी। उसके कारण वह शापग्रस्त भी हो गई। उसने हाथ जोड़कर अनुनय-विनय कर कहा, ऋषिवर! अपनी मूढ़ता के कारण यह भूल मैं अनजाने में करती रही और आपकी वर्जना पर भी ध्यान न दिया। सभा में व्यवधान डालने का मेरा कोई उद्देश्य न था। अब आपके इस श्राप से मेरा उद्धार कैसे होगा? अप्सरा की विनती सुन कर ऋषि दुर्वासा पसीज गए। बोलेः अपनी इस चंचलता के कारण अगले जन्म में तू वानर जाति के राजा विरज की कन्या के रूप में जन्म लेगी। **(क्रमशः)**

# सबकी सेहत के लिए फिर कैसे खतरा बना चीन?

**फरवरी** 2020 में जब चीन से कोरोना संक्रमण दुनिया भर में फैला, तो वहां की वाइल्डलाइफ फार्मिंग (वन्यजीव कृषि) पर रोक लगा दी गई। अब कुछ दिन पहले चीन ने फिर इसमें ढील दे दी है। अभी वन्यजीवों से फैलने वाली जूनोटिक बीमारियों का खतरा बरकरार है। खुद चीन कोरोना से घिर चुका है, इसके बावजूद वह वाइल्डलाइफ फार्मिंग के जरिये फिर से पूरी दुनिया के लिए खतरा बनने को तैयार हो रहा है। वन्य जीवों की तस्करी और उसकी खपत के लिहाज से चीन दुनिया का टॉप का देश है। इस कारण वहां जब वन्य जीवों के अस्तित्व पर असर पड़ने लगा तो 1987 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम बनाया गया। पर लंबे समय तक अधिनियम पर काम ही नहीं हुआ। आखिर 2006 में इसे संशोधित करते हुए वाइल्ड लाइफ फार्मिंग को व्यावसायिक रूप दिया गया। इसके तहत वन्य जीव पालन और उसके कारोबार को मान्यता दी गई। यहां तक कि कारोबार के लिए लोन देने की भी व्यवस्था की गई। नतीजतन वाइल्ड लाइफ फार्मिंग वहां का बड़ा कारोबार बन गया। कोरोना को देखते हुए 1,800 जीवों पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिनमें साही, चूहे, पाम सीवेट, हेज हॉग्स, रैकून डॉग्स, जंगली भालू जैसे जीव शामिल थे। चूंकि लाखों किसानों की कमाई का जरिया वाइल्ड लाइफ फार्मिंग है, इसलिए मुर्गी, सफेद लोमड़ी जैसे 16 जीवों के लिए छोटे लेवल पर राहत दी गई थी। अब फिर से बड़े लेवल पर फार्मिंग शुरू हो गई है।

**चीन की खपत** : चीन में जानवरों को भोजन, दवा, आभूषणों और शौक के लिए पालते हैं। पारंपरिक चीनी चिकित्सा के अनुसार, भालू का पित्ताशय और पित्त पीलिया का इलाज करते हैं। चमगादड़ को आईसाइट ठीक रखने के लिए बेहतर माना जाता है। पाम सीवेट और सांप के मांस का स्टू अनिद्रा का इलाज कर सकता है। वहां के लोगों का ऐसा सोचना है, हालांकि वैज्ञानिक रूप से यह बिलकुल भी प्रमाणित नहीं है।

**वन्यजीवों पर असर** : कुछ लोगों का मानना है कि वाइल्ड लाइफ फार्मिंग से वन्यजीवों पर खतरा कम होगा, क्योंकि फार्मिंग से आवश्यकताएं पूरी हो जायेंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वाइल्डलाइफ फार्मिंग के तहत लाइसेंस देने की जो व्यवस्था की गई थी, उसमें वन्यजीवों को पालने और उनका कारोबार करने की कोई सीमा नहीं थी। सो पालने के बजाय सीधे वन्यजीवों का शिकार करके मार्केट में बेचने का काम भी होता रहा। नये कानून के तहत यह अंतर करना मुश्किल था कि कारोबार कानूनी तरीके से चल रहा है या गैरकानूनी।

**स्टेटस सिंबल** : हालांकि वाइल्ड लाइफ फार्मिंग का प्रॉडक्शन चीन के सामान्य लोगों के भोजन का जरूरी हिस्सा नहीं है, मगर यह वहां स्टेटस सिंबल जरूर है। मेहमाननवाजी में इसका विशेष महत्व माना जाता है। लग्जरी फूड में गिनती होने के कारण इनकी डिमांड ज्यादा रहती है। सामान्य खानपान के लिए इस्तेमाल होने वाली चीजों की तुलना में इनकी कीमतें भी ज्यादा होती हैं। साही, पाम सीवेट, बैंबू रैट्स की कीमत सुअर के मांस की तुलना में पांच गुनी ज्यादा होती है। इसलिए वाइल्डलाइफ फार्मिंग से उम्मीद की जाने लगी कि इसकी बढ़ती डिमांड से गरीबी कम की जा सकेगी। उसके बाद सरकार ने इसे प्रोत्साहित करना शुरू किया। इस उद्योग से जुड़ने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम किये जाने लगे। बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया गया।

चीन में वन्यजीवों को शिकारियों से बचाने के लिए काम करने वाली संस्था एपीसीएस का कहना है कि अगर मनुष्य को संक्रामक बीमारियों से बचाना है, तो वन्यजीवों को उनके अपने माहौल में सुरक्षित रहने दिया जाए। किसी भी तरीके से यदि हम अपने फूड के लिहाज से उनकी फार्मिंग करते हैं, ब्रीडिंग कराते हैं और उनका कारोबार करते हैं तो यह न तो मनुष्य के लिए सुरक्षित है और न ही पर्यावरण के लिए। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**चीन में जानवरों को भोजन, दवा, आभूषणों और शौक के लिए पालते हैं। पारंपरिक चीनी चिकित्सा के अनुसार, भालू का पित्ताशय और पित्त पीलिया का इलाज करते हैं। पाम सीवेट और सांप के मांस का स्टू अनिद्रा का इलाज कर सकता है। वहां के लोगों का ऐसा सोचना है, हालांकि वैज्ञानिक रूप से यह बिलकुल भी प्रमाणित नहीं है...**

बचपन इन दिनों



दिलीप लाल

## फोटो की दुनिया

ये बच्चा बड़ा हो कर ज़रूर कुछ बनेगा... चाय भी बेच रहा है, निगाहें भी कैमरे की हैं...🤔🤔




## ट्विट-ट्विट

Rohini Acharya
@RohiniAcharya2

सृजन चोरवा @SushilModi के बातों से ऐसा प्रतीत होता है सीबीआई इस के घर का जमाई लगता है..

## फेसबुक वॉल से

Journalist Arun Burnwal is at BABA KI RASOI.
1 d · Jhumri Telaiya

शिल्प भी हम शिल्पकार भी हम.



# बलिदान को नमन व प्रेरणा लेने का दिन

**साहिबजादा** जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का स्मरण आते ही हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है, और मस्तक श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु गोविंद सिंह भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करने वाले उन महानायकों में से हैं जिन्होंने हमारे लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। सिख इतिहास शहीदियों की लाजवाब मिसाल है। 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों साहिबजादों के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिये वीर बाल दिवस के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दिन वास्तव में उनकी शहादत को नमन करने व उनके जीवन से प्रेरणा लेने का दिन है।

**सरसा नदी पर बिछड़ गया परिवार** : 20 दिसम्बर 1704 की वो रात गुरु गोविंद सिंह ने अपने परिवार और 400 अन्य सिखों के साथ आनंदपुर साहिब का किला छोड़ दिया था। उस रात भयंकर सर्दी थी और बारिश हो रही थी। सेना 25 किलोमीटर दूर सरसा नदी के किनारे पहुंची ही थी कि मुगलों ने रात के अंधेरे में धोखे से आक्रमण कर दिया। बारिश के कारण नदी में उफान था कई सिख बलिदान हो गए, कुछ नदी में बह गये। इस अफरा तफरी में परिवार बिछड़ गया। माता गुजरी और दो छोटे साहिबजादे गुरु जी से अलग हो गये। दोनों बड़े साहिबजादे गुरु के साथ ही थे।

**बड़े साहिबजादों, अजीत सिंह और जुझार सिंह जी का बलिदान** : उस रात गुरु जी ने एक खुले मैदान में शिविर लगाया अब उनके साथ दोनों बड़े साहिबजादे और कुछ सिख यौद्धा थे। अगले दिन जो युद्ध हुआ उसे इतिहास में बेटल आफ चमकौर साहिब के नाम से जाना जाता है। गुरु गोविंद सिंह 40 सिख फौजों के साथ चमकौर की गढ़ी एक कच्चे किले में 10 लाख मुगल सैनिकों से मुकाबला करते हैं एक-एक सिख दस लाख मुगलिया फौज पर भारी पड़ता है गुरु गोविंद सिंह के बड़े बेटे जिनकी उम्र मात्र 17 वर्ष की है साहेबजादा अजित सिंह ने मुगल फौजों में भारी तबाही की, सैकड़ों मुगलों को मौत के घाट उतारा लेकिन दस लाख मुगलिया फौजों के सामने साहेबजादा अजित सिंह बलिदान हो गये। छोटे साहिबजादे जिनकी उम्र मात्र 14 वर्ष की है, बड़े भाई के बलिदान को देखते हुए पिता गुरु गोविंद सिंह से युद्ध के मैदान में जाने की अनुमति मांगी एक पिता ने अपने हाथों से पुत्र को सजाकर युद्ध के मैदान में भेजा लाखों मुगलों पर भारी साहेबजादा जुझार सिंह ने युद्ध में दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिये और लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए।

**दीवार में जिंदा चुने गए, पर धर्म नहीं बदला** : साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। वजीर खां ने फिर पूछा, बोलो इस्लाम कबूल करते हो? छः साल के छोटे साहिबजादे फतेह सिंह ने नवाब से पूछा अगर मुसलमान हो गये तो फिर कभी नहीं मरेंगे न? वजीर खां अवाक रह गया उसके मुँह से जवाब न फूटा तो साहिबजादे ने जवाब दिया कि जब मुसलमान हो के भी मरना ही है, तो अपने धर्म में ही अपने धर्म की खातिर क्यों न मरें। दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवार में चुनवाने का आदेश हुआ। दीवार चुनी जाने लगी। जब दीवार 6 वर्षीय फतेह सिंह की गर्दन तक आ गयी तो 8 वर्षीय जोरावर सिंह रोने लगी फतेह ने पूछा, जोरावर भाई रोते क्यों है। जोरावर बोला, रो इसलिए रहा हूँ कि दुनियां में आया मैं पहले था पर कौम के लिए शहीद तू पहले हो रहा है। इन दोनों बालकों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। इस प्रकार गुरु गोविंद सिंह का पूरा परिवार शहीद हो गया था। उसी रात माता गुजरी ने भी ठंडे बुर्ज में प्राण त्याग दिये। दिसंबर मास के इस अंतिम सप्ताह को भारत के इतिहास में शहीदी सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

**20 दिसम्बर 1704 की वो रात गुरु गोविंद सिंह ने अपने परिवार और 400 अन्य सिखों के साथ आनंदपुर साहिब का किला छोड़ दिया था। उस रात भयंकर सर्दी थी और बारिश हो रही थी। सेना 25 किलोमीटर दूर सरसा नदी के किनारे पहुंची ही थी कि मुगलों ने रात के अंधेरे में धोखे से आक्रमण कर दिया। बारिश के कारण नदी में उफान था कई सिख बलिदान हो गए।**

दुनिया-समाज



डॉ, पवन सिंह मलिक

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह***, **प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर** : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय** : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल** : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

### पॉलिटेक्निक छात्र को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने मारी गोली

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जनपद के सरायलखंसी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक छात्र को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने गोली मार दी। इस घटना में उक्त छात्र घायल हो गया। सीओ सिटी धनंजय मिश्रा ने बताया कि गाजीपुर जनपद के शादियाबाद थाना क्षेत्र निवासी साहिल (25 वर्ष) मऊ जनपद स्थित केंद्रीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अध्ययनरत था। जो आज सुबह पैदल ही कॉलेज के पास बकवल मोड़ जा रहा था। तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाश उसके पास आकर रुके और उसे तमंचे से गोली मार कर फरार हो गए।

### ममता व शुभेंदु ने हीराबेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के बीमार होने की खबर पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। ममता ने एक संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री की मां के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य के लिए वह प्रार्थना करती हूं। भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा, प्रधानमंत्री की मां हीराबेन मोदी के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित हूं। मैं भगवान शिव से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### ईंट करोबारी अफरोज आलम के कई ठिकानों पर आयकर छापे

**भागलपुर।** जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र निवासी ईंट कारोबारी अफरोज आलम के विभिन्न ठिकानों पर गुरुवार को आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की। आयकर विभाग की टीम आज अहले सुबह भागलपुर पहुंची और ईंट कारोबारी अफरोज आलम के कई ठिकाने पर छापेमारी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि टैक्स चोरी करने को लेकर यह कार्रवाई की गई है। हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अंदर अधिकारियों को संदिग्ध दस्तावेज क्या-क्या मिला है।

### अफ्रीकन स्वाइन फ्लू की दस्तक

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में सूअरों में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू बीमारी सामने आने के बाद पशु चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। बीमारी के नियंत्रण के लिए बीमार सूअरों को मारकर डिस्पोज करने की कार्यवाही की जा रही है। पशु चिकित्सा अधिकारी बीके असाटी ने बताया कि जिले के हटा में सूअर की मौत के बाद इस बात की पुष्टि हुई कि मरने वाले सूअर को अफ्रीकन स्वाइन फ्लू की बीमारी थी। ऐसे में उसके मृत्यु के स्थान से एक किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले सूअरों को मारा जा रहा है। उन्हें सावधानी से डिस्पोज किया जा रहा है, ताकि संक्रमण न फैले।

### भीमा नायक का बलिदान अविस्मरणीय : शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1857 की क्रांति में अंग्रेजों से जमकर लोहा लेने वाले वीर सपूत जनजातीय योद्धा भीमा नायक के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया है। श्री चौहान ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि मां भारती को परतंत्रता से मुक्त कराने में श्री भीमा नायक का योगदान अविस्मरणीय है। 1857 की क्रांति में उन्होंने अंग्रेजों के होश उड़ा दिए थे। उनके बलिदान दिवस पर वे उन्हें नमन करते हं। राज्य से जुड़े अनेक राजनेताओं ने भी भीमा नायक के बलिदान दिवस पर उनका स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

## अलविदा 2022 : अपराधियों पर जमकर चला योगी का बुलडोजर

**एजेंसी। मेरठ**

प्रदेश में योगी सरकार 2.0 बनने के बाद अपराधी और माफिया के खिलाफ पुलिस ने जमकर कार्रवाई की। 2022 में मेरठ में सोतीगंज के वाहन चोर माफिया की संपत्ति कुर्क की गई तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर ने माफिया की संपत्ति को ध्वस्त कर दिया। 2022 में उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ फिर से सत्ता में आए तो अपराधियों पर उनका शिकंजा कसता चला गया। मेरठ जनपद में अपराधी और माफिया पर पुलिस का चाबुक चला। सोतीगंज के शातिर कबाड़ी हाजी गल्ला और उसके बेटों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। अवैध रूप से अर्जित की गई इन माफिया की लगभग दस करोड़ की संपत्ति को पुलिस ने कुर्क किया। सोतीगंज के अन्य कबाड़ियों की कुंडली खंगाल कर





उनकी संपत्ति को भी जब्त किया जा रहा है। मछेरान इलाके के नशे के तस्कर तस्लीम पर गैंगस्टर एक्ट में शिकंजा कसा गया। तस्लीम और उसके परिवार की करोड़ों रुपये की संपत्ति को चिन्हित कर जब्त किया गया। पुलिस हिरासत से फरार हुए ढाई लाख के इनामी माफिया बदन सिंह बद्दो की करोड़ों रुपए कीमत की आलीशान कोठी को बुलडोजर से जमींदोज किया गया। बद्दो द्वारा सरकारी पार्क पर कब्जा करके बनाई गई दुकानों को ध्वस्त करके कब्जा मुक्त कराया गया। असम में उग्रवादी हमले में मारे गए अंतरराष्ट्रीय गो तस्कर अकबर बंजारा और उसके भाई सलमान बंजारा की कई करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त किया गया। इसके साथ ही लिसाड़ी रोड पर फतेहउल्लापुर स्थित अकबर बंजारा की अवैध मार्किट को बुलडोजर से ढहाया गया। अंतरराष्ट्रीय मोबाइल तस्कर शरद गोस्वामी के गैंग की पुलिस ने कमर तोड़ दी। इस गैंग के पास से करोड़ों रुपए के चोरी के मोबाइल पुलिस ने बरामद किए। शरद गैंग भारत से मोबाइल चोरी करके नेपाल, बांग्लादेश आदि देशों में बेच देता था। भूमाफिया यशपाल तोमर की नोएडा स्थित करोड़ों रुपये की संपत्ति को मेरठ पुलिस ने जब्त किया। मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह सजवाण की अगुवाई में माफिया के खिलाफ पुलिस का अभियान दिसम्बर तक जारी है। एसएसपी का कहना है कि वर्ष 2023 में भी अपराधियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

## दूसरों पर परोपकार करना ही बुद्ध का उद्देश्य : लामा



**एजेंसी। गया**

बिहार के बोधगया में काल-चक्र पूजा चल रही है। काल-चक्र पूजा के दौरान गुरुवार को बौद्ध धर्म के सबसे बड़े गुरु दलाई लामा ने अपने शिक्षण उद्बोधन में कहा कि दूसरे के ऊपर परोपकार करने से ही अपना कार्य सफल होता है। हमें हमेशा दूसरे के हित की बात करनी चाहिए। यही भगवान बुद्ध का मूल मंत्र है। खुद से पहले दूसरे को प्राथमिकता दें। कोई नुकसान देता है, फिर भी दूसरे के हित की बात करना चाहिए।

दलाई लामा ने कहा कि भगवान बुद्ध का ध्यान लगाया तो ऐसा लगा वे हमें मीठी चीज जैसे चॉकलेट दे रहे हैं। भगवान बुद्ध की ओर ध्यान व चेतना लगाई तो सुखद अनुभूति हुई।

इस मौके पर बोधिचित्त विषय पर 4 व्याख्यान धर्म गुरु दलाई लामा ने दिए। उन्होंने कहा कि प्यार, शांति व परहित के अलावा पूरे विश्व में कुछ नहीं है। यही भगवान बुद्ध का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि बहुत प्रकार की समस्याओं पर ज्यादा विचार नहीं करना चाहिए।

इसके अलावा दलाई लामा ने अपने अनुयायियों को 36 मंत्र भी दिए तथा कहा कि इसका नित्य पाठ करें। श्रद्धालुओं ने जमीन पर एक पैर पर बैठकर दीक्षा ली। दलाई लामा ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र स्थल पर आज बौद्ध चित्त दीक्षा देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुझे यदि आप मानते हैं तो मेरी बातों को मानें। उन्होंने कहा कि बौद्ध चित्त का अभ्यास करें।

दलाई लामा का प्रवचन दो दर्जन से अधिक देसी व विदेशी भाषाओं में एफएम रेडियो के माध्यम से भी सुना गया। यही वजह है कि सभी श्रद्धालुओं को एयर फोन अपने साथ लाने की नसीहत दी गई है। दालाई लामा के शिक्षण उद्बोधन सुनने के लिए कुल सात इंट्री प्वाइंट बनाए गए हैं। दलाई लामा की इंट्री विशेष प्रवेश द्वारा से हुई। जहां उनकी निजी सुरक्षा कर्मी के अलावा जिला पुलिस के जवान भी तैनात हैं। टीचिंग प्रोग्राम आज सुबह आठ बजे से शुरू हुआ जो करीब 10 बजे तक चला। कार्यक्रम में करीब 30 देशों के 70 हजार बौद्ध अनुयायी ने शिरकत की। कार्यक्रम बोधगया के काल चक्र मैदान में आयोजित किया गया।

काल चक्र में पूजा व कार्यक्रम को देखते हुए कई रूट भी आज डायवर्ट किए गए हैं। इस कार्यक्रम को लेकर बौद्ध भिक्षुओं के बीच गजब उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम स्थल के चारों ओर बौद्ध भिक्षु व लामा ही दिख रहे हैं। बोधगया बुद्धं शरणम गच्छामि की ध्वनि से गूंज रहा है।

## प.बंगाल में रेलवे की क्षमता का होगा विस्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में देश की सातवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ करने के साथ ही क्षमता विस्तार की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे जिससे राज्य में रेल परिचालन सुगमता और रफ्तार आएगी।

श्री मोदी आज सुबह हावड़ा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर न्यू जलपाईगुड़ी के लिए रवाना करेंगे जो करीब 561 किलोमीटर की दूरी सात घंटे 50 मिनट में तय करेगी। मार्ग में यह ट्रेन न्यू फरक्का और माल्दा टाउन स्टेशनों पर ठहरेगी। इस मार्ग पर शताब्दी एक्सप्रेस भी चलती है जो यह दूरी आठ घंटे 20 मिनट में तय करती है।

पूर्वी भारत की यह पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन पर्यटन और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण



होगी। दार्जीलिंग और सिक्किम के लिए न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन मुख्य संपर्क बिन्दु है। यह स्टेशन पूर्वोत्तर क्षेत्र के द्वार के रूप में भी जाना जाता है। इसके अलावा राज्य की राजधानी कोलकाता से जुड़ी दो परियोजनाओं - बोइंची से शक्तिगढ़ के बीच 25.8 किलोमीटर तीसरी लाइन तथा दानकुनी एवं चंदननगर के बीच 25.4 किलोमीटर के बीच चौथी लाइन के लोकार्पण से रोजगार के लिए आसपास के क्षेत्रों से कोलकाता आने जाने वाले दैनिक यात्रियों को लाभ मिलेगा। इन लाइनों पर अधिक ईएमयू गाड़ियां चलायी जा सकेंगी।

इसी प्रकार से मुर्शिदाबाद जिले में निमतीता और न्यू फरक्का के बीच 25.4 किलोमीटर लाइन के दोहरीकरण और उत्तर बंगाल में जलपाईगुड़ी एवं अलीपुर द्वार अंबारी फलकाता एवं न्यू मायानगरी तथा न्यू मायानगरी एवं गुमानीहाट के बीच करीब 89 किलोमीटर लाइन के दोहरीकरण के लोकार्पण से कोलकाता एवं देश के अन्य क्षेत्रों से पूर्वोत्तर क्षेत्र के बीच रेल संपर्क आसान हो जाएगा। इसके अलावा कोलकाता की मेट्रो रेल की जोका एवं तारातल के बीच करीब साढ़े छह किलोमीटर की मेट्रो लाइन का भी लोकार्पण किया जाएगा। इस पर लगभग 2477 करोड़ रुपये की लागत आयी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में रेलवे की लंबित परियोजनाओं को पूरा करने को लेकर काफी मुखर रहीं हैं और शुक्रवार को वह भी अपने राज्य में रेलवे के क्षमता विस्तार की साक्षी बनेंगी।

### वंदे भारत एक्सप्रेस का अब बिहार में भी होगा परिचालन

**एजेंसी। पटना**

वंदे भारत एक्सप्रेस का अब बिहार में भी परिचालन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसम्बर को हावड़ा रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस दौरान बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार अत्याधुनिक सेमी हाई स्पीड ट्रेन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है। हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलने वाली यह ट्रेन रास्ते में तीन स्टेशन- बारसोई, मालदा, बोलपुर आदि स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इसमें बिहार में किशनगंज और बारसोई दो प्रमुख स्टेशन शामिल हैं, जहां वंदे भारत का ठहराव होगा। वंदे भारत के बारसोई में ठहराव होने से बिहार के सीमांचल के इलाकों के आधा दर्जन से ज्यादा जिलों को बड़ा लाभ होगा। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन सुबह छह बजे हावड़ा स्टेशन से रवाना होगी और दोपहर डेढ़ बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। एक घंटे रुकने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर करीब ढाई बजे न्यू जलपाईगुड़ी से रवाना होगी और रात 10 बजे कोलकाता पहुंचेगी। पूर्वी रेलवे की समयसारिणी के अनुसार ट्रेन एक सप्ताह में छह दिन चलेगी।

## संदिग्ध चीनी महिला अब पुलिस हिरासत में



**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

बिहार पुलिस ने दलाई लामा की कथित जासूसी के आरोप में बोध गया से एक चीनी महिला को हिरासत में लिया है। हिरासत में ली गयी महिला से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद महिला को वापस चीन भेजने की तैयारी है। पुलिस की तरफ से महिला को हिरासत में लेने के लिए लगातार कार्रवाई चल रही थी। प्रशासन की तरफ से संदेह के आधार पर ह्यस्केच' भी जारी किया गया था। अधिकारियों ने मीडिया के साथ महिला के पासपोर्ट और वीजा का विवरण भी साझा किया था। एसएसपी हरप्रीत कौर ने बताया था कि स्केच को लेकर हम लोग छानबीन कर रहे हैं तथा बोध गया के होटल व्यवसाय के जुड़े लोगों से भी बात चल रही है। हम लोग पता लगा रहे हैं कि महिला अगर बोध गया आई है तो किस जगह पर रुकी है? आपको बता दें कि तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा बोध गया में एक महीने के प्रवास पर हैं। इसके साथ ही धर्म गुरु दलाई लामा का बोध गया कालचक्र मैदान में तीन दिवसीय प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित है। चीन की महिला का स्केच जारी होने के बाद दलाई लामा की सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गयी है।

दलाई लामा ने बोध गया में बृहस्पतिवार सुबह एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, यदि आप आस्तिक हैं, तो आपको दूसरों के बारे में सोचना चाहिए। हम सभी ने इंसान के रूप में जन्म लिया है और मैं जहां भी रहूंगा, मानवता के लिए काम करता रहूंगा।

### कालचक्र पूजा में आये दो विदेशी कोरोना संक्रमित

**बोधगया** के कालचक्र पूजा में शामिल होने आये दो और विदेशी नागरिक कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। इससे पहले भी 18 लोग संक्रमित पाये गये थे, जिसमें 13 विदेशी नागरिक हैं। गया में कोरोना के संक्रमितों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी से पूरे बिहार में कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर सरकार और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। बताया जा रहा है कि दोनों संक्रमितों के सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए पटना भेज दिए गए हैं।

### तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, दो लोगों की मौत

**छतरपुर।** जिले के खजुराहो में बुधवार देर रात बाइक सवार दो लोग पेड़ से टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खजुराहो पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी अनुसार दोनों बुधवार देर रात करीब एक बजे हीरो कंपनी की बिना नंबर की बाइक से कहीं जा रहे थे। इस दौरान खजुराहो थानांतर्गत चंदेला होटल के सामने तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सडक किनारे पेड़ से जा टकराई।

## ऐलान : कांग्रेस की सरकार बनते ही बढ़ायी जायेगी दिव्यांगों की पेंशन : कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार फिर सत्ता वापसी के लिए पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ लोकलुभावन वादों का सहारा ले रहे हैं। विधानसभा चुनाव में अभी करीब 10 महीनों का समय शेष है, लेकिन उससे पहले कमलनाथ एक के बाद एक लगातार घोषणाएं कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने फिर बड़ा ऐलान किया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुरुवार को ट्वीट कर मप्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाकर एक हजार रुपये करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि हमने



दिव्यांगों की पेंशन को तीन सौ रुपये से बढ़ाकर छह सौ रुपये किया और हम इसे एक हजार रुपये करने जा रहे थे। लेकिन सौदेबाजी से हमारी सरकार गिरा दी गई और दिव्यांगों का एक हजार रुपये महीने पेंशन का हक मारा गया। मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही हम दिव्यांगों की पेंशन को बढ़ाकर एक हजार रुपये महीना करेंगे।

गौरतलब है कि पिछले एक महीने से कमलनाथ रोजाना अपने 2018 में किए वादों को दोहराते हुए ट्वीट कर रहे हैं। एक दिन पहले बुधवार को भी उन्होंने मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही विधवा पेंशन को बढ़ाकर एक हजार रुपये महीना करने का ऐलान किया था। वहीं दो दिन पहले वृद्धावस्था पेंशन की राशि बढ़ाने की घोषणा भी कर चुके हैं। इससे पहले कमलनाथ एक रुपये यूनिट बिजली, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने, पुलिस साप्ताहिक अवकाश, किसान कर्जमाफी जैसे वादों को भी दोहरा चुके हैं।

## योगी से मिलीं वसुंधरा राजे



सीएम योगी से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पर राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे ने शिष्टाचार भेंट की।

## विमान खरीदः नीतीश ने किया मोदी पर पलटवार

**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

बिहार में विमान खरीद को लेकर ठगरमायी राजनीतिके बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद सुशील कुमार मोदी पर पलटवार किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि सुशील मोदी के बयान से कोई फर्क नहीं पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नया विमान तो सबके हित में है। उन्होंने कहा कि समझ में नहीं आता है, ये लोग कब क्या बोलते



रहतें हैं। पहले यही लोग साथ में थे तो सरकार का अपना विमान होने की जरूरत बताते थे और आज जब उनकी सरकार ने विमान खरीदने का फैसला कर लिया है तो अजीब तरह का बयान दे रहें हैं। पर इनलोगों के बयान से उन्हें किसी तरह का फर्क नहीं पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "अजब हाल है, पहले से ही कह रहा था वह, वो तो पहले से ही, आप जानते ही हैं, हमलोग पहले लिए हुए थे विमान। उसके बाद ट्रेनिंग के लिए दे दिए थे। फिर हम लोग भाड़ा पर लाए थे, आप लोग तो जानते ही हैं कि भाड़ा पर कितना बढ़िया विमान लाए थे। उसके बाद अब देखा गया कि अपनी तरफ से विमान आ जाए तो अच्छा रहेगा। यह सबके हित में है। हमको तो आश्चर्य लगता है कि कोई कुछ बोलता है। जरा पूछ लीजिएगा कि ये लोग पहले क्या बोलते थे? सुशील मोदी पहले बोलते थे कि नया विमान खरीदना चाहिए।

### 5जी दूरसंचार सेवा 26 जनवरी से पहले शुरू : वैष्णव

**भुवनेश्वर।** केन्द्रीय दूरसंचार एवं रेल मंत्री वैष्णव ने यहां गुरुवार को कहा कि ओडिशा में 5जी दूरसंचार सेवा 26 जनवरी से पहले शुरू हो जाएगी। श्री वैष्णव ने भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के शिलान्यास समारोह में बोलते हुए कहा मैंने आपसे वादा किया था कि ओडिशा को पहले चरण में 5जी सेवाएं मिलेंगी और यह 26 जनवरी से पहले शुरू हो जाएंगी।"

कार्यक्रम

### गुरु गोविंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस पार्टी का मामला

**एजेंसी। पटना**

गुरु गोविंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व पर तख्त श्री हरिमंदिर जी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है तो मेरा कुछ भी बोलना ठीक नहीं। यह कांग्रेस का प्रोग्राम है। हम क्या बोलें। ये उनकी पार्टी का मामला नहीं है।

इससे पहले सीएम ने तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों



से आये जत्थेदारों, हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।

सीएम ने यहां अपने सम्बोधन में कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जन्म इसी धरती पर हुआ है यह हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 की जनवरी में 350वां प्रकाश पर्व मनाया गया। इसके बाद से हर वर्ष प्रकाश पर्व को हमलोग निरंतर मना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव और गुरु तेग बहादुर यहां आए थे। गुरु तेगबहादुर ने पत्नी को यहीं रहने दिया था और गुरु गोविंद सिंह का यहीं जन्म हुआ।

उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव राजगीर भी पहुंचे थे। उस समय स्थानीय लोगों के अनुरोध पर उनके चरण स्पर्श मात्र से गर्म कुंड का पानी शीतल हो गया और तब से यह शीतल कुंड में तब्दील हो गया। राजगीर में शीतल कुंड के पास भव्य गुरुद्वारा का निर्माण किया गया है। राजगीर में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में देश एवं देश के बाहर के सिख श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दरबार हॉल, जिसमें कार्यक्रम हो रहा है। यह काफी बेहतर ढंग से बनाया गया है। पटना सिटी में ओपी साह सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जहां ढाई हजार श्रद्धालुओं के रहने के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। एक माह के बाद इसको अन्य लोगों के लिए भी खोल दिया जाएगा।

## उत्पाद विभाग ने किया 50 लाख का विदेशी शराब बरामद

**एजेंसी। मोतिहारी**

जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के बेलवा चौक के समीप उत्पाद पुलिस ने एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। साथ ही मौके से ट्रक ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय पुलिस व उत्पाद विभाग के मुताबिक शराब गुड़ के 350 कॉर्टन में छुपा कर रखी गई थी। बरामद शराब की कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया ट्रक समेत शराब को जब्त कर लिया है।उन्होने बताया कि गिरफ्तार ड्राइवर की पहचान राजेन्द्र सिंह के रूप में की गई है, जो पंजाब का रहने वाला है। जिसने पूछताछ में बताया कि शराब की खेप चढ़ीगढ़ से लाई जा रही थी और इसे नये साल पर मुजफ्फरपुर में खपाना था। उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि नए साल को लेकर उत्पाद विभाग विशेष अभियान चला रही है।

ताकि जिले में किसी प्रकार का शराब लाये जाने से रोका जा सके। उसी क्रम में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब आने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कोटवा में जाल बिछाकर ट्रक को पकड़ा गया। गिरफ्तार ट्रक ड्राइवर से पूछताछ के आधार पर शराब तस्करो की पहचान कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

# सूर्यकुमार आईसीसी टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामित



## सूर्या ने इस साल टी-20 में बनाए हैं सबसे ज्यादा रन, 2 शतक भी जड़े

**एजेंसी। दुबई**

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर-2022 के लिए नॉमिनेट किए गए हैं। सूर्यकुमार इस साल टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 31 मैचों में 187.43 की स्ट्राइक रेट से 1164 रन बनाए। इनमें दो सेंचुरी और 9 हाफ सेंचुरी भी शामिल है। वहीं, वह किसी एक साल में इस फॉर्मेट में 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बने। उनसे पहले पाकिस्तान के विकेटकीपर बैटर मोहम्मद रिजवान ने 2021 में 26 पारियों में 1326 रन बनाए थे। वहीं, सूर्या ने 2022 में 68 टी-20 छक्के भी जड़े। जो एक साल इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा है। सूर्यकुमार के अलावा आईपीएल के मिनी ऑक्शन में सबसे महंगे बिके सैम करन, पाकिस्तानी विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान और जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिंकदर रजा भी नामित किए गए हैं।

पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में सूर्या का स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा 189.9 रहा है। उन्होंने टूर्नामेंट में 239 रन बनाए थे। वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने में मामले में वे तीसरे नंबर पर रहे थे। विराट कोहली 296 रन बनाकर टॉप पर थे। सूर्या ने टूर्नामेंट में 3 हाफ सेंचुरी लगाई थी।

## टीम से ड्रॉप होने पर धवन बोले- भगवान की मर्जी

**एजेंसी। मुंबई**

श्रीलंका के खिलाफ 3 जनवरी से शुरू होने वाले 3 टी-20 और 3 वनडे मैचों की घरेलू सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा हो गई है। हार्दिक पंड्या को टी-20 की कप्तानी सौंपी गई है। वहीं, श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से ड्रॉप किए गए शिखर धवन ने भी सोशल मीडिया पर ट्रेनिंग करते हुए इमोशनल पोस्ट की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है, 'बात जीत हार की नहीं होती। दिल की होती है। काम करो और बाकी भगवान पर छोड़ दो।' बांग्लादेश के खिलाफ वनडे टीम का हिस्सा रहे धवन बल्ले से कमाल नहीं कर पाए। वे पहले वनडे में 7, दूसरे में 8 और तीसरे वनडे में 3 रन ही बना सके थे। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में उन्होंने 72 रनों की शानदार पारी खेली थी। धवन टी-20 और टेस्ट टीम से पहले ही बाहर हो चुके हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं स्टार्क

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क बाएं हाथ की चोट के कारण भारत के खिलाफ फरवरी में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। स्टार्क ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद गुरुवार को कहा कि भारत हमारा अगला बड़ा दौरा है और हमें देखना होगा कि चोट के ठीक होने की समय-सीमा क्या है। यह मेरा गेंदबाजी वाला हाथ है, इसलिये मुझे थोड़ी सावधानी बरतनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि चोट पूरी तरह ठीक हो जाए।

### अब मुफ्त में टेस्ट दिखाएगा पीसीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऐलान किया है कि कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में दर्शकों की एंट्री फ्री होगी। दर्शकों को मुफ्त में मैच दिखाने का फैसला पीसीबी ने खुशी-खुशी नहीं लिया है, बल्कि इसके पीछे बहुत बड़ी मजबूरी है। दरअसल, पीसीबी की परेशानी यह है कि मैच के दौरान दर्शक नहीं आ रहे हैं। 90 प्रतिशत स्टेडियम खाली है। लिहाजा, किसी तरह से लोगों को स्टेडियम तक लाने की जुगाड़ की जा रही है।

### 'खेडां हलका सुनाम दियां' का पोस्टर रिलीज

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री अमन अरोड़ा के पिता और पूर्व मंत्री बाबू भगवान दास अरोड़ा की याद में करवाई जा रही 'खेडां हलका सुनाम दियां' का पोस्टर रिलीज किया है। मुख्यमंत्री आवास पर पोस्टर रिलीज होने के बाद अरोड़ा ने गुरुवार को बताया कि बाबू भगवान दास अरोड़ा मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा स्पॉन्सर 'खेडां हलका सुनाम दियां' टूर्नामेंट शहीद भाई मति दास सीनियर सेकंडरी स्कूल, लोंगोवाल में चार से पांच फरवरी तक करवाया जायेगा।

### श्रीलंका के खिलाफ मौका चाहते हैं शिवम मावी

**नयी दिल्ली।** चोटों से उबरने और घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करने के बाद तेज गेदबाज शिवम मावी भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या से श्रीलंका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला में एक मौका चाहते हैं जिससे कि वह अपनी छाप छोड़ सकें। उन्हें मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू हो रही तीन टी-20 मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया।

### अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को मिला नया टी-20 कप्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर राशिद खान को टीम का नया टी-20 इंटरनेशनल कप्तान बनाया गया है। नवंबर में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2022 के समापन के बाद पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी भूमिका से हट गए थे। स्पिन गेंदबाजी के जादूगर राशिद अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अफगानिस्तान की अगुवाई करेंगे। विश्व कप अभियान में टीम एक भी मैच जीतने में नाकाम रही।

# ऑस्ट्रेलिया ने 17 साल बाद घरेलू सरजमीं पर प्रोटियाज को पछाड़ा

## द. अफ्रीका को दूसरे टेस्ट मैच में पारी से हराकर ली अजेय बढ़त

**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वॉर्नर (200 नाबाद) के दोहरे शतक और एलेक्स कैरी (111) के शतक के बाद गेंदबाजों के उमदा प्रदर्शन से गुरुवार को दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 182 रन से रौंद दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 189 रन बनाये, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 575/8 के स्कोर पर पारी घोषित की। दक्षिण अफ्रीका 386 रनों से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में चौथे दिन 204 रन पर ढेर हो गयी।



ऑस्ट्रेलिया ने 17 साल बाद दक्षिण अफ्रीका को घरेलू टेस्ट सीरीज में हराते हुए तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का तीसरा मुकाबला चार जनवरी से सिडनी में खेला जायेगा। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरूआत 15/1 के स्कोर से की। प्रोटियाज को ऑस्ट्रेलिया की बढ़त कम करने के लिये बड़ी साझेदारियों की जरूरत थी लेकिन टेम्बा बावुमा (65) के अलावा कोई बल्लेबाज विकेट पर समय नहीं बिता सका। उंगली में चोट से उबर रहे मिचेल स्टार्क ने सारेल एरवी (21) को तेज यॉर्कर पर पगबाधा आउट करके ऑस्ट्रेलिया को सुबह पहली सफलता दिलाई। स्कॉट बोलैंड ने थ्यूनिस डी ब्रुइन (28) को दूसरी स्लिप में कैच कराया जबकि खाया जोंडो (एक) के रन आउट होने से दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 65 रन हो गया। बावुमा और काइल वेरिन (33) ने पांचवें विकेट के लिये 63 रन जोड़े। बावुमा ने 144 गेंदें खेलकर छह चौकों के साथ 65 रन बनाये, जबकि वेरिन ने 40 गेंदों पर 33 रन का योगदान दिया। इस साझेदारी ने पहले सत्र में दक्षिण अफ्रीका को संभाल लिया था लेकिन बोलैंड (49/2) ने लंच के बाद चौथे ओवर में वेरिन को पगबाधा आउट कर दिया।

पुछल्ले बल्लेबाजों के विकेट पर आने के बाद स्पिनरों ने मोर्चा संभाल लिया। नेथन लायन ने बावुमा, मार्को यैनसेन और कागिसो रबाडा को आउट किया, जबकि लुंगी एनगिडी स्टीव स्मिथ का शिकार हुए और प्रोटियाज 204 के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी। इस जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में 78.57 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं मजबूत हो गयीं, जबकि दक्षिण अफ्रीका 50 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर फिसल गयी है। भारत इस तालिका में 58.93 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। डब्ल्यूटीसी चक्र पूरा होने के बाद तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल जून 2023 में लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर खेला जायेगा।

# टी-20 वूमन वर्ल्ड कप : हरमनप्रीत की अगुवाई में टीम इंडिया घोषित

## पूजा वस्त्राकर की वापसी, 12 फरवरी को पाक से भारत का पहला मैच

**एजेंसी। मुंबई**

साउथ अफ्रीका में अगले साल होने वाले आईसीसी वूमन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तान और ओपनर स्मृति मंधाना उप कप्तान हैं। टीम में इंजर्ड पूजा वस्त्राकर की वापसी हुई है। वहीं, स्नेह राणा समेत 3 प्लेयर्स को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है। साउथ अफ्रीका में 8वें टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत 10 फरवरी 2023 से होगी। टीम इंडिया टूर्नामेंट के ग्रुप-2 में पाकिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ है। भारत का पहला मैच 12 फरवरी को कैप टाउन में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। 15 फरवरी को केपटाउन में वेस्टइंडीज, 18 फरवरी को पोर्ट एलिजाबेथ में इंग्लैंड और 20 फरवरी को पोर्ट एलिजाबेथ में आयरलैंड के खिलाफ भारत के बाकी ग्रुप स्टेज के मैच होंगे।



**ऑस्ट्रेलिया पांच बार की चैम्पियन**

ग्रुप-1 और ग्रुप-2 की 2-2 टॉप टीमों के बीच 23 और 24 फरवरी को सेमीफाइनल होंगे। 26 फरवरी को भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। 2009 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट को ऑस्ट्रेलिया ने 5 बार जीता है। एक-एक बार इंग्लैंड और वेस्टइंडीज भी चैंपियन बनी हैं। भारत पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा था। लेकिन, उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी के बीच आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप भी होगा। 16 टीमों के टूर्नामेंट में टीम इंडिया की कप्तानी शेफाली वर्मा करेंगी। विकेटकीपर ऋषा घोष भी इस टीम का हिस्सा हैं। दोनों ही टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की सानियर विमेन टीम के लिए सिलेक्ट हुई हैं।

**टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋषा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजली सर्वनी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे।

# पानीपत की बेटी ने स्क्वैश में जीता रजत



**एजेंसी। पानीपत**

हरियाण के पानीपत की 9 वर्षीय बेटी अराधना सिंह ने स्क्वैश ओपन प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाते हुए सिल्वर मेडल जीता है। इंदौर के डेली कॉलेज में आयोजित सेंट्रल इंडिया स्क्वैश ओपन प्रतियोगिता में अराधाना ने यह खिताब अपने नाम किया है। प्रतियोगिता 19 से 22 दिसम्बर तक आयोजित हुई थी। जिसमें कई चरणों को पार करते हुए काफी प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए फाइनल तक पहुंची।

जहां रोमांचक मुकाबले में सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। अराधना ने अंडर-11 गर्ल्स केटेगरी में यह उपलब्धि हासिल की है। बेटी को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में मां मोनिका सिंह का बहुत योगदान हमेशा से रहा है। मां, पानीपत के इनकम टैक्स विभाग की एडिशनल कमिश्नर के पद पर तैनात हैं। अपनी दिनचर्या से समय निकालकर वह बेटी की तैयारियों में खुद को समर्पित करती हैं। अराधना, पानीपत के क्लब में ही अभ्यास करती है।

# कार्लसन ने जीता चौथा विश्व रैपिड का खिताब

**अल्माटी/कजाकिस्तान।** नॉर्वे के विश्व क्लासिकल शतरंज चैम्पियन मेगनस क्वार्लसन ने आखिरी राउंड में ईरान के परहम मघसूदलू को पराजित करते हुए 13 राउंड के बाद 10 अंक बनाकर विश्व रैपिड का खिताब और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। कार्लसन का यह चौंथा विश्व रैपिड खिताब है इससे पहले वह 2014, 2015 और 2019 में यह खिताब जीत चुके हैं। जर्मनी के विन्सेंट केमर 9.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर रजत तो यूएसए के फबियानों करूआना कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ियों में 9 अंक बनाकर अर्जुन एरिगासी नें पांचवां स्थान हासिल किया तो 8.5 अंक बनाकर निहाल सरीन नौंवे स्थान पर रहे। विदित गुजराती 8.5 अंक बनाकर 15वें स्थान पर रहे।

# संतोष ट्रॉफी : कर्नाटक ने लगाया जीत का चौका

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कर्नाटक ने 76वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप (संतोष ट्रॉफी) के ग्रुप-एक में अपना वर्चस्व बरकरार रखते हुए गुरुवार को त्रिपुरा को 10-0 से रौंदकर जीत का चौका लगाया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के दूसरे मुकाबले में गुजरात ने लद्दाख को 2-0 से मात दी। कर्नाटक के सामने त्रिपुरा एक दोयम दर्जे की टीम नजर आई। इस एकतरफा मुकाबले में कर्नाटक के लिए शेल्टन पॉल एम. ने दूसरे व 27वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि रॉबिन यादव (16वें), प्रशांत कलिंगा (30वें), एम. सुनील कुमार (40वें), अभिषेक शंकर पोवार (54वें), अप्पू (78वें), अंकित पी. (81वें), राजागणपति के. (86वें) और कमलेश पी. (90+6 मिनट में) ने एक-एक गोल किया। गुजरात की जीत में जय कनानी (28वां) और रुतिग अहिर्राओ (50वां मिनट) ने एक-एक गोल से योगदान दिया। इसी बीच, ग्रुप-एक की मेजबान दिल्ली ने उत्तराखंड को 2-1 से हराकर जीत की हैट्रिक लगायी।



डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम पर खेले गये मैच में मेजबान ने पहले हाफ में महिप अधिकारी (16वां) और जयदीप सिंह (45+2वां मिनट) के गोल से बढ़त बना ली। मध्यांतर के समय ऐसा लग रहा था कि दिल्ली एक और बड़ी जीत दर्ज करने जा रही है, लेकिन उत्तराखंड ने दूसरे हाफ में मजबूती से वापसी की। सुचारू डबराल ने 68वें मिनट में गोल जमाकर स्कोर 2-1 कर दिया, हालांकि इसके बाद उत्तराखंड सराहनीय प्रयास के बावजूद दिल्ली के रक्षण को नहीं भेद सकी। दिल्ली चार मैचों में 10 अंकों के साथ ग्रुप-एक की तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि कर्नाटक 12 अंकों के साथ पहले स्थान पर है।

# पहली पारी में विशाल बढ़त की ओर कर्नाटक

**पोरवोरिम।** गोवा के तीन बल्लेबाजों के अर्धशतकों के बावजूद कर्नाटक रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच के तीसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में विशाल बढत लेने के करीब पहुंच गया। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर गोवा ने आठ विकेट पर 321 रन बना लिये थे। कप्तान दर्शन मिशाल 134 गेंद में 66 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले कर्नाटक ने पहली पारी सात विकेट पर 603 रन के विशाल स्कोर पर घोषित की। कल के स्कोर एक विकेट पर 45 रन से आगे खेलते हुए गोवा के लिए सुयश प्रभुदेसाई ने 165 गेंद में 12 चौकों की मदद से 87 रन बनाये जबकि सुमिरन अमोनकर ने 30 रन की पारी खेली। प्रभुदेसाई ने स्नेहल कौठांकर (21) के साथ अर्धशतकीय साझेदारी भी निभाई। प्रभुदेसाई और केडी एकनाथ (पांच) के आउट होने के बाद सिद्धेश लाड (63) और कप्तान दर्शन मिशाल ने छठे विकेट के लिए 65 रन जोड़े।




## प्रस्ताव : ऑस्ट्रेलिया के एमसीजी क्रिकेट ग्राउंड के सीईओ ने रखा प्रपोजल

# भारत-पाकिस्तान टेस्ट की मेजबानी को हैं तैयार

**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने भारत-पाकिस्तान टेस्ट मैच की मेजबानी का प्रस्ताव रखा है। दोनों पड़ोसियों के बीच 2007 के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं हुआ है। वहीं, 2013 से इन दोनों टीमों ने कोई बाईलेटरल सीरीज नहीं खेली है। अब दोनों देश इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के इवेंट्स में ही खेलते हैं। गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका दूसरे टेस्ट के बाद एमसीजी के सीईओ स्टुअर्ट फॉक्स ने सेन रेडियो से बात करते हुए कहा कि वे भारत-पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में टेस्ट सीरीज के आयोजन के लिए तैयार है। इस मसले पर हमने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से भी बात की है। हालांकि, दोनों देशों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए इसका आयोजन काफी मुश्किल है। फॉक्स के बयान के तुरंत बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने कहा : भारत-पाकिस्तान टेस्ट सीरीज का आयोजन भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर निर्भर है। अगर दोनों देश आपस में टेस्ट खेलने के लिए राजी होते हैं तो ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट इसकी मेजबानी करने के लिए तैयार है।



## भारत-पाक मैच पर रहती है दुनिया की नजर

बता दें कि अक्टूबर-नवम्बर महीने में ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी और मेलबर्न में भारत-पाकिस्तान मुकाबला खेला गया था। इस मैच को देखने के लिए 90 हजार से ज्यादा दर्शक पहुंचे थे। इससे मेलबर्न क्रिकेट क्लब काफी उत्साहित है। भारत-पाकिस्तान मैच में दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें रहती हैं। इन दोनों देशों के बीच कहीं भी मैच खेला जाए। फैंस बड़ी संख्या में देखने पहुंचते हैं। लाखों-करोड़ों लोग टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी देखते हैं। दोनों देश की टीमों राजनैतिक संबंधों के चलते एक-दूसरे के घर में द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेल रहे हैं। फिलहाल 2023 से 2027 तक इन दोनों पड़ोसियों के शेड्यूल में ऐसी किसी सीरीज का उल्लेख नहीं है।

## NEWS इन ब्रीफ

### कतर एयरवेज की फ्लाइट मुंबई डायवर्ट

**नयी दिल्ली।** दोहा से इंडोनेशिया के जकार्ता जाने वाली कतर एयरवेज की एक फ्लाइट को बुधवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। फ्लाइट क्यूआर954 इंडोनेशिया जा रही थी तभी तकनीकी खराबी के कारण उसे मुंबई में लैंड करना पड़ा। यात्रियों को लेने के लिए दोहा से रवाना होने के लिए एक विमान तैयार किया जा रहा है।

### टैक्सपेयर्स के लिए 5 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री!

**नयी दिल्ली।** इस साल का बजट 2023-24 टैक्सपेयर्स के लिए राहत भरा हो सकता है। खबर है कि सरकार सैलरीड क्लास वालों के लिए जो इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते हैं उन्हें कुछ राहत दे सकती है। दरअसल, सूत्रों के हवाले से पता चला कि सरकार 2023-24 के आगामी बजट में आयकर छूट की सीमा मौजूदा 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर सकती है। बता दें कि अगर यह फैसला लिया जाता है तो टैक्सपेयर्स को अधिक डिस्पोजेबल आय हो सकती है।

### सोना हुआ महंगा चांदी के भी भाव गिरे

**नयी दिल्ली।** सर्राफा बाजार में बंद भाव से 78 रुपये महंगा होकर 54649 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 188 रुपये सस्ती होकर 67660 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1605 रुपये ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 8348 रुपये ही सस्ती है। आज सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोने का जीएसटी समेत औसत हाजिर भाव 56288 रुपये है।

### नए साल में पूरे देश में होगा जियो का 5जी नेटवर्क

**नयी दिल्ली।** आप नए साल में पूरे देश में 5जी सेवाओं का आनंद ले सकेंगे. मुकेश अंबानी ने घोषणा करते हुए कहा कि 2023 में जियो 5जी की सुविधा देश के हर शहर और गांव में मिलने लगेगी। देश के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी को रिलायंस की कमान संभालते हुए 20 साल पूरे हो गए हैं। मुकेश अंबानी का कहना है कि 2002 में दिग्गज उद्योगपति और पिता धीरूभाई अंबानी के आकस्मिक निधन के बाद मुकेश अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बागडोर संभाली थी।

### आने वाले सालों में बढ़ेगा भारत का निर्यात

**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता आज से लागू हो गया है। इस बीच केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को उम्मीद जताई है कि 2023 में कम से कम दो और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर होंगे। गोयल ने एक कार्यक्रम में कहा कि ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और कनाडा के साथ बातचीत होनी है।

# 2047 तक मजबूत होगा भारत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि अगले 25 साल भारत के 5,000 साल पुराने इतिहास में परिवर्तनकारी होने जा रहे हैं। रिलायंस परिवार दिवस समारोह 2022 में बोलते हुए मुकेश अंबानी ने कहा है कि हम अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक स्थायी और स्थिर तरीके से 40 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। मुकेश अंबानी ने कहा है कि हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जब दुनिया 21वीं सदी को 'भारत की सदी' के रूप में देखने लगी है। यह ऐसा समय है, जब भारत तीन गुना आर्थिक विकास हासिल करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य यथार्थवादी और हासिल करने योग्य है, क्योंकि भारत को युवाओं के साथ, परिपक्व लोकतंत्र और प्रौद्योगिकी की नई शक्ति प्राप्त है। मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत ने बिखराव और व्यापक गरीबी का युग देखा है। भारत समावेशी विकास की तरफ बढ़ रहा है। यहां समृद्धि है, अवसरों की भरमार है। वह दिन दूर नहीं, जब 1.4 अरब भारतीयों का जीवन बदलने वाला है। भारतीय बेहतर जीवन या क्वालिटी लाइफ के नए युग में प्रवेश करेंगे। रिलायंस परिवार दिवस समारोह 2022 में मुकेश अंबानी ने यह भी कहा कि जल्द ही दुनिया शाइनिंग इंडिया का परचम लहराता हुआ देखेगी। मुकेश अंबानी ने कहा है कि रिलायंस 'बरगद के पेड़ की तरह' बड़ा होता रहेगा। इसकी शाखाएं व्यापक रूप से फैलेंगी, इसकी जड़ें और गहरी होती जाएंगी। यह कंपनी भारतीयों के जीवन को समृद्ध बनाने में मदद करेगी, उन्हें सशक्त बनाएगी और उनकी देखभाल करेगी। मुकेश अंबानी ने इस मौके पर हम अपने संस्थापक धीरू भाई को याद करते हुए कहा कि 45 साल पहले उन्होंने यह वट वृक्ष लगाया था। हिंदू परंपरा के अनुसार यह एक महान वृक्ष है... यह पवित्र है। उन्होंने कहा कि जब भी मैं रिलायंस और उस मिशन के बारे में सोचता हूं, जिसके लिए मेरे पिता ने इसकी स्थापना की थी तो मैं गर्व से भर उठता हूं। मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस का मिशन विश्व स्तरीय व्यवसायों के माध्यम से भारत को समृद्ध बनाना और सभी भारतीयों के जीवन में खुशियां लाना है।

## एयर इंडिया पायलट यूनियन ने श्रम विभाग से किया संपर्क

**मुंबई।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी एयर इंडिया के पायलटों के एक समूह ने प्रबंधन के साथ विभिन्न मुद्दों को सुलझाने के लिए श्रम विभाग से संपर्क किया है। पायलट यूनियन ने अपने सदस्यों की सेवा शर्तों में संभावित परिवर्तनों पर चिंता सहित विभिन्न मुद्दों पर एयरलाइन के प्रबंधन के साथ समझौता कार्यवाही शुरू करने की इच्छा जताई है। इंडियन कमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन (आईसीपीए) ने इस संबंध में इस सप्ताह की शुरूआत में नयी दिल्ली में मुख्य श्रम आयुक्त (सीएलसी) के साथ ही उप सीएलसी और सहायक श्रम आयुक्त को पत्र लिखा। आईसीपीए का दावा है कि वह एयर इंडिया के 900 पायलटों का प्रतिनिधित्व करता है। पायलट यूनियन का कहना है कि एयरलाइन द्वारा एक निश्चित अवधि के अनुबंध पर कप्तानों को नियुक्त करने की योजना से मौजूदा पायलटों के लिए विषम स्थिति पैदा हो सकती है।

आईटी नियम में बदलाव से लेकर ट्विटर के अधिग्रहण तक

## उतार-चढ़ाव के साथ 2022 में लगातार चर्चा में रहा सोशल मीडिया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुके सोशल मीडिया ने 2022 में कई उतार-चढ़ाव देखे। इस दौरान अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण किया और वादा किया कि वे इस मंच को अधिक जवाबदेह बनाएंगे। उन्होंने डेटा सुरक्षा के लिए नए मानदंडों पर काम शुरू किया और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। मेटा ने कहा कि वह अपने वैश्विक कार्यबल के 13 प्रतिशत या 11,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करेगी। कंपनी ने कहा कि बढ़ती लागत और विज्ञापन आय पर दबाव के चलते ऐसा किया जा रहा है। मस्क ने सशुल्क सत्यापन, ट्विटर पर आजीवन प्रतिबंध खत्म करने और ट्विटर पोल के जरिये सुर्खियां बटोरीं। इस बीच, बीरियल जैसे नए ऐप्स ने इंस्टाग्राम क्लिक के अवास्तविक मानकों से ऊब चुके लोगों को रिझाया। फीनिक्स लीगल के भागीदार प्रणव श्रीवास्तव ने कहा, 2022 में दुनिया सामान्य स्थिति में आ गई, लेकिन उपयोगकर्ताओं के लिए सोशल मीडिया मनोरंजन का प्रमुख स्रोत बना रहा। टम्बलर ने टिप जार फीचर पेश किया और यूट्यूब ने क्रिएटर्स की सामग्री के लिए पैसे कमाने के नए तरीकों की घोषणा की। हर साल की तरह इस साल भी सोशल मीडिया पर सेल्फी छाई रही। नियामकीय पक्ष पर बात करें तो सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों के लिए आईटी नियमों में संशोधन किया। बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ एक साल के तीखे टकराव के बाद सरकार ने 2022 में डिजिटल और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए नियमों को कड़ा किया।

# एयू बैंक और एचडीएफसी लाइफ ने की बैंक इंश्योरेंस टाईअप की घोषणा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




भारत के प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और भारत के प्रमुख जीवन बीमाकताओं में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने विगत 16 दिसंबर, 2022 को बैंक इंश्योरेंस बिजनेस मॉडल के माध्यम से एचडीएफसी लाइफ की बीमा योजनाओं की माँग के लिए एक कॉर्पोरेट एजेंसी सुविधा की शुरूआत की। इस पार्टनरशिप के माध्यम से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के विविध ग्राहक, एचडीएफसी लाइफ द्वारा पेश किए जाने वाले लाइफ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स की पूरी श्रृंखला से लाभान्वित हो सकेंगे, जो वित्तीय सुरक्षा की उनकी जरुरत को पूरा करेगी। इस सुविधा का उद्देश्य ग्राहकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म और एचडीएफसी लाइफ के टच पॉइंट तक पहुँच प्रदान करते हुए बैंक की जीवन बीमा पेशकश को और भी अधिक समृद्ध बनाना है। 27 वर्षों की अपनी विरासत के साथ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) को ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी बाजारों में बारीकी से ग्राहकों की समझ है और इन क्षेत्रों की जरूरतों को देखते हुए ही बैंक द्वारा प्रोडक्ट्स और सर्विसेस निर्मित की गई हैं। एयू एसएफबी अपने डिजिटल दृष्टिकोण और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स और सर्विसेस की सहायता से, अपने ग्राहक आधार का तेजी से विस्तार कर रहा है। 20 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 1,000 टच पॉइंट्स के डिस्ट्रीब्यूशन फुटप्रिंट को बढ़ाते हुए, बैंक हर वर्ष दस लाख ग्राहक जोड़ रहा है। एचडीएफसी लाइफ का प्रोडक्ट पोर्टफोलियो व्यापक है, जिसे न सिर्फ ग्राहकों की जीवन-स्तर की जरूरतों को पूरा करने, बल्कि उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह सुरक्षा, बचत और निवेश, सेवानिवृत्ति, गंभीर बीमारियों से सुरक्षा आदि को शामिल करता है।

## जिंसों के भाव स्थिर

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में आई तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 12 रिंगिट की मामूली बढ़त लेकर 4081 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह इस दौरान अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा 64.97 सेंट प्रति पौंड पर सपाट रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे। अनाज मंडी में भी टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़े रहे।

# कोचर दंपति और वेणुगोपाल धूत 10 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



विशेष अदालत ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत को ऋण धोखाधड़ी मामले में बृहस्पतिवार को 10 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कोचर को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले शुक्रवार को गिरफ्तार किया था जबकि धूत को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। तीनों की पूर्व की हिरासत अवधि बृहस्पतिवार को समाप्त हो रही थी। उन्हें विशेष न्यायाधीश एस एच ग्वालानी के समक्ष पेश किया गया। सीबीआई ने तीनों की हिरासत आगे बढ़ाने की मांग नहीं की। सीबीआई का प्रतिनिधित्व विशेष सरकारी वकील ए लिमोसिन ने किया। इसके बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को 10 जनवरी, 2023 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने कोचर दंपति और धूत के अलावा दीपक कोचर द्वारा संचालित नूपॉवर रिन्यूएबल्स (एनआरएल), सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड तथा वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को भारतीय दंड संहिता की धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2019 के तहत दर्ज प्राथमिकी में आरोपी बनाया है। एजेंसी का आरोप है कि आईसीआईसीआई बैंक ने वेणुगोपाल धूत द्वारा प्रवर्तित वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, आरबीआई के दिशानिर्देशों और बैंक की ऋण नीति का उल्लंघन करते हुए 3,250 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया था।

# कोयला, अन्य प्रतिबंधित ईंधन का उपयोग करने वाले उद्योग एक जनवरी से होंगे बंद

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग ने कहा कि दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में कोयला और अन्य प्रतिबंधित ईंधन का उपयोग करने वाले उद्योगों को एक जनवरी से बंद किया जाएगा और उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। हालांकि, बिजलीघरों में कम सल्फर वाले कोयले के उपयोग की अनुमति होगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के एक अधिकारी ने कहा, प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरणो को निर्देश दिया गया है कि वे कोयला समेत बिना मंजूरी वाले ईंधन का उपयोग करने वाले उद्योगों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को बिना कोई कारण बताओ नोटिस दिये बंद करें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशानिर्देश के तहत उनसे अधिकतम जुमार्ना लिया जाएगा। अधिकारी ने साफ किया कि निजी उपयोग वाले बिजलीघरों को कम सल्फर वाले कोयले के उपयोग की अनुमति होगी। इसका उपयोग बिजली उत्पादन में किया जा सकता है। लकड़ी और जैव ईंधन का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों और दाह संस्कार के लिये किया जा सकता है। लकड़ी या बांस के चारकोल का उपयोग होटल, रेस्तरां, बैंक्वेट हॉल (उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली के साथ) और खुले भोजनालयों या ढाबों में किया जा सकता है। कपड़ा प्रेस करने के लिए लकड़ी के चारकोल के उपयोग की अनुमति है। आयोग ने इस साल जून में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में एक जनवरी, 2023 से उद्योग, घरेलू और अन्य विविध कार्यों में कोयले के उपयोग पर पाबंदी लगाने का निर्देश दिया था। एक अनुमान के अनुसार, दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों (एनसीआर) में विभिन्न औद्योगिक कार्यों में सालाना लगभग 17 लाख टन कोयले का उपयोग होता है।

## दिल्ली से आगे निकला गोवा बिहार-यूपी बहुत पीछे

**नयी दिल्ली।** देश के दिग्गज उद्योगपति आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर खासे एक्टिव रहते हैं। ट्विटर पर उनके मोटिवेशनल पोस्ट यूजर्स को खूब पसंद आते हैं। इस बार उन्होंने एक मैप शेयर किया है, जिसमें आंकड़ों के साथ बताया गया है किस राज्य में कितने परिवारों के पास अपनी कार है? खास बात है कि इस सर्वे के मुताबिक, देश की राजधानी दिल्ली इस मामले में गोवां, सिक्किम, केरल और पंजाब से पीछे है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक सर्वे के आंकड़े मैप के साथ पोस्ट किए हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019 से 2021 के बीच कराया गया था। इसके मुताबिक, पूरे देश में महज 7.5 फीसदी परिवारों के पास खुद की कार है। अलग-अलग राज्यों के हिसाब से देखें तो इस मामले में सबसे आगे गोवा और सबसे पीछे बिहार का नाम आता है। जहां गोवा में 45.2 फीसदी परिवारों के पास कार है, वहीं बिहार में केवल 2 फीसदी फैमिली के पास कार है।

# बासमती चावल का निर्यात 7.37 से बढ़कर 12.7 लाख टन हुआ

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

निर्यात की खेप पर रोक के बावजूद भारत के सुगंधित बासमती और गैर-बासमती चावल का निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह (अप्रैल-अक्टूबर) में 7.37 प्रतिशत बढ़कर 126.97 लाख टन हो गया। उद्योग जगत के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह निर्यात 118.25 लाख टन रहा था। ऑल इंडिया एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विजय सेतिया ने कहा, चावल की कुछ किस्मों के निर्यात पर अंकुश के बावजूद कुल निर्यात का स्तर अबतक मजबूत बना हुआ है।" कुल निर्यात में बासमती चावल का निर्यात 2022-23 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान बढ़कर 24.97 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 21.59 लाख टन था।

## पेज एक के शेष

### सौगातों की बारिश...

सका। हमारी सरकार अब विकास को नई दिशा देने के काम में जुट गई है। इसके लिये वातावरण तैयार किया जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि यहां के संसाधनों का अगर सदुपयोग सही तरीके से हुआ तो झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा होगा।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक बसंत सोरेन, दीपिका पांडे सिंह, राजेश कच्छप, प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी नीरज सिन्हा, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव और विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री, उपायुक्त और लाभुक ऑनलाइन जुड़े थे।

### मुठभेड़ में पांच...

सुबह सर्च अभियान के दौरान उग्रवादियों से मुठभेड़ हुई है। जिसमें दो उग्रवादी पकड़े गये हैं। दोनों सब जोनल कमांडर हैं। दोनों पर झारखंड सरकार के द्वारा पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया है। एक गंभीर रूप से घायल उग्रवादी को सदर अस्पताल लोहरदगा लाया गया है। दूसरे उग्रवादी से पूछताछ चल रही है। जिस क्षेत्र में मुठभेड़ की घटना हुई है, वहां कई आईडी होने की सूचना है। कई सामग्री बरामद होने की संभावना है। वहां सर्च आपरेशन जारी है। ऑपरेशन में झारखंड जगुआर की टीम भी शामिल है।

गुरुवार को सुबह लगभग 6:15 बजे धुंध और कोहरे का लाभ उठाकर नक्सली भाग रहे थे। उसी दौरान पुलिस टीम ने फोग लाइट से नक्सलियों को देखा। पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के जवाबी कार्रवाई में पांच लाख रुपये का इनामी भाकपा माओवादी सब जोनल कमांडर 32 वर्षीय चंद्रभान पाहन उर्फ सीबी को ढेर कर दिया। वह सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा गांव का रहनेवाला वाला था। दोनों ओर से लगभग 700 चक्र से अधिक गोलियां चलीं। मृत सीबी के पास से पुलिस को पिस्तौल और कारतूस मिला है। डीआईजी ने बताया कि एसपी आर रामकुमार की अगुवाई में सर्च ऑपरेशन चल रहा था। झारखंड जगुआर के जवान समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में सर्च अभियान चला रहे हैं।

नक्सलियों के खिलाफ चले अभियान में स्थानीय पुलिस के अलावा एएसपी अभियान दीपक पांडेय, सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान, झारखंड जगुआर, आईआरबी, जिला बल के जवान और अधिकारी शामिल थे। घायल सब जोनल कमांडर का इलाज लोहरदगा के सदर अस्पताल में कराने के बाद पुलिस उसे गुप्त ठिकाने पर ले जाकर पूछताछ कर रही है। गोविंद लोहरदगा पेशरार थाना क्षेत्र के पुतरार गांव का रहनेवाला है। एक नक्सली के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना शहर में पहुंचने के बाद सदर अस्पताल को पुलिस छावनी में बदल दिया गया। यहां मीडिया को भी जाने की इजाजत नहीं मिली। करीब डेढ़ घंटे तक मरीजों के परिजनों को भी रोका गया। लोहरदगा पुलिस को डबल बुल ऑपरेशन के दौरान फरवरी महीने में भी बड़ी सफलता मिली थी। करीब दो दर्जन राइफल और पांच हजार से अधिक जीवित कारतूस बरामद किया था। मुठभेड़ में रविंद्र गंझू के दस्ते के दो कमांडर मारे गये थे।

### प्रतिभाओं को निरंतर...

ने कहा कि तीरंदाज, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन इत्यादि में हमारे नौजवान तथा छात्र-छात्राएं निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इनके प्रयासों को पंख देने का काम किया है। राज्य सरकार द्वारा खेल की दिशा में कई कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं संचालित की जा रही हैं। हमारी सरकार कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की कार्य योजना तैयार कर रही है।

प्रतियोगिता में 80 हजार से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस बार आयोजित राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता में राज्यभर से 80 हजार से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। खेल के क्षेत्र में यह बड़ी बात है। हमारी सरकार गांव-गांव तक जाकर खिलाड़ियों के बीच पहुंचने का प्रयास कर रही है। सभी पंचायतों में खेल मैदान बनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, विधायक दीपिका पांडे सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा सहित अन्य गणमान्य लोग एवं विभिन्न राज्यों से पहुंचे खिलाड़ी, प्रशिक्षक, टीम मैनेजमेंट के लोग सहित दर्शक उपस्थित थे।

**बेहतर योगदान** | **दूसरी कंपनियों से सबसे आगे क्यों हैं अडानी की कंपनियां**

# कुशल कर्मचारियों का सबसे बड़ा हाथ होता है

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारतीय शेयर बाजार में अडानी ग्रुप की कुल सात कंपनियां लिस्टेड है। गौतम अडानी की पहली कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने साल 1994 में शेयर बाजार में दस्तक दी थी। उन्होंने अपनी सातवीं कंपनी अडानी विल्मर को इसी साल शेयर बाजार में लिस्ट कराया है। दरअसल, अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने अपने बिजनेस प्लान और अगले साल यानी 2023 की रणनीति को लेकर जानकारी दी। उनसे जब पूछा गया कि साल 2022 तमाम कंपनियों के लिए बेहतर साबित नहीं रहा। लेकिन अडानी ग्रुप की कंपनियों में तेजी बरकरार रही। अडानी की कंपनियों को बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है वह कंपनी और कर्मचारियों पर खास व्यवहारिक ध्यान रखते हैं और उसे हर तरह की जानकारियों देते रहते हैं। गौतम अडानी की मानें तो किसी भी कंपनी को सफल कराने के लिए कोई सीक्रेट फॉर्मूला नहीं है। लेकिन वो अपनी किसी भी कंपनी को हड़बड़ी में लिस्ट कराने के पक्ष में नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि अडानी विल्मर को शेयर बाजार तक पहुंचने में 22 साल से ज्यादा का वक्त लग गया। अडानी विल्मर लिमिटेड की स्थापना 1999 में हुई थी। यह अडानी ग्रुप और सिंगापुर की कंपनी विल्मर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी खाने के तेल समेत बासमती चावल, आटा, मैदा, सूजी, रवा, दालें और बेसन जैसे आइटम भी बनाती और बेचती है। जबकि आज के दौर में कुछ कंपनियां कारोबार शुरू करते ही बाजार से पैसे उठाने के लिए आईपीओ लेकर आ जाती हैं। अडानी ग्रुप के प्रमुख का कहना है कि उनकी कंपनियों की सफलता के पीछे एक खास बिजनेस मॉडल है। जिसमें खासकर तीन चीजों का ध्यान रखा जाता है। पहला- अडानी ग्रुप हमेशा अपने बिजनेस मॉडल के तहत किसी कंपनी को शुरू करता है। यानी कंपनी के भविष्य का रोडमैप तैयार रहता है। दूसरा- कंपनी शुरू करने के बाद उसे धीरे-धीरे मुनाफे के लायक बनाई जाती है। जब कंपनी की बैलेंसशीट मजबूत हो जाती है। या फिर साल दर साल ग्रो करने लगती है। तब तीसरा कदम उठाया जाता है, तब उसे शेयर बाजार में लिस्ट कराने की तैयारी होती है। सीधे किसी कंपनी को बनाते ही शेयर बाजार में लिस्ट कराने की उनकी रणनीति नहीं रही है। इसके अलावा वो ऐसे बिजनेस में हाथ डालते हैं जिसमें ग्रोथ की संभावना है। इसके लिए उन्होंने सीमेंट सेक्टर का उदाहरण दिया। उन्होंने सबसे पहले एसीसी सीमेंट फिर अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण किया।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए **50%** की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







**CHAMBER**
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


**NEWS इन ब्रीफ**

## हीराबा के स्वास्थ्य में हो रहा है सुधार

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबा का इलाज कर रहे अहमदाबाद के अस्पताल ने गुरुवार अपराह्न कहा कि उनका स्वास्थ्य सुधर रहा है। यूए मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर ने ताजा स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा कि हीराबा मोदी का स्वास्थ्य सुधर रहा है। श्री मोदी की मां को बुधवार सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह 100 वर्ष की हैं। प्रधानमंत्री बुधवार अपराह्न तीन बजे मां का हाल-चाल लेने अस्पताल गये थे।

## अमेरिका में कोविड के 10 करोड़ मामले

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका 10 करोड़ से अधिक कोविड-19 के मामलों वाला विश्व का पहला देश बन गया है। महामारी शुरू होने के बाद से इसकी चपेट में आने से अबतक करीब 10 लाख 80 हजार लोग जान गंवा चुके हैं। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में आधिकारिक तौर पर कोविड-19 के 10 करोड़ से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

## नए ओमिक्रॉन सब वैरिएंट्स का पता चला

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे के जन स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि विशेषज्ञों ने देश में कोविड-19 के बढ़ते नए मामलों के बीच दो और नए ओमिक्रॉन सबवैरिएंट की मौजूदगी का पता लगाया है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला विभाग के महामारी विज्ञान विभाग ने हाल ही में दो नए ओमिक्रॉन सब-वेरिएंट का पता लगाया है। कोरोना संक्रमण के मामले अभी भी विश्व भर में सक्रिय हैं और समय के साथ वायरस बदलते हैं। अब और नए वायरस पनप रहे हैं।

## पाकिस्तान में हिंदू महिला का ब्रेस्ट और सिर काटा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 40 साल की हिंदू महिला का ब्रेस्ट और सिर काट कर जघन्य तरीके से हत्या कर दी गयी। इंडिया टुडे के मुताबिक, मर्डर से पहले दया का ब्रेस्ट काटा गया, सिर धड़ से अलग किया गया। इसके बाद सिर का मांस को निकाल दिया गया। यह घटना सिंध प्रांत के सिंझोरो शहर की है। महिला का नाम दया भील है और वह विधवा थी। उसके चार बच्चे हैं। हत्या की जानकारी, हिंदू समुदाय से पाकिस्तान की पहली महिला सांसद कृष्णा कुमारी ने सोशल मीडिया पर दी।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर 1.7 करोड़ रुपये की याबा टैबलेट जब्त

**गुवाहाटी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने दक्षिणी असम के कछार जिले में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर याबा की बड़ी खेप 17 हजार टैबलेट जब्त की है, जिसकी कीमत 1.7 करोड़ रुपये है। इस मादक पदार्थ को एनएच-06 पर कटिगोराह-कलैन रोड पर मेघालय जा रहे एक वाहन से जब्त किया गया। अधिकारियों के अनुसार, सिलचर में बीएसएफ फील्ड खुफिया इकाई, करीमगंज सीमा शुल्क प्रभाग और बीएसएफ की पहली बटालियन की अभियान टीम ने संयुक्त रूप से इस अभियान की योजना बनाई थी।

# रूस ने यूक्रेन पर की मिसाइलों की बारिश

### जल और नभ से यूक्रेन की राजधानी कीव समेत सात शहरों पर हमला

**एजेंसियां। कीव/मॉस्को**

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर जोरदार हमला बोला है। रूस के हमले से यूक्रेन के सात शहर धुंआ-धुंआ हो गया। रूस ने गुरुवार को यूक्रेन पर समुद्र और आसमान से 120 मिसाइलें दागीं। राजधानी कीव समेत सात शहरों पर ये हमले किए गए। इनमें 14 साल की बच्ची समेत तीन लोगों के घायल होने की खबर है। इसके पहले 15 नवम्बर को भी रूस ने यूक्रेन पर 100 मिसाइलें दागी थीं। इनमें से दो पोलैंड में गिरीं थीं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की के सलाहकार माईखाइलो पोडोलियाक ने कहा : हमला रिहायशी इलाकों पर किया गया। कई इमारतें तबाह हो गई हैं। कीव के अलावा ल्वीव, खार्किव, माइकोलिव, ओडेसा, पोल्टावा और जिटोमिर में भी धमाकों की आवाजें सुनी गईं।

**रूस की नई चाल :** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक- हमलों के लिए रूस ने एक नई चाल चली है। वो पहले सेल्फ एक्सप्लोड होने वाले ईरानी ड्रोन्स भेज रहा है, ताकि यूक्रेन का एयर डिफेंस सिस्टम इन्हें गिराकर बेफिक्र हो जाए। इसके बाद क्रूज मिसाइलें दागी जा रही हैं। बुधवार को ही अमेरिका ने ईरान को साफ शब्दों में मैसेज दिया था कि वो रूस को ड्रोन सप्लाई बंद करे। ऐसा नहीं हुआ तो ईरान को और भी कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। यूक्रेन के मुताबिक, रूस ने अब तक 13 ईरानी ड्रोन इस्तेमाल किए हैं। इनका इस्तेमाल एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह करने में किया जा रहा है।



### यूक्रेन में रेड अलर्ट जारी, बंकरों में रहने की अपील

**यूक्रेन** की एयरफोर्स ने कहा- रूस ने क्रूज मिसाइलें दागी गई हैं। हमले में कामाकाजी ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया है। गुरुवार सुबह यूक्रेन के कई शहरों में एयर रेड अलर्ट भी सुनाई दिया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने नागरिकों के नाम जारी अपील में कहा- जब तक हवाई हमले बंद नहीं होते, तब तक बंकरों में ही रहें। कीव के मेयर ने कहा- रूस की 16 मिसाइलों को हमने अपने एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से हवा में ही तबाह कर दिया। इसके अलावा मोडेसा क्षेत्र में भी 21 रूसी मिसाइलें मार गिराई गईं। इस महीने की शुरूआत में रूस ने 70 मिसाइलें दागीं थीं, हमने 60 मार गिराईं। रूस के नए हमलों के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने कहा- पावर स्टेशन पर हमला भी युद्ध अपराध ही माना जाएगा।

# माननीयों ने दी गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट किया : गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। खालसा पंथ के संस्थापक, सरबंस दान गुरु गोबिंद सिंह जी ने हमेशा समानता और न्याय के लिए लड़ाई लड़ी। मानवता की सेवा के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता हमें निरंतर प्रेरित करती रहती है।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया :** उनके प्रकाश पर्व के पवित्र अवसर पर, मैं श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को नमन करता हूं और मानवता की सेवा में उनके योगदान को याद करता हूं। उनका अद्वितीय साहस आनेवाले वर्षों में लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

**गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया :** सिखों के दसवें गुरु व खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं। धर्म व मानवता की रक्षा हेतु जिस बहादुरी से उन्होंने आक्रांताओं से लोहा लिया, वह प्रेरणादायक है। उनका त्याग, बलिदान व शिक्षाएं सदैव हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी।

## आन्ध्र में भगदड़ पर मामला दर्ज

**नेल्लोर।** आन्ध्र प्रदेश पुलिस ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू के रोड शो के दौरान कंदुकुर शहर में हुई भगदड़ के संबंध में सीआरपीसी की धारा 174 की तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बुधवार देर रात की घटना में आठ लोगों की मौत हो गयी और अन्य लोग घायल हो गए। गुंटूर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) त्रिविक्रम वर्मा और अन्य पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# राहुल गांधी ने 113 बार तोड़े सुरक्षा नियम

### सीआरपीएफ ने दिया जवाब, गृहमंत्री को कांग्रेस ने लिखी थी चिट्ठी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक के मामले को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) का जवाब सामने आया है। सीआरपीएफ ने कहा है कि राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर पूरे इंतजाम किए गए थे। हालांकि, कई मौकों पर खुद राहुल गांधी की ओर से ही सुरक्षा निर्देशों का उल्लंघन किया गया है। सीआरपीएफ ने कहा है कि साल 2020 से राहुल गांधी ने खुद ही 113 बार सुरक्षा निर्देशों का उल्लंघन किया है। इसके बारे में उन्हें समय-समय पर जानकारी भी दी गई है। कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर 'भारत जोड़ो यात्रा' की सुरक्षा में चूक का मुद्दा उठाया था। कांग्रेस का कहना है कि राहुल की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं। सीआरपीएफ ने अपने जवाब में कहा है कि राहुल गांधी की सुरक्षा के सभी उपाय जारी दिशा-निर्देशों के हिसाब से ही किए गए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने कहा कि सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम तभी सही से काम करते हैं, जब सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति भी दिशा-निर्देशों का पालन करे।



# केरल में एनआईए ने 56 स्थानों पर मारे छापे




**एजेंसी। तिरुवंतपुरम**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल में गुरुवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ एक और बड़े राज्यव्यापी अभियान के तहत 56 जगहों पर एक साथ छापे मारे। सूत्रों ने यहां बताया कि एर्नाकुलम, पठानमथिट्टा, कोल्लम, अलप्पुझा, मलप्पुरम और तिरुवनंतपुरम सहित विभिन्न जिलों में तड़के तीन बजे छापेमारी शुरू हुई। एर्नाकुलम में 12 स्थानों, अलप्पुझा में चार और कोल्लम, पठानमथिट्टा, मलप्पुरम और तिरुवनंतपुरम में विभिन्न स्थानों सहित पीएफआई नेताओं के घरों और संगठन के गढ़ों पर एक साथ छापे मारे जा रहे हैं। खाड़ी देशों से पैसा इकट्ठा करने के लिए पीएफआई द्वारा संचालित 100 बैंक खातों से प्राप्त विवरणों के आधार पर फंड प्रदाताओं और उनके लेन-देन के साक्ष्य एकत्र करने के लिए यह छापेमारी की जा रही है। गौरतलब है कि सितम्बर में पीएफआई के राज्य नेताओं की गिरफ्तारी के बाद भी पीएफआई ने कई गुप्त बैठकें की थीं, इस सूचना के बाद मुख्य रूप से संगठन के दूसरे स्तर के नेताओं के घरों पर छापेमारी की जा रही है।



## अनंत अंबानी ने बचपन की दोस्त राधिका से की सगाई

**जयपुर। उद्योगपति** मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी ने अपने बचपन के दोस्त राधिका से सगाई कर ली। राधिका एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी है। राजस्थान के श्रीनाथ जी में दोनों परिवारों और नजदीकी रिश्तेदारों की मौजूदगी में रोका की रस्में निभायी गयीं। रिलायंस ग्रुप ने प्रेस रिलीज जारी करके इसकी जानकारी दी है। राधिका और अनंत बचपन से एक-दूसरे को जानते हैं। राधिका और अनंत की 2018 में साथ में फोटो वायरल हुई थी। फोटो में दोनों मैचिंग ग्रीन आउटफिट में नजर आए थे। राधिका के पिता वीरेन मर्चेंट मुख्य रूप से गुजरात के कच्छ के रहनेवाले हैं। वे एडीएफ फूड्स लिमिटेड के नॉन एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर होने के साथ-साथ 'एन्कोर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी के सीईओ और वाइस चेयरमैन भी हैं।

# नीति बदलने के बाद से पाक में आतंकी हमलों में वृद्धि : चौधरी

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता फवाद चौधरी ने गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान को लेकर मौजूदा सरकार की परिवर्तित नीति के कारण देश में आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है। डॉन समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, चौधरी ने बुधवार को इस्लामाबाद में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अफगानिस्तान की स्थिति को नहीं समझते हैं। अगर काबुल में स्थिति बिगड़ती है तो इसका इस्लामाबाद पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अफगानिस्तान में एकमात्र सम्मानित पाकिस्तानी नेता हैं, क्योंकि उनके हाथ अफगानियों के खून से रंगे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बम और मिसाइल से कोई समाधान नहीं हो सकता है।




# आलिया भट्ट ने 2022 का यादगार पल किया शेयर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने अपनी साल 2022 की सभी यादगार पहलों की अनदेखी झलक को दिखाया है। इस वीडियो को उन्होंने अलग-अलग तस्वीरों को मर्ज कर बनाया है। वीडियो में उनकी शादी से लेकर त्योहार सेलिब्रेशन और प्रेगनेंसी के दौरान की तस्वीरें भी हैं। आलिया ने इस वीडियो रील को सोशल मीडिया पर शेयर कर लिखा : वो तस्वीरें, जो कभी आप तक नहीं पहुंचीं। आलिया भट्ट जल्द ही करण जौहर के निर्देशन में बन रही फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाली हैं।



**स्मृति शेष** **40 लाख से अधिक भारतीय सैनिकों के योगदान को मिलेगा सम्मान**

# स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में बनेगा मेमोरियल

**एजेंसी। ग्लासगो**

स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में पहले और दूसरे विश्व युद्ध में लड़नेवाले भारतीय सैनिकों के लिए मेमोरियल बनेगा। इसमें दोनों विश्व युद्धों में ब्रिटेन की तरफ से लड़े 40 लाख से ज्यादा भारतीय सैनिकों के योगदान को दर्शाया जायेगा। ग्लासगो की लोकल काउंसिल ने मेमोरियल बनाने के प्लान को मंजूरी दे दी है। ग्लासो सिटी काउंसिल अब मेमोरियल का डिजाइन फाइनल करने की तैयारियां कर रहा है। यह वॉर मेमोरियल केलविनग्रोव नाम की एक आर्ट गैलरी और म्युजियम के पास बनेगा। मेमोरियल को बनाने वाली संस्था कलरफुल हेरिटेज ने कहा है कि हम चाहते हैं कि इस मेमोरियल के जरिए भारत की विविधता को भी दर्शाया जा सके। इसलिए इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई धर्मों के सभी सैनिकों के योगदान की जानकारी दी जाएगी। मेमोरियल में उन सिख और मुस्लिम सैनिकों का योगदान खासतौर पर दिखाया जाएगा जो दूसरे विश्वयुद्ध में कई के6 फोर्स के हिस्सा थे। ये डंकिर्क की खतरनाक लड़ाई से वापस स्कॉटलैंड आए थे। दरअसल, दूसरे विश्वयुद्ध में डंकिर्क में फंसे लाखों सैनिकों में भारतीय सैनिक भी शामिल थे।



**डंकिर्क में लड़ाई के लिए खास बनाई गई थी के6 फोर्स :** 1939 फ्रांस पहुंचने पर ब्रिटिश सेना को अहसास हुआ कि उसे डंकिर्क जैसी जगह पर ट्रांसपोर्टेशन के लिए जानवरों की जरूरत पड़ेगी। इसके चलते भारत से सैनिकों की चार कंपनियां भेजी गईं जिनके साथ 2500 खच्चर थे। दिसंबर 1939 में रॉयल इंडियन आर्मी कॉर्प्स के ये सैनिक मुंबई से फ्रांस पहुंचे। इन्हें फोर्स के6 नाम दिया गया था।